3 राजधानी
प्याज को लेकर फिर गरमाई राजनीति

8 अभिमत
जनता के प्रति कांग्रेस की जवाबदेही

13 विदेश
कश्मीर मुद्दे पर दीवाली के दिन लंदन में भारत विरोधी मार्च की योजना

14 स्पोर्ट्स
रोहित शर्मा ने टेस्ट में जमाया दोहरा शतक

RNI NO. DELHI/2012/48369
वर्ष 7 अंक 341
नई दिल्ली, सोमवार, 21 अक्टूबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



अभिनय में आना महज संयोग था: इलियाना डिक्रूज
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

## पाकिस्तान की अकारण गोलीबारी का भारतीय सेना द्वारा मुंहतोड़ जवाब

# पीओके में 20 आतंकी, 10 पाक सैनिक ढेर

- सीमा पार से गोलीबारी में दो भारतीय सैनिक हुए थे शहीद, जिसके उत्तर में भारत की सेना का हमला
- घुसपैठ की फिराक में आतंकियों पर कहर बनकर टूटे सेना की तोपों के गोले



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पाकिस्तान** की ओर से अकारण की गई गोलीबारी के जवाब में भारतीय सेना ने रविवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नीलम घाटी स्थित कम से कम चार आतंकी शिविरों और पाक सेना के कई ठिकानों पर भीषण हमला किया, जिसमें करीब छह से 10 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हुई और खबर है कि बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए। एक उच्च पदस्थ सूत्र ने कहा कि भारत की कार्रवाई में कम से कम 20 आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा यह आंकड़ा बढ़ सकता है। जवाबी कार्रवाई ऐसे समय की गई जब शनिवार शाम पाकिस्तान की गोलीबारी में भारतीय सेना के दो जवान शहीद हो गए और एक आम नागरिक मारा गया। भारतीय सेना की इस कार्रवाई को फरवरी में बालाकोट हमले के बाद सबसे महत्वपूर्ण कार्रवाई बताया जा रहा है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत की कार्रवाई के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत से बात की और वे नियंत्रण रेखा के हालात पर नजर रखे हुए हैं। वहीं पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल आसिफ गफूर ने सिलसिलेवार ट्वीट करते हुए कहा कि भारत की कार्रवाई में कुल पांच पाकिस्तानी नागरिकों की मौत हुई है। गफूर ने आरोप लगाया, भारतीय सेना द्वारा निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना कथित शिविरों को निशाना बनाने के उनके झूठे दावों को सही ठहराने का एक प्रयास है। दूसरी ओर सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने रविवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के तंगधार सेक्टर के दूसरी तरफ भारतीय सेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में छह से 10 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए जबकि तीन आतंकी शिविर नष्ट किए गए और चौथे शिविर को भी हमने काफी नुकसान पहुंचाया है। यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बात करते हुए सेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय बलों की कार्रवाई में एक अन्य आतंकी शिविर को भीषण नुकसान हुआ है और नियंत्रण रेखा के दूसरी तरफ आतंकी ढांचों को जवाबी कार्रवाई में खासा नुकसान हुआ है। जनरल रावत ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को जवाबी कार्रवाई के बारे में जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा, विशेष प्रावधानों (जम्मू कश्मीर के) को रद्द किए जाने के बाद से, हमें सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ के बारे में बार-बार जानकारी मिल रही थी। सेना प्रमुख ने कहा, अब तक, हमारे पास उपलब्ध सूचना के मुताबिक 6-10 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं और करीब इतने ही आतंकवादी भी ढेर हुए हैं। उन्होंने कहा कि कारवाई में मारे गए आतंकवादियों के बारे में और जानकारी हासिल की जा रही है। उन्होंने कहा, तीन आतंकवादी शिविर नष्ट किए गए हैं और चौथे शिविर को भी हमने काफी नुकसान पहुंचाया है। सेना प्रमुख ने कहा कि पाकिस्तान अगर ऐसी गतिविधियां जारी रखेगा तो भारतीय सेना जवाबी कार्रवाई से नहीं हिचकिचाएगी।

जनरल रावत ने कहा कि हाल में सेना को सूचना मिली थी कि आतंकवादी अग्रिम इलाके में कैंप के करीब आ रहे हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि पिछले एक महीने में गुरेज, केरन, माचिल सेक्टरों और पीर पंजाल के दक्षिण में बार-बार घुसपैठ की कोशिशें की गई। पाकिस्तानी सैनिक आतंकवादियों को घुसपैठ कराने के लिए संघर्षविराम का उल्लंघन कर रहे थे। रावत ने कहा, कल रात तंगधार में घुसपैठ कराने की कोशिश हुई थी, जहां हमने जवाबी कार्रवाई की। साथ ही चौकी पर कुछ गोलीबारी हुई, जिसमें हमारे दो जवान शहीद हो गए और एक नागरिक की भी मौत हो गई। उन्होंने कहा, गोलीबारी कर वे आतंकवादियों को घुसपैठ कराना चाहते थे। जरनल रावत ने कहा कि सेना को मिली ( शेष पेज 10 )

# महाराष्ट्र, हरियाणा विस के लिए मतदान आज

## देशभर में 51 विधानसभा सीटों के लिए भी होगा उपचुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई, चंडीगढ़, नई दिल्ली



सोनितपुर में रविवार को मतदान सामग्री ले जातीं महिला कर्मचारी

**महाराष्ट्र** और हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान सोमवार को होगा। भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां दोनों ही राज्यों में सत्ता बरकरार रखने के लिए प्रयासरत हैं जबकि विपक्षी दल सत्ता विरोधी लहर का लाभ उठाते हुए इसे अपने पक्ष में करने के प्रयास में है। इसके साथ ही देश के 18 राज्यों की 51 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों के लिए भी उपचुनाव होगा।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा की अगुवाई वाले महागठबंधन अथवा महायुति एवं कांग्रेस राकांपा गठबंधन अथवा महा अघाड़ी (मोर्चा) के बीच है। इस चुनाव में 4,28,43,635 महिला मतदाताओं सहित कुल 8,98,39,600 मतदाता मतदान के लिए योग्य हैं। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए 235 महिलाओं समेत 3,237 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मतदान के लिए 96,661 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिन पर साढ़े छह लाख कर्मचारी तैनात किए गए हैं। हरियाणा में सत्ताधारी भाजपा का मुकाबला विपक्षी कांग्रेस और नई पार्टी जजपा के साथ है। राज्य में विधानसभा की 90 सीटें हैं। हरियाणा में 1.83 करोड़ से अधिक मतदाता हैं जिसमें 85 लाख महिलाएं और 252 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। राज्य में 19,578 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। महाराष्ट्र में राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों के तीन लाख से अधिक कर्मियों की तैनाती करके सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, जबकि हरियाणा में 75,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं। मतगणना 24 अक्टूबर को होगी। भाजपा द्वारा किए गए चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके कैबिनेट सहयोगियों अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया। भाजपा नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान विशेष रूप से जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त करने के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करते हुए राष्ट्रवाद के मुद्दे को उठाया और विपक्ष ( शेष पेज 10 )

### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 32.5°C (0) |
| न्यूनतम | 19.0°C (+1) |

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 39,298 | |
| निफ्टी | 11,661 | |
| सोना | 38,925 | /10g |
| चांदी | 46,325 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दो अफसरों को यौन उत्पीड़न मामले में आरोप पत्र जारी

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क विभाग ने एक उज्बेक महिला का यौन उत्पीड़न करने के आरोप मे अपने दो निलंबित अधिकारियो के खिलाफ आरोप पत्र जारी कर दिया है। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। इन अधिकारियो पर इस साल मई मे दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इस विदेशी महिला के साथ यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। अधिकारी के मुताबिक, आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की रिपोर्ट में पाया गया है किपहली नजर में सबूतों से यह संकेत मिलता है कि यौन उत्पीड़न की घटना वाकई हुई थी और प्रक्रिया के मुताबिक सीमा शुल्क विभाग में अधीक्षक स्तर के दो अधिकारियो के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया गया। सीमा शुल्क आयुक्त (दिल्ली हवाई अड्डा) मनीष कुमार ने कहा, उन दोनो के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया गया है। हमे उनके जवाब का इंतजार है। हालांकि, उन्होंने और अधिक जानकारी नही दी। उल्लेखनीय है कि सरकारी कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के तहत आरोप पत्र जारी किया जाता है जिसमें उसके खिलाफ आरोपो का ब्यौरा होता है।

### मंदिरों की जमीन गरीबों में नहीं बांटेगी आंध्र सरकार

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार विवाद के बाद मंदिरो की जमीन को भूमिहीन गरीबो को घर के लिए देने से पीछे हट गई है। सरकार ने घोषणा की थी कि वह अगले साल तेलुगु नववर्ष उगाड़ी पर 25 लाख से अधिक लाभार्थियो को घर के लिए जमीन या घर वितरित करेगी। इसी के अनुरूप, विशेष मुख्य सचिव (राजस्व) मनमोहन सिंह ने सभी जिला कलेक्टरों को एक ज्ञापन जारी कर उनसे ग्राम-वार उपलब्ध भूमि की पहचान करने करने के लिए कहा था। उन्होने कलेक्टरों को ऐसी भूमि की पहचान करने के लिए भी कहा था, जिन्हें मंदिर और विश्राम गृह उच्च न्यायालय की अनुमति से नीलाम करने के लिए तैयार है। हालांकि सरकार के इस कदम का भाजपा और कुछ हिंदू धार्मिक संगठनो ने पुरजोर विरोध किया था।

# मां की हत्या कर डीयू के प्रोफेसर ने की आत्महत्या

- रेलवे ट्रैक पर मिला दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर का शव, फ्लैट में पंखे से लटकी थी मां की लाश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सेंट** स्टीफेंस कॉलेज में सहायक प्रोफेसर का शव शनिवार शाम को बेहद रहस्यमय परिस्थितियों में रेलवे लाइन पर और उनकी मां अपने पीतमपुरा स्थित फ्लैट में छत के पंखे से लटकी मिली हैं। उनके मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि प्रोफेसर ने पहले अपनी मां की हत्या की और फिर चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

वरिष्ठ पुलिस के अनुसार केरल के कोट्टायाम के रहने वाले ऐलन स्टेनली (27) दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफेंस कॉलेज में गेस्ट प्रोफेसर थे। वह दर्शनशास्त्र पढ़ाते थे और साथ-साथ एक अन्य संस्थान से पीएचडी भी कर रहे थे। ऐलन स्टेनली पीतमपुरा ( शेष पेज 10 )

### मां-बेटे पर आत्महत्या को उकसाने का केस है दर्ज

**पुलिस के** अनुसार लिसी ने दो शादियां की थीं। पहली शादी स्टेजनी अब्राहम से हुई थी। जिनसें एलन सहित दो बेटे थे। अब्राहम की मौत के बाद लिसी ने 2018 में दूसरी शादी की थी, लेकिन कुछ समय बाद दूसरे पति की भी केरल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार दूसरे पति के परिजन लिसी व ऐलन को उनकी मौत का जिम्मेदार मान रहे हैं। इसके लिए उन्होंने वहां की अदालत में आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज कराने की अर्जी लगाई थी। इसके बाद दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया था। हालांकि दोनों को फिलहाल अग्रिम जमानत मिली हुई थी।

# होटल के कमरे से मिले खून से सने कपड़े, चाकू व बैग

**कमलेश तिवारी हत्याकांड**

- खालसा इन होटल के कमरा नम्बर 103 में रुके थे हत्यारे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हिंदू** महासभा के नेता कमलेश तिवारी हत्याकांड मामले में लखनऊ पुलिस को उस समय बड़ी कामयाबी हासिल हुई जब कैसरबाग इलाके के लालबाग स्थित एक होटल से आरोपियों के खून से सने भगवा कपड़े और बैग बरामद किए हैं।

पुलिस ने फॉरेंसिक एक्सपर्ट के साथ मिलकर पूरे कमरे की सघन जांच की। जिसमें वह चाकू भी हाथ लगा जिससे वारदात को अंजाम दिया गया था। वहीं लखनऊ पुलिस को मौके से पिस्टल पहले ही हाथ लग चुकी है। बताया जा रहा है कि 17 अक्टूबर की रात 10 बजे आरोपी होटल में आए थे। 18 अक्टूबर को वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने होटल में जाकर कपड़े बदले। फिलहाल एसआईटी होटल स्टाफसे पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है यह सबूत हत्यारों को कड़ी सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं जांच के बाद रविवार को कमरा सील कर दिया गया है। एसपी पश्चिम विकास चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि ( शेष पेज 10 )



लखनऊ में कमलेश तिवारी के परिजनों से मिलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### तिवारी के परिजनों से मिले योगी, परिवार को पूरी मदद का दिया आश्वासन

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिन्दू समाज पार्टी के दिवंगत नेता कमलेश तिवारी के परिजनों को रविवार को अपने आवास पर बुलाकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को पूरी मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार इस गम्भीर मामले की गहराई से जांच कर रही है। घटना में दोषी लोगों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। दूसरी तरफ सीएम से मुलाकात के बाद स्वर्गीय तिवारी की पत्नी जहां संतुष्ट दिखीं, वही मां ने इस मुलाकात पर असंतोष जताया है। मुख्यमंत्री से मिलने उनके पांच कालीदास मार्ग स्थित आवास पर तिवारी का परिवार सुबह ग्यारह बजे पहुंचा। जिसमें तिवारी की मां कुसुमा, पत्नी किरण और परिवार के कुछ अन्य सदस्य थे।

# पाक 14,00 रुपए की फीस पर अड़ा, अटका ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

- करतारपुर गलियारे पर कई मुद्दों पर नहीं बन पाई सहमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**करतारपुर** गुरुद्वारे के दर्शन के लिए पाकिस्तान प्रत्येक श्रद्धालु से 20 डॉलर यानी करीब 1,400 रुपये की फीस वसूली पर अड़ा हुआ है। भारत इस पर कड़ा ऐतराज जता रहा है। इसलिए वहां जाने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रविवार को शुरू नहीं हो सका। करतारपुर साहिब गुरुद्वारे को 9 नवंबर से आम श्रद्धालुओं के लिए खोलने की बात की जा रही है। पाकिस्तान वाले हिस्से में कॉरिडोर को भारत से जोड़ने का काम भी अभी पूरा नहीं हुआ है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, निर्माण कार्य पूरा न होने समेत कई लंबित मुद्दों को लेकर दोनों देशों में शनिवार को समझौता पत्र पर हस्ताक्षर होने थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। करतारपुर गलियारा मामले से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि अभी कई मसलों पर सहमति नहीं बन सकी है, इसलिए रविवार से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की शुरुआत नहीं हो पाई है। पाकिस्तान के साथ जिन मुद्दों पर अब तक सहमति नहीं बन सकी है, उनमें करतारपुर साहिब के दर्शन की टाइमिंग और फीस शामिल हैं। भारत ने पाकिस्तान से प्रति यात्री 20 डॉलर की फीस वसूले जाने को लेकर एक बार फिर विचार करने को कहा है।

इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने 9 नवंबर से करतारपुर गलियारे को खोले जाने का ऐलान किया है। यह कॉरिडोर करतारपुर के दरबार साहिब को पंजाब के गुरदासपुर ( शेष पेज 10 )

# झारखंड के नवरतनगढ़ किले की शान लौटाएगा एएसआई

## लंबे इंतजार के बाद केंद्रीय एजेंसी के दायरे में आई ऐतिहासिक विरासत

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली




बेहद जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में है झारखंड के गुमला जिले में स्थित 900 साल पुराना नवरतनगढ़ किला

**झारखंड** के गुमला जिले में स्थित करीब 900 साल पुराना नौ-मंजिला किला नवरतनगढ़ लंबे इंतजार के बाद अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के दायरे में आ गया है। कभी बड़ी शान-ओ-शौकत वाला रहा यह किला अब बेहद जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में है।

राज्य की राजधानी रांची से 80 किलोमीटर की दूरी पर जिले के सिसई प्रखंड में पहली शताब्दी से छोटा नागपुर क्षेत्र पर शासन करने वाले प्राचीन नागवंशी राजाओं के गढ़ का ऐतिहासिक महत्व है। क्योंकि, इन राजाओं का मुगल सम्राट जहांगीर के साथ संबंध था। ऐतिहासिक स्थलों को संवारने के साथ-साथ रखरखाव करने वाली देश की प्रमुख केंद्रीय एजेंसी एएसआई के एक अधिकारी ने कहा कि नवरतनगढ़ को एजेंसी के हवाले करने संबंधी अधिसूचना हाल ही में जारी की गई है। एएसआई के दायरे में आ जाने के बाद अनेक रहस्यों से घिरे इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल का जीर्णोद्धार हो सकेगा। नागवंशी राजाओं की दूसरी राजधानी दोइसा में स्थित होने के कारण नवरतनगढ़ को दोइसागढ़ भी कहा जाता है। बड़ी संख्या में पर्यटक नवतनगढ़ किले को देखने आते हैं और अनेक इतिहासकारों का भी लगभग हर समय यहां आना-जाना लगा रहता है। हालांकि यह विरासत स्थल बेहद खतरनाक संकरे स्थल पर स्थित है। विरासत स्थलों पर लिखने वाले एक उत्साही ब्लॉगर अमिताभ गुप्ता के अनुसार महल के अंदरूनी हिस्से काफी जर्जर हालत में हैं। यह कहना मुश्किल है कि प्रत्येक मंजिल में कितने कमरे थे। महल के बगल में दो कमरों के एक छोटे से हॉल के साथ एक खंडहर मौजूद है। इस खंडहर के बीचों-बीच में एक द्वार है जो महल की ओर जाता है। दूर से दिखाई देने वाला वॉच टॉवर अब खंडहर के पास प्रतीत होता है। दो मंजिला इस ( शेष पेज 10 )

# आम श्रद्धालु की तरह जाएंगे मनमोहन सिंह

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/इस्लामाबाद



**पूर्व** प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पाकिस्तान में करतारपुर साहिब गलियारे के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होंगे, बल्कि आम श्रद्धालु की तरह वहां जाएंगे। पाकिस्तानी प्रशासन की ओर से भेजे गए न्योते के जवाब में पूर्व पीएम सिंह ने कहा कि वह औपचारिक समारोह का हिस्सा नहीं होंगे। एक आम श्रद्धालु की तरह ऐतिहासिक तीर्थ स्थल का दर्शन करेंगे। डॉ. सिंह उस सिख जत्थे का हिस्सा होंगे जिसका नेतृत्व पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह करेंगे। वे करतापुर के गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद उसी दिन लौट आएंगे। पाकिस्तान के प्रमुख अंग्रेजी दैनिक अखबार 'डान' के मुताबिक कुरैशी ने अपने गृहनगर मुल्तान में शनिवार को पत्रकारों से कहा कि डॉ. सिंह ने उनका न्योता स्वीकार कर लिया है लेकिन वह तय उद्घाटन समारोह में विशेष अतिथि नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि प्रस्तावित गलियारा पाकिस्तान के करतारपुर स्थित दरबार सहिब को भारत के पंजाब प्रांत के गुरदासपुर स्थित डेरा बाबा नानक गुरुद्वारे से जोड़ेगा और इस गलियारे में भारतीय श्रद्धालुओं को बिना वीजा आने जाने की अनुमति होगी। प्रधानमंत्री इमरान खान पाकिस्तान के हिस्से वाले गलियारे का उद्घाटन करेंगे जिससे रोजाना 5,000 भारतीय श्रद्धालु पवित्र स्थल के दर्शन कर सकेंगे।

# यातायात व्यवस्थित करने के लिए पुलिस ने बनाई नई योजना

## जिले में 300 ट्रैफिक एडवाइजर तैनात करने का काम शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जिले की ट्रैफिक पुलिस नया प्रयोग करने जा रही है जिससे यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। अब जनपद की सड़कों पर यातायात से जुड़ी सूचनाएं ट्रैफिक पुलिस तक पहुंचाने का काम एडवाइजर करेंगे। नोएडा व ग्रेटर नोएडा सहित जिले भर में 300 एडवाइजर बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इसमें स्थानीय निवासी, दुकानदार से लेकर सेक्टरों व औद्योगिक इकाइयों के बाहर तैनात सुरक्षा कर्मियों तक की सहायता ली जा रही है।

एसएसपी वैभव कृष्ण के दिशा-निर्देश पर यह पूरी कवायद की जा रही है। कई दिनों से ट्रैफिक पुलिस

### ● संपर्क साधने को व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया

जिले के ऐसे चौराहे, तिराहे, कटों का सर्वे कर रही है जहां यातायात व्यवस्था बिगड़ने की शिकायतें अक्सर मिलती हैं। समय पर सूचनाएं न मिलने से लोगों की समस्या और ज्यादा बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखकर अब स्थानीय लोगों की मदद ली जा रही है।

एसपी ट्रैफिक अनिल कुमार झा ने बताया कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जेवर, दनकौर, दादरी और बादलपुर को अलग-अलग जोन में बांटकर सर्वे कराया गया है। 300 ऐसे स्थानों की पहचान की गई है जहां यातायात व्यवस्था बाधित रहती है। नोएडा में ऐसे 175 स्थानों की पहचान की गई है। इस समस्या के समाधान के लिए ट्रैफिक एडवाइजर के तौर पर जनता से ही मदद ली जा रही है। अब तक 40 एडवाइजर बनाए जा चुके हैं।

एसपी ट्रैफिक ने बताया कि 300 एडवाइजरों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जा रहा है। ग्रुप में ट्रैफिक कर्मी व अधिकारी भी शामिल रहेंगे। इसके अलावा हर क्षेत्र के ट्रैफिक एडवाइजर संबंधित क्षेत्र के ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल से संपर्क में रहेंगे। साथ ही, ट्रैफिक कंट्रोल रूम से भी लगातार संपर्क में रहेंगे। कहां लाल बत्ती खराब है या ट्रैफिक पुलिस कर्मी ड्यूटी पर मौजूद नहीं है इसकी भी सूचना दी जा सकेगी।

# सड़क मरम्मत को नहीं दिए 14 करोड़ तो जारी होगी आरसी

## जिलाधिकारी ने एनएचएआई को दी चेतावनी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) को चेतावनी दी है कि सड़क मरम्मत के लिए यदि एनएचएआई ने 15 दिन के अंदर 14 करोड़ रूपये का भुगतान सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को नहीं किया तो उसके खिलाफ आरसी (वसूली प्रमाण पत्र) जारी किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने जिले की सड़कों के निर्माण के लिए भ्रष्टाचारमुक्त व गुणवत्ता परक नीति अपनाने के लिए सड़क नियंत्रण कमेटी का गठन किया है। कमेटी की पहली मीटिंग में रविवार को जिलाधिकारी ने कहा कि एक्सप्रेस-वे के निर्माण के दौरान एनएचएआई द्वारा किए गए कार्य से जिले की

### ● सड़क नियंत्रण कमेटी का किया गठन

खासकर ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग इसके लिए एनएचएआई से पैसा मांग चुका है मगर इस पर ध्यान नहीं दिया है। डीएम ने बताया कि उनसे डासना, जिंदल नगर, ढबारसी आदि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने शिकायत की थी।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पीडब्ल्यूडी ने बताया है कि एनएचएआई द्वारा क्षतिग्रस्त की गई सड़कों को ठीक करने में करीब 14 करोड़ रूपये का खर्च आएगा इसके बाद जिलाधिकारी ने एनएचएआई को चेतावनी दी है 15 दिन के भीतर 14 करोड़ की धनराशि सड़क निर्माण विभाग के पास जमा करा दें।

# डिवाइडर से टकराई कार, दो की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कोतवाली सेक्टर 49 क्षेत्र में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, नर्सरी तिराहा सेक्टर 47 के पास अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसा रविवार सुबह करीब 4 बजे हुआ। हादसे में कार सवार दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि

### ● सेक्टर-47 के नर्सरी तिराहा पर रविवार सुबह चार बजे हुआ हादसा

एक युवक का अभी निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि कार नंबर यू के 04 ए सी 7152 टाटा टियागो तेज गति होने के कारण अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकराकर गई। हादसे के दौरान कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे,



दुर्घटना के बाद सड़क पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार। फोटो : दीपक यादव

जिन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान सिद्धार्थ निवासी 25 एकड़ कॉलोनी लालकुआं हल्द्वानी और मेरठ के रहने वाले अजय के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल घनश्याम निवासी सेक्टर-45 नोएडा का भारद्वाज हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस ने सड़क हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को सूचना दे दी है। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दूसरी ओर, गाजियाबाद के यूपी गेट से डासना जाने वाले हाईवे पर कॉल सेंटर की तेज रफ्तार गाड़ी डिवाइडर पर चढ़ गई जिसमें कार ड्राइवर बुरी तरह जख्मी हो गया। मिली जानकारी के अनसार हिंडन विहार निवासी अरशद कॉल सेंटर की कार चलाते हैं। वह कर्मचारियों को दिल्ली छोड़कर वापस लौट रहे थे और उसे गाजियाबाद के विजयनगर इलाके से भी कर्मचारियों को लेने जाना था। वह नेशनल हाईवे 9 पर यूपी गेट के पास पहुंचा ही था कि कार की रफ्तार अधिक होने के चलते वह अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पर चढ़ गई।

# श्मशान घाट पर लगा कूड़े और पॉलीथिन का अंबार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

लोनी की डाबर तालाब कॉलोनी स्थित श्मशान घाट में कूड़े और पॉलीथिन के अंबार लगे हुए हैं जिससे श्मशानघाट पर दाह संस्कार करने आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी ने जल्द ही समस्या का समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया है।

शहर की डाबर तालाब कॉलोनी स्थित श्मशान घाट कई वर्षो पुराना है। यहां पर लोनी मेन बाजार समेत

### ● स्थानीय लोगों ने की एसडीएम से शिकायत

आस-पास की बलराम नगर, इंद्रा मार्किट सालेहनगर, गिरी मार्किट समेत कई कॉलोनियों के लोग शवों का दाह संस्कार हिंदू रीती रिवाजों के अनुसार करते हैं।

लोगों का आरोप है कि नगर पालिका सफाई कर्मी शहर के घरों से निकलने वाले कूड़े और पॉलीथिन को श्मशान की भूमि पर डाल रहे हैं। विरोध पर सफाईकर्मी अधिकारियों के निर्देश का हवाला देते हुए लोगों को चुप करा देते हैं।

# गाजियाबाद में निकाली गांधी संकल्प पदयात्रा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से शुरू की गई गांधी संकल्प यात्रा के तीसरे चरण में रविवार को गाजियाबाद विधानसभा में पदयात्रा निकाली गई।

केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री व स्थानीय सांसद वीके सिंह के नेतृत्व में चंद्रशेखर की मूर्ति ठाकुरद्वारा से पदयात्रा शुरू हुई। इस दौरान राह चलते लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाने से हुए लाभों की जानकारी दी।

पद यात्रा के शुभारंभ पर वीके सिंह ने कहा महात्मा गांधी की 150


रविवार को शहर में गांधी संकल्प यात्रा निकालते भाजपा नेता।

वी जयंती पर प्रधानमंत्री ने प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने की हिम्मत सिर्फ जिगर वाले नेता ही कर सकता है। यात्रा दिल्ली गेट चौपला मंदिर, न्यू गेट, टाउन हॉल, नया गंज, रमते राम रोड, तुराब नगर, किराना मंडी, रामनगर, हरि मंदिर गांधीनगर, तहसील, राकेश मार्ग पर पार्षद हिमांशु लव के कार्यालय पर सम्पन्न हुई।

# शिविर में 200 लोगों ने कराई स्वास्थ्य की जांच

**गाजियाबाद।** महाराजपुर के प्राथमिक विद्यालय में यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के डॉक्टरों एवं हेल्थ कैंप टीम द्वारा टाटा स्टील बीएसएल लि. साहिबाबाद, गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

इसमें 200 से भी ज्यादा लोगों ने अपनी जांच कराई। कैंप का उद्घाटन टाटा स्टील बीएसएल लिमिटेड के उप महाप्रबंधक अतुल अग्रवाल एवं यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी के डॉ हेमंत विश्वास ने मिलकर किया। इस अवसर पर यशोदा हॉस्पिटल के मार्केटिंग हेड गौरव पांडे, सीनियर मैनेजर मिस्टर सुरेश वली एवं टाटा स्टील के कई अधिकारी मौजूद रहे।


रविवार को स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते टाटा स्टील बीएसएल लि. के उपमहाप्रबंधक अतुल अग्रवाल व यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी के डॉ. हेमंत विश्वास।

# संक्षिप्त समाचार



आईएमएस में हुए दो दिवसीय खेल महोत्सव के समापन पर विजेता खिलाड़ी।

### दो दिवसीय खेल महोत्सव का समापन

**गाजियाबाद।** आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय खेल महोत्सव सम्पन्न हो गया। इसमें करीब 100 टीमें शामिल हुईं और खेल महोत्सव को चक्रव्यूह 2019 का नाम दिया गया था। रविवार को आयोजित समापन समारोह में विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। दो दिन चली इस प्रतियोगिता के कबड्डी में गुरु गोविंद गोविंद खालसा, क्रिकेट में आई एम एस, वॉलीबॉल में गुरु गोविंद खालसा और बैडमिंटन में एमिटी हरियाणा ने प्रतियोगिता जीती। उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रीय खेल महोत्सव चक्रव्यूह-2019 में देश के विभिन्न भागों से कुल 80 से अधिक संस्थान एवं 15 विश्वविद्यालय के 35 सौ से अधिक प्रतिभागी फुटबाल, वॉलीबाल, बास्केटबॉल, क्रिकेट, पावर लिफ्टिंग, बैडमिन्टन, टेनिस एवं शतरंज जैसी 14 विभिन्न इन्डोर एवं आउटडोर खेल प्रतियोगिताओं में शामिल हुए। इस अवसर पर आईएमएस सोसाइटी संजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश छारिया, कोषाध्यक्ष,निदेशक डा. श्रवण मुखर्जी उपस्थित थे।



रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

### दिवाली मेले में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र में वसुंधरा सेक्टर 9 स्थित रामकिशन इंस्टिट्यूट (आरकेआई) में रविवार को दिवाली मेला व बेबी शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मेले में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की स्टॉल, गेम, ज्वेलरी आदि के स्टॉल लगाकर भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा को दिखाया। बेबी शो का उद्घाटन स्थानीय पार्षद मंजू त्यागी ने किया। इस अवसर पर पार्षद ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जाना भी जरूरी है। इसके लिए बच्चों को खेल आदि में भी रुचि लेनी चाहिए। इंस्टिट्यूट के चेयरमैन प्रेम गर्ग ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनका सर्वांगीण विकास करना और एक अच्छा माहौल देना विद्यालय उद्देश्य है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक अनु गर्ग ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी।

### डंडे से रिक्शे वाले को पीटा

**नोएडा।** शनिवार रात नोएडा थाना फेज 3 से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित ममूरा चौराहे के पास कार चालकों ने एक रिक्शा चालक को डंडो से पीटा। जानकारी के अनुसार रिक्शा चालक शहजाद अपनी पत्नी और चार बच्चों के साथ बाजार सामान लेने आया था और अपने घर सेक्टर 66 के पास बसी झुग्गी में जा रहा था। तभी सड़क पार जाते हुए उससे एक गाड़ी टकरा जाती है। वहीं गाड़ी से टक्कर मारने वालों ने उसकी जमकर डंडे से पिटाई कर दी।

# दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

महिला से दुष्कर्म करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने रविवार सुबह कोतवाली लोनी की एक कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने करीब 10 माह पूर्व एक महिला के साथ दुष्कर्म किया था।

पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। लोनी कोतवाली प्रभारी बिजेंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि करीब 10 माह पूर्व कोतवाली लोनी थाना क्षेत्र की कॉलोनी में रहने वाली

### ● पिछले दस माह से चल रहा था फरार

एक महिला के साथ उसके पड़ोसी व्यक्ति राकेश ने दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने मामले में आरोपी के खिलाफ लोनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी।

आरोपी अपने घर से फरार हो गया था। पुलिस ने उसको मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है।

# रचना प्रक्रिया को बेहतर बनाता है संवाद : डॉ. हरियश

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कथा संवाद जैसी कार्यशाला साहित्य संवर्धन के लिए नियामक तत्व का काम करती हैं। प्रसिद्ध रचनाकार व कला समीक्षक डॉ. हरियश राय ने मीडिया 360 लिट्रेरी फाउंडेशन के कथा संवाद में उक्त उद्गार प्रकट करते हुए कहा कि संवाद रचना प्रक्रिया को बेहतर बनाता है। डॉ. राय ने कहा कि नवांकुरों के पास कहानी को लेकर कई सवाल होते हैं। अपने अनुभव के बूते वह कहानी तो लिखना चाहते हैं लेकिन शिल्प, विन्यास और भाषा के प्रयोग से अनभिज्ञ होते हैं।

कथा संवाद जैसे आयोजन के जरिए ही वह कहानी गढ़ने का हुनर हासिल करते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में अभिनय, संगीत, नृत्य, पेंटिंग सीखने सिखाने के कई टूल्स मौजूद हैं लेकिन, कहानी लिखना सिखाने का कोई औजार नहीं है। कथा संवाद जैसे आयोजन ही यह सिखाते हैं कि कहानी लिखी या गढ़ी कैसे जाए।

होटल रेड बरी में आयोजित कथा संवाद की अध्यक्षता कर रहे डॉ. राय ने कहा कि आज हमें पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक संदर्भों में प्राप्त अनुभव के जवाब कहानी के रूप में देखने को मिल रहे हैं।

मनु लक्ष्मी मिश्रा (मुख्य



अतिथि), निर्देश निधि (विशिष्ट अतिथि), रिंकल शर्मा, वंदना जोशी, कुसुम पालीवाल, सुरेंद्र सिंघल, डॉ. बीना शर्मा, रश्मि पाठक की कहानी, दीपाली जैन के कथा प्लॉट, दलजीत सचदेव के संस्मरण पर विस्तार से बोलते हुए डॉ. राय ने कहा कि रिंकल शर्मा और सुरेंद्र सिंघल ऐसे क़िस्सागो हैं जो इस परंपरा को आगे ले जा सकते हैं। इस अवसर पर रवि पाराशर, सुभाष चंदर, डॉ. धनंजय सिंह, सुभाष अखिल, अमरेंद्र राय, गोविंद गुलशन, उमाकांत दीक्षित, आलोक यात्री, सुशील शर्मा, प्रीति कौशिक, अजय फलक, पराग कौशिक आदि ने भी विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण कुमार ने किया।

# आरक्षी का रिश्वत मांगते वीडियो वायरल, निलंबित

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस की वर्दी एक बार फिर दागदार हुई है। इस बार एक मुख्य आरक्षी का रिश्वत मांगते हुए वीडियो वायरल हुआ है। जिसके बाद उसे लाइन हाजिर कर दिया गया है।

साहिबाबाद के होटलों व दुकानों में चाप की आपूर्ति करने वाले सतनाम ने लिंक रोड की थाने में बृजविहार चौकी पर तैनात मुख्य आरक्षी बिजेंद्र पर पैसे मांगने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि चाप की आपूर्ति करने के दौरान पुलिस वाला पैसे की मांग करता था।

# सदरपुर में 25 एकड़ में बनेगा खेल का मैदान, निर्माण शुरू

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री वह स्थानीय सांसद जनरल वीके सिंह ने रविवार को सदरपुर गांव में 25 एकड़ में बनने वाले खेल मैदान का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने जिले के लोगों को बधाई दी और कहा कि यह प्ले ग्राउंड खेल के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

सदरपुर गांव के जंगल में बनने वाले इस प्लेग्राउंड के पूजन के अवसर पर वीके सिंह ने कहा कि

### ● सांसद वी.के. सिंह ने किया भूमि पूजन

सेहत का अच्छा होना हर इंसान के लिए एक वरदान है यदि आदमी सेहतमंद नहीं है तो उसका जीवन व्यर्थ ही है। उन्होंने कहा कि सेहत का रास्ता खेलों से निकलता है जो व्यक्ति खेल में रुचि रखता है वह चुस्त और दुरुस्त रखता है और अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाता है।


खेल मैदान के लिए भूमि पूजन के दौरान नारियल फोड़ते सांसद वी.के. सिंह।

# 24 अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा आएंगे गृहमंत्री अमित शाह

**नोएडा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 24 अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा आएंगे। वह यहां भारतीय-तिब्बत सीमा पुलिस बल के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगे। इसके साथ ही अर्द्ध सैनिक बल में विशेष कार्य करने वाले जवानों और अधिकारियों को सम्मानित करेंगे।

आईटीबीपी द्वारा जानकारी के मुताबिक, गृहमंत्री अमित शाह 24 सितंबर को ग्रेटर नोएडा आ रहे हैं। वह आईटीबीपी के स्थपाना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। इससे पहले वर्ष 2015 में अमित शाह ग्रेटर नोएडा आए थे।

# दिवाली पर 24 घंटे मिलेंगी आपात चिकित्सकीय सुविधाएं

## मुख्य चिकित्साधिकारी ने जिले के मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को जारी किए निर्देश


सीएमओ डा. एनके गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दीपावली के मद्देनजर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनके गुप्ता ने सभी जिला स्तरीय अस्पतालों को आपातकालीन चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्राप्त शासनादेश के अनुपालन में यह निर्देश दिए गए हैं कि दीपावली के मौके पर सभी अस्पतालों में आपातकालीन चिकित्सकीय सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध रहें। इसके लिए हर समय पैरा मेडिकल स्टाफ और चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने एमएमजी जिला अस्पताल, जिला महिला अस्पताल और संयुक्त जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि आपातकालीन चिकित्सकीय सुविधाओं हेतु सभी अस्पतालों में चिकित्सक और पैरा मेडिकल स्टाफ 24 घंटे तैनात रहें।

इसके साथ ही सभी जिला स्तरीय अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरणों के संचालन की व्यवस्था भी 24 घंटे उपलब्ध रहे। डिप्टी सीएमओ डा. नीरज कुमार अग्रवाल को आपातकालीन चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एंबुलेंस सेवा-एएलएस 108 का भी निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया दीपावली के मौके पर कई बार आग लगने जैसी घटनाएं होने की आशंका रहती है। ऐसे में हताहतों को तत्काल मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक हो जाता है। जिला स्तरीय अस्पतालों के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही सीएमओ ने जनपद के नागरिकों से अपील की है कि दीपावली का त्यौहार केवल ग्रीन पटाखे चलाकर मनाएं।

सीएमओ ने अपील की है कि बच्चों को अकेले में पटाखे न चलाने दें। इसके साथ ही बच्चों को सूती और पूरे बदन को ढ्रकने वाले कपड़े पहनाएं। अस्थमा और एलर्जी के मरीज दीपावली के मौके पर घर के अंदर ही रहें तो बेहतर है। यदि घर से बाहर निकलें तो मुंह पर मास्क लगाकर निकलें और धुंए व प्रदूषण से दूर रहें।

# पुलिसकर्मी चला रहे चोरी की बाइक, एजेंसी पर खुला राज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

आपको जानकर बहुत हैरानी होगी कि वाहन चोरों को आए दिन गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद करने का दावा करने वाली गाजियाबाद पुलिस खुद चोरी की बाइक चला रही है। ऐसा ही एक मामले सामने आया है जिसमें दिल्ली से करीब 5 महीने पहले चोरी एक बाइक जिले में एक पुलिसकर्मी चलाते पाया गया। आरोपी पुलिसकर्मी सिहानी गेट थाना क्षेत्र में बाइक का लॉक बदलवाने के लिए एक एजेंसी के पास पहुंचा तो मामले का खुलासा हुआ।

एजेंसी ने आरसी के माध्यम से बाइक के मालिक का नंबर निकालकर शख्स को फोन कर दिया।

### ● सीसीटीवी से आरोपी की पहचान की कोशिश

इससे पूरा मामले सामने आया। बाइक मालिक विकास मीणा का कहना है कि वह रेलवे में काम करते हैं। मुखर्जी नगर दिल्ली से कोचिंग ले रहे थे, जब 20 मई को उनकी पल्सर बाइक चोरी हो गई थी। उन्होंने मुखर्जी नगर में केस दर्ज कराया था। उनका कहना है कि जब वह एजेंसी पहुंचे तो सीसीटीवी फुटेज में संबंधित पुलिसकर्मी को बाइक के साथ देखा।

एसपी सिटी कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है। सीसीटीवी के आधार पर आरोपी पुलिसकर्मी के बारे में पता लगाया जा रहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# मेट्रो वॉयलेट लाइन में खराबी, तंग होकर स्टेशन से बाहर निकले यात्री

● सोशल मीडिया पर लोगों ने निकाली भड़ास, बोले डीएमआरसी कब तक खेद जताती रहेगी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो की वॉयलेट लाइन पर रविवार सुबह तकनीकी खामी की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा वॉयलेट लाइन दिल्ली के कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन को बल्लभगढ़ (फरीदाबाद) के राजा नाहर सिंह मेट्रो स्टेशन से जोड़ती है।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, कुछ तकनीकी खामियों की वजह से बदरपुर बॉर्डर और कश्मीरी गेट स्टेशनों के बीच सेवाएं प्रभावित हुई हैं। डीएमआरसी ने सेवाओं में विलंब के बारे में ट्वीट भी किया।

सेवाओं में विलंब के चलते यात्रियों को भारी परेशानी हुई। कुछ यात्रियों ने कहा कि उनका दफ्तर रविवार को भी खुलता है और वे अब समय पर नहीं पहुंच पाएंगे। अनेक यात्री विलंब बढ़ते देख स्टेशनों पर उतर गए और परिवहन के दूसरे माध्यमों का सहारा लिया। यात्रियों ने कहा कि मेट्रो ट्रेनों में सिर्फ इतनी घोषणा हो रही थी कि इस यात्रा सेवा में विलंब होगा, विलंब के लिए खेद है। उन्होंने कहा कि विलंब के कारणों के बारे में उद्घोषणा में कुछ नहीं कहा जा रहा था।

प्रवक्ता के अनुसार हाफ मैराथन की वजह से रविवार तड़के चार बजे से ही एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन को छोड़कर सभी स्टेशनों से मेट्रो का संचालन शुरू हो गया। यात्रियों को सुबह के वक्त मेट्रो का संचालन होने की वजह से परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा, लेकिन सुबह 9.50 बजे अचानक मेट्रो की रफ्तार धीमी हुई, फिर परेशानियों का सिलसिला शुरू हुआ। हालांकि सेवा पूरी तरह करीब डेढ़ घंटे (11.27 बजे) बाद फिर से सामान्य हुई।

## सेवाएं दुरुस्त करने की दी सलाह

अनेक यात्रियों ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर अपने अनुभव साझा किए। दिव्य शर्मा नाम के एक यात्री ने बताया कि वह सरिता विहार से केंद्रीय सचिवालय के लिए मेट्रो में सवार हुए। ट्रेन काफी समय तक प्रत्येक स्टेशन पर रुक रही थी। लाजपत नगर स्टेशन पर भी यह लंबे समय तक रुकी रही। उन्होंने कहा, बहुत से यात्री ट्रेन से उतर गए और आगे की यात्रा ऑटो रिक्शा से तय की। मैंने भी ऐसा ही किया और अपने कार्यस्थल पर पहुंचा। वहीं कई यात्रियों ने प्रतिक्रियाएं देते हुए डीएमआरसी को सेवाएं और दुरुस्त करने की सलाह दी। एक यात्री ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि रविवार को भी ऐसी स्थिति रही तो अन्य दिनों में क्या हाल रहेगा। एक यात्री ने मेट्रो सेवा के बारे में कहा कि सेवा में असुविधा के लिए कब तक खेद जताते रहेंगे।

## कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पर मिले साढ़े चार लाख के नकली नोट

**नई दिल्ली। सीआईएसएफ को कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पर 4.64 लाख रुपए मूल्य के जाली नोटों से भरा बैग मिला है। अधिकारियों ने रविवार को जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया किसी आईएसएफ के जवान शनिवार रात मेट्रो में नियमित जांच कर रहे थे। इस दौरान उन्हें जाली मुद्रा से भरा लावारिस बैग मिला। मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 8 के पास मिले, इस बैग में चार लाख की जाली मुद्रा थी। उन्होंने बताया कि मुद्रा 500 रुपए के नोटों में थी। अधिकारियों ने कहा कि जाली नोट जांच के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिए गए हैं।**



# प्याज को लेकर गरमाई राजनीति



● केंद्र सरकार के 15.90 रु. किलो प्याज को लेने से दिल्ली सरकार ने किया इंकारः भाजपा

● यह अफवाह है कि दिल्ली सरकार ने नेफेड को प्याज के ट्रक लौटाए : मंत्री इमरान हुसैन

**पायनिरयर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में प्याज को लेकर राजनीति फिर गरमा गई है। प्रदेश भाजपा ने बढ़ती प्याज की कीमतों को लेकर आप सरकार पर हमला बोला।

पार्टी नेता ने कहा कि केंद्र सरकार 15.90 रुपये प्रति किलोग्राम प्याज दिल्ली सरकार को मुहैया करा रही है लेकिन राज्य सरकार लेने से इनकार कर रही है। दिल्ली सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने इससे इनकार किया है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अफवाह है कि केजरीवाल सरकार ने नेफेड को प्याज के ट्रक लौटाए हैं। उन्हें जो प्याज मिले हैं उनमें से पांच ट्रक प्याज भींगे और सड़े हुए थे। जिसे उन्होंने लौटा दिया। इसके अलावा एक भी ट्रक नहीं लौटाया गया है। 90 ट्रक मांगी गई थी प्याज।

नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि केन्द्र सरकार अपने स्तर पर पूरी दिल्ली में केन्द्रीय भण्डार, नैफेड, एनसीसीएफऔर मदर डेयरी के बूथों के जरिए 23.90 रुपये प्रति किलों प्याज आज भी बेच रही है।

वहीं खुदरा बाजार में आज भी प्याज 60 से 80 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बीक रहे हैं। इसके विरोध में भाजपा मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर प्रदर्शन करेगी। कालाबाजारी का बढ़ावा देने वाले सीएम जमाखोरों के साथ है।

### पत्र लिखकर 90 ट्रक प्याज की मांग की थी



*दिल्ली सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्रीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री रामविलास पासवान को पत्र लिखा है। उन्होंने नेफेड से 90 ट्रक प्याज की मांग की थी लेकिन उन्हें मात्र 35 ट्रक प्याज ही मिल सके हैं। प्याज की किल्लत का जिक्र करते हुए इमरान हुसैन ने इस पत्र के जरिए फिर पासवान से मांग की है कि अलग 10 दिनों तक रोजना 10 ट्रक प्याज मुहैया कराए।*

# संक्षिप्त समाचार



### आयुर्वेद की ओर लौटें अभियान शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय धनवंतरि सप्ताह की शुरूआत के अवसर पर इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (आयुष-एडा) द्वारा स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद की ओर लौटें अभियान प्रारंभ किया गया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर आर.पी. पाराशर, संरक्षक डॉ. युवराज त्यागी, उपाध्यक्ष डॉ. ए.पी. शर्मा व डॉ. ए. के. सिंह, दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश्वर शर्मा व महासचिव डॉ. मुकेश त्यागी द्वारा अभियान का पोस्टर जारी किया गया। डॉ. पाराशर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत लोगों को आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धांतों के बारे में जानकारी दी जाएगी जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी ना आने पाए। एसोसिएशन के संरक्षक डॉक्टर युवराज त्यागी ने बताया कि इसी प्रकार आयुर्वेद के अन्य सिद्धांतों के आधार पर लोगों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के गुर बताए जाएंगे। दिल्ली शाखा के अध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश्वर शर्मा ने बताया कि एसोसिएशन के सदस्यों की सहायता से यह अभियान इस वर्ष के अंत तक अस्पतालों, डिस्पेंसरियों व प्राइवेट क्लीनिक में कार्यरत डॉक्टरो द्वारा चलाया जाएगा।

### सावदा जेजे कॉलोनी में स्वास्थ्य सेवा नहीं : नरेश

**नई दिल्ली।** मोहल्ला क्लिनिक को लेकर कांग्रेस के नेता नरेश कुमार ने सवाल उठाये है। उनका दावा है कि मुंडका विधानसभा की सावदा जेजे कॉलोनी में तीस हजार से ज्यादा की आबादी है मगर इसके बाद भी यहां कोई भी डिस्पेंसरी, पॉलीक्लिनिक और हॉस्पिटल तक नहीं है। एक जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कुमार ने कहा कि आप सरकार जनता से झूठ बोलकर गुमराह कर रही है इसका ताजा उदाहरण सावदा का इलाका है जो स्वास्थ्य की बुनयादी सुवधिाओं से जुझ रहा है। उन्होंने कहा कि इलाके में छह माह से एक मोहल्ला क्लीनक का बोर्ड लगा है मगर आज से यह खुला नहीं है। आप ने चुनाव से पहले एक हजार मोहल्ला क्लीनिक खोलने का वादा किया था मगर यह कागजी ही साबित हुआ। उन्होंने यह भी कहा कांग्रेस के शासन काल में जिन तीन अस्पतालों की आधारशीला रखी गई थी उन्हें अभी तक पूरा नहीं किया गया है।

### आयुर्वेद की एंटीबायोटिक दवा पर एम्स की मुहर

**नई दिल्ली।** एंटीबायोटिक दवाओं के अनियंत्रित इस्तेमाल से उनके खिलाफ बैक्टीरिया और वायरस में प्रतिरोधक क्षमता पैदा हो रही है। ऐसे में आयुर्वेदिक एंटीबायोटिक दवाएं इनका विकल्प साबित हो सकती हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल में आयुर्वेदिक एंटीबायोटिक दवा फीफाट्रोल को एक प्रमुख बैक्टीरिया संक्रमण के खिलाफ प्रभावी पाया गया है। शोध में पाया कि फीफाट्रोल स्टैफिलोकोकस प्रजाति के बैक्टीरिया के खिलाफ बेहद शक्तिशाली है। बैक्टिरिया के खिलाफ यह प्रभावी रूप से कारगर पाया गया है। शोधकर्ता टीम के प्रमुख और एम्स भोपाल के निदेशक डा समरन सिंह के अनुसार आमतौर पर आयुर्वेदिक दवाएं प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती हैं लेकिन फीफाट्रोल में बैक्टीरिया के खिलाफ लड़ने की क्षमता देखी गई है।

# बंगला साहिब गुरूद्वारे में दिव्यांग वृद्धों को मिलेंगी विशेष सुविधाएं

● व्हील चेयर, बैटरी से चलने वाली गाड़ी और रेलिंग की होगी व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के सबसे बड़े हेरिटेज सिख धार्मिक स्थल गुरूद्वारा बंगला साहिब में गुरु नानक देव के 550 वें जन्मदिन के मौके पर दिव्यांगों और वृद्ध श्रद्धालुओं के लिए व्हील चेयर की संख्या बढ़ाने और विशेष चेयर लिफ्ट के निर्माण सहित कुछ विशेष सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे वह मुख्य दरबार हॉल में आसानी से पहुंचकर प्रार्थना और अरदास कर सकेंगे।



दिल्ली सिख गुरुद्वारा समिति ने दिव्यांग और वृद्ध संगत की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गुरूद्वारा परिसर के ढांचे का नवीकरण करने का निर्णय किया है। गुरूद्वारा परिसर और दरबार हॉल में उनके सुगम आवागमन के लिए व्हील चेयर, बैटरी से चलने वाली गाड़ी, पाथ वे और रेलिंग की व्यवस्था की जाएगी।

इसके साथ ही उनके लिए विशेष शौचालय और अन्य सुविधाओं की भी व्यवस्था की जाएगी। दिल्ली सिख गुरूद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि गुरू नानक देव जी के 550 वें प्रकाश पर्व के मौके पर की जा रही व्यवस्थाओं के तहत इन विशिष्ट श्रद्धालुओं के लिए गुरूद्वारे के सामने वाले हिस्से से मुख्य दरबार हॉल तक बीस लाख रुपए की लागत से एक नई लिफ्ट का निर्माण जोरों पर है। इसके नवंबर तक चालू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सामान्य दिनों में लगभग 35 हजार श्रद्धालु तथा दो हजार विदेशी पर्यटक गुरूघर में मत्था टेकने आते हैं। समिति को उम्मीद है कि नई और बेहतर सुविधाओं के साथ इस पवित्र स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में आने वाले समय में खासी बढ़ोतरी होगी।

# नए साल से पहले कठपुतली कॉलोनी वालों को मिलेंगे घर : पुरी

● मार्च 2019 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आवास एवं शहरी मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप सिंह पुरी ने दिल्ली स्थित लोक कलाकारों की बस्ती कठपुतली कालोनी के पुनर्विकास की योजना आगामी दिसंबर तक पूरी होने का भरोसा दिलाते हुए कहा है कि इस योजना के तहत तीन आवासीय टावर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

पुरी ने तकनीकी बाधाओं के कारण कठपुतली कालोनी पुनर्विकास योजना का काम समय से पूरा नहीं हो पाने की बात स्वीकारते हुए कहा, योजना के तहत निर्माणाधीन तीन आवासीय टावर बनाने का काम तेजी से चल रहा है। इसके लाभार्थियों को आवास आवंटित करने के बाद दिसंबर से आवास इस्तेमाल में लाए जाने लगेंगे। उल्लेखनीय है कि पुरी ने कठपुतली कालोनी की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोक कलाकारों को उसी स्थान पर पक्के घर बना कर देने के लिए शुरु की गई इस योजना की आधारशिला पिछले साल अप्रैल में रखते हुए मार्च 2019 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र की भागीदारी में चल रही इस परियोजना के तहत झुग्गी झोपड़ी की जगह बहुमंजिला आवास वाले तीन टावर बनाए जा रहे हैं। इनमें 2800 परिवारों को आवासीय सुविधा दी जाएगी।

कठपुतली कालोनी में बिजली और कुछ अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर आ रही तकनीकी बाधाओं को दूर कर लिया गया है। निर्माणाधीन परिसर में आवास सुविधा के अलावा लोक कलाकारों के लिए सामुदायिक केन्द्र, बाजार और विवाह घर सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।


# तीन माह के अंदर सजा समीक्षा बोर्ड की बैठक बुलाने का दिया आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर दिल्ली सरकार और जेल महानिदेशक को यह निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है कि नियमों का पालन करते हुए हर तीन महीने में सजा समीक्षा बोर्ड (एसआरबी) की बैठक बुलाई जाए।

याचिका में कहा गया है कि 16 जुलाई 2014 के एसआरबी आदेश और दिल्ली जेल नियमावली, 2018 के अनुसार बोर्ड तीन महीनों में कम से कम एक बार बैठक बुलाएगा लेकिन अक्टूबर 2018 से अक्टूबर 2019 के बीच बोर्ड ने सिर्फ एक बार इस साल 19 जुलाई को बैठक बुलाई थी। वकील अमित द्वारा दायर याचिका पर मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर की पीठ सोमवार को सुनवाई कर सकती है।

एसआरबी का गठन आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों की सजा की समीक्षा करने और उपयुक्त मामलों में समय से पहले रिहाई के बारे में सिफारिशें करने के लिए किया गया था। याचिका में कहा गया है कि बोर्ड की बैठक नहीं होने से उन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जो विचार के लिए जरूरी सभी मापदंडों को पूरा करते हैं लेकिन उनके मामलों पर विचार नहीं किया गया है।




# जामिया के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे राष्ट्रपति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 30 अक्टूबर को जामिया मिल्लिया इस्लामिया के वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी अहमद अजीम ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में वर्ष 2017 और वर्ष 2018 में परीक्षा पास करने वाले पांच हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं को डिग्री एवं डिप्लोमा दिया जाएगा।

इनमें 360 से अधिक स्वर्ण पदक जीतने वाले छात्र भी शामिल हैं। गत वर्ष कुलपति नहीं होने की वजह से दीक्षांत समारोह का आयोजन नहीं किया गया था। यह दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के एमएके पटौदी खेल परिसर में होगा। साल 2014 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी विश्वविद्यालय में मुख्य अतिथि थे। जामिया की स्थापना 1920 में हुई थी और 1988 में इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिला था। सूत्रों ने बताया कि 29 अक्टूबर को जामिया के स्थापना के 99 साल पूरे होंगे। अगले साल जामिया की स्थापना के 100 साल पूरे होने के मौके पर विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित करने की कोशिश कर रहा है।

# विश्वविद्यालय में स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लीया इस्लामिया के छात्रों के साथ यूथ यूनाइटेड फॉर विजन एंड एक्शन के तत्वावधान में दिवाली उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयाजित की गई जिनमें बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया। उत्सव की शुरुआत स्वरचित काव्य प्रतियोगिता से हुई जिसमें युवा कवियों ने अपनी रचनाओं से दर्शकों को खूब गुदगुदाया साथ ही रंगोली प्रतियोगिता के साथ दीवाली पर क्विज का भी आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सभी धर्म और पंथ के छात्रों ने पूरे उल्लास से मनाया दीपोत्सव मनाया। मालूम हो कि युवा एक छात्र संगठन है जो सभी विश्विद्यालयों में युवा शक्ति को राष्ट्रहित व राष्ट्रनिर्माण में अपने विचार रखने और कार्य करने का एक मंच प्रदान करता है।

# कैदी सीखेंगे मेहमानों की खातिरदारी के गुर

## 1020 कैदियों होंगे प्रशिक्षित, जेल से बाहर आने पर नया जीवन शुरू करने में मिलेगी मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




दिल्ली की जेलों में बंद 1000 से अधिक कैदियों को एक साल के भीतर अतिथि-सत्कार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस नई पहल का मकसद जेल से रिहा होने के बाद नया जीवन शुरू करने में उनकी मदद करना है।

एक वरिष्ठ जेल अधिकारी के अनुसार इस बारे में जेल विभाग और स्वयंसेवी संगठन प्राइमेरियो के बीच सितंबर के पहले सप्ताह में सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। अधिकारियों ने बताया कि चूंकि ज्ञापन पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, इसलिए प्रशिक्षण कक्षाएं जल्द ही शुरू हो जाएंगी। महानिदेशक (जेल) संदीप गोयल ने बताया कि जेल प्रशासन का यह काम भी है कि वह जेल से रिहा होने के बाद कैदियों को एक नया जीवन शुरू करने में मदद करे। गोयल ने बताया, जेल परिसर के अंदर सोमवार से शुक्रवार तक दो से तीन घंटे की पांच दिवसीय कक्षाएं होंगी।

हमारा उद्देश्य इस कार्यक्रम के तहत 1,020 कैदियों को प्रशिक्षित करना है। कक्षाओं का संचालन दोपहर के भोजन से पहले और बाद में किया जाएगा। प्रत्एक बैच में 30 कैदी होंगे। दिल्ली की विभिन्न जेलों में 16,000 से अधिक कैदी हैं। अधिकारी ने कहा कि यह तीन महीने का कोर्स होगा और 70 फीसदी प्रशिक्षित कैदियों को रिहा होने के बाद रोजगार मिलेगा। यह पहली बार नहीं है कि दिल्ली की जेलों ने अपने कैदियों के कौशल प्रशिक्षण का कार्यक्रम बनाया है। इससे पहले जेल अधिकारियों ने संजीवनी परियोजना शुरू की थी, जहां 1,000 से अधिक कैदियों को योग शिक्षकों के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना की शुरुआत 23 जनवरी को हुई थी। इसके लिए पिछले साल दिसंबर में जेल विभाग और मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योग (एमडीएनआईवाई) के बीच एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए थे।


गुरुग्राम में चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मी।


गुरुग्राम से चुनाव सामग्री लेकर रवाना होतीं महिला कर्मचारी।

# भाजपा लीडर्स का दावा...बनने जा रही है मनो सरकार-2

## एकता के सूत्र में बंधे भाजपा लीडर्स ने सिंगला की जीत को झौंकी ताकत

## प्रचार खत्म होने के बाद भी सभी लगे रहे गुणा-भाग करने में

## हर वर्ग के मुखियाओं व आम लोगों से साधा है संपर्क

## कर्मठ कार्यकर्ताओं ने भी क्षेत्र के चप्पे-चप्पे तक पहुंचाया भाजपा का नाम


उमेश अग्रवाल। जीएल शर्मा। गार्गी कक्कड़। सीमा पाहुजा। यशपाल बत्रा। बोधराज सीकरी। हरविंद कोहली।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बेशक** टिकटों के आवंटन के तुरंत बार भाजपा बिखरी हुई सी नजर आई, लेकिन समय के साथ सबके घाव भरे और सभी भाजपा लीडर्स, वर्कर्स एकता के सूत्र में ऐसे बंधे नजर आ रहे हैं, जैसे कभी बिखरे ही नहीं थे। भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को सभी ने दिन-रात एक करके प्रचार किया। प्रचार की समाप्ति के बाद भी सभी नेता अपने-अपने स्तर पर मतदाताओं से संपर्क साधते रहे, ताकि भाजपा के पक्ष में डलने वाले वोटों में कोई सेंधमारी न हो।

### सरकार बनने में कोई बाधा नहीं : उमेश अग्रवाल

**विधायक** उमेश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा-2 सरकार बनने में कोई बाधा नहीं है। गुरुग्राम समेत पूरे हरियाणा में भाजपा के पक्ष में माहौल है। हर जगह से यही इनपुट आ रहे हैं कि पहले से कहीं अधिक सीटें हासिल करके भाजपा सरकार बनायेगी। किसी भी पार्टी की सरकार पहले से अधिक सीटें लेकर अगर सरकार बनाती है तो यह साबित होता है कि जनता का विश्वास उसमें गहरा है। विरोधी कुछ भी प्रचार करते रहें, लेकिन जनता सब समझती है। इसलिए जनता ने मन बना लिया है कि फिर से भाजपा को लाकर ही विकास के कार्यों को जारी रखा जाये।

### विरोधी फैलाएंगे भ्रम, बच के रहना : जीएल शर्मा

**बातचीत** में हरियाणा डेयरी विकास प्रसंघ लिमिटेड के चेयरमैन जीएल शर्मा ने मतदाताओं से अपील करते हुये कहा कि विरोधी उनके बीच में भ्रम पैदा करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको अपनी सूझ-बूझ से फैसला करना होगा। एक बार फिर ईमानदार सरकार के गठन के लिए कमल के फूल का बटन दबाकर प्रदेश के हित में अपना फर्ज निभाना होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की राजनीतिक संस्कृति को बदला है। अब फिर से मनोहर सरकार बनने जा रही है।

### मोदी-मनो लहर जारी है : गार्गी कक्कड़

**हरियाणा** खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की चेयरपर्सन गार्गी कक्कड़ ने कहा कि प्रदेश में मोदी-मनोहर लहर अभी भी जारी है और दुबारा से मनोहर सरकार बनने जा रही है। भाजपा के पक्ष में जनता पूर्ण समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि विकास के मामलों में सरकार ने ना तो किसी क्षेत्र के साथ भेदभाव किया और न ही व्यक्ति विशेष के साथ। इसलिए अब जनता इस बिना भेदभाव की नीति वाली सरकार को फिर से लेकर आ रही है।

### भाजपा पार्टी नहीं एक मिशन है : सीमा पाहुजा

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुई पार्षद सीमा पाहुजा ने कहा कि भाजपा एक पार्टी नहीं बल्कि मिशन है। मिशन बहुत बड़ा होता है। देश में बदलाव का जो मिशन भाजपा बनी है, वह इतिहास में दर्ज हो गया है। गांव से लेकर महानगरों तक के विकास में जो भाजपा ने माइल स्टोन स्थापित किये हैं, वे आज से पहले कभी नहीं हो पाये। वे विकास के पक्षधर हैं, विनाश के नहीं। उन्होंने कहा कि मनोहर-2 सरकार में विकास और भी अधिक होगा।

### पहले कभी नहीं हुए इतने विकास कार्य : यशपाल

**पूर्व** सीनियर डिप्टी मेयर यशपाल बत्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में फिर से सरकार बनने जा रही है। क्योंकि भाजपा के कार्यकाल में गुरुग्राम के साथ पूरे हरियाणा में जो विकास के काम हुये हैं, वे पहले कभी नहीं हुये। भाजपा के प्रत्याशी को जनता का पूर्ण समर्थन मिलने जा रहा है। जनता में भी इस बात की चर्चा है। यहां पहली बार देखा जा रहा है कि चुनाव में खुद जनता माहौल बना रही है।

### भाजपा ने बदला शहर का नक्शा : सीकरी

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता बोधराज सीकरी ने कहा कि भाजपा के अलावा जनता के पास विकल्प ही नहीं है। ऐसा इसलिए कि जनता सभी पार्टियों को आजमा चुकी है। किसी ने शहर के सुधार की तरफ ध्यान ही नहीं दिया और भाजपा ने पांच साल के कार्यकाल में इतने काम कर दिये कि शहर का नक्शा ही बदल दिया। अब जनता ने पूर्ण मन बना लिया है कि मनोहर सरकार-2 बनेगी और विकास का पहिया घूमता रहेगा।

### भाजपा को बहुमत देने को जनता लालायित : कोहली

**भाजपा** नेता हरविंद कोहली ने कहा कि गुरुग्राम की जनता ने ठान ली है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत दिया जाये। चुनाव प्रचार के बीच सभी समाजों से यही बात निकलकर बाहर आई कि भाजपा को ही फिर से सत्ता में लाया जायेगा। भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे को काफी हद तक खत्म करके रामराज्य जैसा माहौल देने वाली भाजपा को इस चुनाव में बढ़त मिलने की बात कहते हुये कोहली ने कहा कि अंदर खाने दूसरी पार्टियों के नेता भी भाजपा को ही समर्थन दे रहे हैं।

# गुरुग्राम के 54 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला होगा आज

## गुरुग्राम जिला के 12 लाख 10 हजार 398 मतदाता करेंगे वोटिंग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** विधानसभा आम चुनाव-2019 के लिए स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से चुनाव करवाने के लिए स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में 75-पटौदी, 76-बादशाहपुर, 77-गुडगांव व 78-सोहना विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव ड्यूटी में तैनात पीठासीन व पोलिंग अधिकारियों की फाइनल रिहर्सल के बाद सभी पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री वितरित करने के बाद मतदान केद्रों की ओर रवाना किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अमित खत्री ने बताया कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूर्ण करने के साथ ही पोलिंग पार्टियों को फाइनल रिहर्सल के बाद बूथों के लिए रवाना किया है। पोलिंग पार्टियां


गुरुग्राम में रविवार को चुनाव सामग्री तैयार करते ड्यूटी कर्मचारी व चुनाव सामग्री लेकर पोलिंग स्टेशन को रवाना होते ड्यूटी कर्मचारी।

रात्रि के समय बूथों पर ही रुकेंगी और अपने बूथ पर ईवीएम-वीवीपैट की सेटिंग व अन्य व्यवस्था सही प्रकार से करना सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी विधानसभा क्षेत्रों की पोलिंग पार्टियां ईवीएम-वीवीपैट सहित सभी प्रकार के फार्म आदि वापस रिटर्निंग अधिकारी के पास जमा करवाएंगे।

पीठासीन अधिकारी व पोलिंग पार्टियां चुनाव आयोग की सभी हिदायतें अनुसार चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से करवाना सुनिश्चित करें। बूथ के अंदर कोई भी मतदाता इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या मोबाइल फोन न ले जाने पाए।

### सुबह सात बजे शुरू होगा मतदान

**उन्होंने** कहा कि मतदान का समय ठीक प्रातः 7.00 बजे से सायं छह बजे तक रहेगा, इसलिए 21 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे मतदान करवाना सुनिश्चित करें तथा इस बात की तसल्ली करें कि किसी भी हालत में मतदान रूकने न पाये। उन्होंने कहा कि मतदान बंद होने के समय सायं 6 बजे यदि मतदाता लाइन में लगे हों तो उन्हें भी मताधिकार का प्रयोग करने दें तथा इलैक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन का बटन दबाने में मतदाता की सहायता करने की बजाय उन्हें बटन दबाने की प्रक्रिया अच्छी तरह समझा दें।

## संतान की दीर्घायु को अहोई अष्टमी का व्रत आज

**गुरुग्राम।** संतान की दीर्घायु के लिए महिलाएं सोमवार को अहोई अष्टमी का व्रत रखकर मां पार्वती की पूजा अर्चना कर संतान की दीर्घायु की कामना करेंगी। अहोई अष्टमी व्रत को दीपावली के आगमन का सूचक माना जाता है। अहोई को लेकर कई दंत कथाएं प्रचलित हैं। सभी कथाओं में संतान की दीर्घायु का वर्णन ही मिलता है। एक प्राचीन दंत कथा के अनुसार मध्य प्रदेश के दतिया नगर में सेठ चंद्रभान नाम का व्यक्ति सपरिवार रहता था। परिवार में कई संतानें हुई, लेकिन अल्पायु में ही उनकी अकाल मृत्यु हो गई। इन मौंतों के कारण परिवार में हताशा की भावना जागृत हो गई।

चंद्रभान इस सबसे परेशान होकर अपना सबकुछ त्यागकर क्षेत्र के वन में चला गया और क्षेत्र के बद्रिका आश्रम के समीप बने कुण्ड के पास अन्न-जल त्यागकर बैठ गया। कहा जाता है कि वह इसी हालत में 6 दिन तक बैठा रहा। 7वें दिन आकाशवाणी हुई कि तुम्हें यह कष्ट पिछले जन्मों के कारण मिल रहा है। यदि इन कष्टों से छुटकारा पाना चाहते हो तो अहोई माता का व्रत रखो।

# 500 रुपये के लिए घर में घुसकर महिला को पीटा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** के गांव खेड़ला में मात्र पांच सौ रुपये के लेन-देन को लेकर युवक ने घर में घुसकर महिला से मारपीट और देशी कट्टे से पति को जान से मार देने की धमकी दी। इस दौरान पीड़ित महिला के कान सोने का झुमका और टेबल पर रखे 40 हजार रुपये गायब हो गए।

सोहना सदर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सुनीता पत्नी दीपक ने पुलिस को बताया कि गांव की 25-26 महिलाएं मिलकर एक कमेटी चलाती हैं। जिसमें वह भी शामिल है। गांव की महिला सुनीता पत्नी लाखन ने भी कमेटी से 15000 रुपये लिए हैं। जिसका सुनीता को हर माह 1500 रुपये कमेटी में जमा करना होता है। इस माह सुनीता पत्नी लाखन ने एक हजार रुपये जमा कराए थे। जब उससे पांच रुपये कम देने की बात पूछी तो वह आग बबूला हो गई। कुछ समय के बाद सुनीता अपने देवर जयवीर और दो अन्य युवकों के साथ घर आ गई। जयवीर ने घर में घुसते हुए मारपीट कर दी। गालियां देते हुए पति दीपक को जाने से मार देने की धमकी दी। जयवीर अपने हाथ में देशी कट्टा लिए हुए था। सुनीता ने बताया कि इस दौरान उसके कान से सोने का झुमका गायब हो गया। इसके अलावा टेबल पर रखे कमेटी के 40 हजार रुपये भी गायब हो गए। जो शायद जयवीर, उसके दो साथी या उसकी भाभी उठा ले गई। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद घर से फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### 11 वर्षीय बालिका ने बनाया वीडियो



**जिस** समय जयवीर हथियार हाथ में लेकर सुनीता के घर में आया था और उसके जाने तक की घर में मौजूद 11 वर्षीय बेटी ने मोबाइल से उसकी वीडियो बनाते हुए फोटो भी खींच लिए। ताकि आरोपी की हरकत कैद हो सके।

# वाहन की चपेट में आकर चीता की मौत

**गुरुग्राम।** मानेसर के पास बीती देर रात एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक चीता की मौत हो गई। लोगों ने पुलिस एवं वाइल्ड लाइफ अधिकारी को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस एवं वाइल्ड लाइफ टीम मौके पर पहुंची।



मिली जानकारी अनुसार एनएच-8 पहाड़ी क्षेत्र मानेसर से बीती रात दो बजे के लगभग एक डेढ़ वर्ष चीता जंगलों से घूमता हुआ सड़क पर आ निकला। सड़क पर घूम रहे चीता को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और उसका मुंह कुचल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस एवं वाइल्ड लाइफ अधिकारियों को फोन किया। अधिकारी चीता को राष्ट्रीय पक्षी उद्यान सुल्तानपुर झील ले गए। जहां डॉक्टरों की टीम ने चीता का पोस्टमार्टम किया। सुलतानपुर झील में गहरा गड्ढा खोदकर मृत चीता का अंतिम दाह संस्कार कर दिया। पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

बता दें कि पिछले 10 साल के दौरान मानेसर में हुए हादसों में तीन तेंदुए मारे जा चुके हैं। वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ता अनिल गंडास कहते हैं कि सभी को पता है कि मानेसर के नजदीक कई वन्य जीव रहते हैं। इसके बाद भी उनकी सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया जाता।

# वाटिका सिटी आरडब्ल्यूए पर फंड के दुरुपयोग का आरोप

## वहां के निवासियों ने किया आरडब्ल्यूए का विरोध

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पारदर्शिता** की मांग करते हुए सेक्टर-49 स्थित वाटिका सिटी के 400 से अधिक निवासियों ने रविवार को आरडब्ल्यूए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी सुविधा प्रबंधन एजेंसी एनवायरो को लेकर कहा कि कई सालों से बेहतर सुविधा मुहैया करा रही है, उससे वे संतुष्ट हैं। जबकि आरडब्ल्यूए फंड का दुरुपयोग करती है और अपनी मनमानी चलाती है।

वाटिका सिटी के निवासी संजय मल्होत्रा, विनीता मोहंती ने कहा कि हम अपने आरडब्ल्यूए अध्यक्ष गिरिराज गुप्ता और महासचिव अनिल मल्होत्रा के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले कई वर्षों से वे फंड का दुरुपयोग कर रहे हैं और तानाशाही कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से रखरखाव लागत के बारे में उन्होंने जो निर्णय लिया है वह पूरे सोसाइटी को प्रभावित करने वाले निर्णय है। जिसमें 75 करोड़ का मेंटेनेंस खर्च शामिल है और मुखौटा पेंटिंग के लिए 5.5 करोड़ के खर्च भी उस निर्णय मे से एक हैं। इसके अलावा कई अन्य निर्णय हैं जो वे पिछले कुछ वर्षों से ले रहे हैं। हम इसके खिलाफ हैं और अपने उप-कानूनों को परिभाषित करना चाहते हैं और अब उन्हें ऐसा करने की बिल्कुल ही अनुमति नहीं देंगे।



गुरुग्राम में वाटिका सिटी आरडब्ल्यूए पर फंड के दुरुपयोग व अन्य समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करते वहां के निवासी।

वाटिका सिटी अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन ने इस संबंध में जिला रजिस्ट्रार से भी शिकायत की थी। जिला रजिस्ट्रार ने एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव पर जुर्माना लगाया है और निर्देश दिया है कि एजेंसी, सेवा प्रदाता, प्रॉपर्टी मैनेजर और कार्य के लिए एसोसिएशन के उप-कानूनों का पालन करने के लिए चयन समिति द्वारा सेवा प्रदाता की कार्य का मामला अन्य अधिकारियों के रूप में केवल बोर्ड को ऐसा करने का अधिकार है।

# संक्षिप्त समाचार

## कुआं पूजन कर दिया बेटी बचाने का संदेश



**गुरुग्राम।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाई की दिशा में सकारात्मक पहल करते हुये यहां के सेक्टर-10 में रह रहे गांव जनौला निवासी संजीव कुमार यादव ने बेटी के जन्म पर कुआं पूजन कार्यक्रम किया। इस मौके पर संजीव कुमार के पिता मित्तर सिंह यादव एवं माता सुमित्रा यादव ने कहा कि बेटियां घर की लक्ष्मी होती हैं। इन्हें जन्म देकर हमें समाज में घट रही बेटियों की संख्या बढ़ानी चाहिये। बेटियों से ही घर-संसार है। बेटी के पिता संजीव कुमार एवं माता पारुल यादव ने कहा कि अगर बेटियां नहीं होंगी तो बहु कहां से लायेंगे। बेटियों ने आज देश का नाम रोशन कर रखा है। खेल, फैशन, सेना आदि सब क्षेत्रों में बेटियों ने परचम लहरा रखा है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो बेटी बचाने की पहल हरियाणा से की है, उस पहल को जारी रखना है। इस मौके पर रिश्ते में बेटी मायरा यादव के दादा महावीर यादव, प्रह्लाद यादव, प्रेम सिंह यादव ने भी इस कार्यक्रम पर खुशी जताते हुये कहा कि यह अच्छा प्रयास है। समाज में हर किसी को बेटियों के जन्म पर खुशियां मनाकर अच्छा संदेश देना चाहिये।

## डिस्पोजल बर्तनों में खाद्य सामग्री देने पर रोक की मांग

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की जिला बार में बनी कैंटीन में प्लास्टिक के डिस्पोजल बर्तनों में खाद्य पदार्थ, सामग्री धड़ल्ले से दी जा रही है। इस पर कोई रोक नहीं लग पा रही है। जबकि इस बाबत सरकार और संस्थानों खूब मुहिम भी चलाई है। जिला बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष जितेंद्र कौशिक अधिवक्ता का कहना है कि इस बारे में जिला बार को भी शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान होता दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने जिला बार एसोसिएशन से आग्रह किया है कि इस संबंध में समुचित कार्रवाई की जाए और दुकानदारों को हिदायत दी जाए कि वे डिस्पोजल आईटम्स की जगह शीशे के गिलास अथवा मिट्टी के कुल्हड़ इस्तेमाल करें और उन्हीं में चाय आदि उपलब्ध कराएं, जिससे संभावित बीमारियों से बचा जा सके।

## प्रदेश में बढ़ रहा क्राइम, कानून नाम की चीज नहीं : प्रदीप कांबोज



**इन्द्री।** इनेलो प्रत्याशी प्रदीप कांबोज ने शनिवार को शहर-गांव में जाकर डोर टू डोर चुनाव प्रचार कर चश्मे के सामने वाला बटन दबाकर वोट डालने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ हल्का प्रधान भारत मंढाण, नरेश गोरगढ़, उमेश रींडल व देश राज ब्याना सहित काफी साथी मौजूद रहे। जनसंपर्क के दौरान प्रदीप कांबोज ने कहा कि जिस तरह से उन्हें हल्के व प्रदेश की जनता का विश्वास मिल रहा है उसे देखते हुए अब की बार प्रदेश में इनेलों की सरकार बननी तय है और मैं विधायक बनते ही इंन्द्री हल्के की तस्वीर बदलने का काम करुंगा। प्रदीप कांबोज ने कहा कि जिस तरह से आज किसान, मजदूर, व्यापारी सहित सभी वर्गों के लोग भाजपा के कुशासन से दुःखी है इनेलो की सरकार बनते ही हर वर्ग के लोगों के लिये कल्याणकारी योजनओं को लागू किया जाएगा। सभी को साथ लेकर एक समान नीति के तहत विकास के काम करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी की गलत नीतियों के चलते प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या गढ़ गई है। हमारी सरकार आने पर लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर बेरोजगारी की समस्या को खत्म करने का काम किया जाएगा। प्रदेश के क्राइम बढ़ रहा है कानून नाम की कोई चीज नहीं है इन सब समस्याओं को दूर प्रदेश में राम राज्य स्थापित किया जायेगा। इस मौके पर पवन पांचाल, सुमित कांबोज, पवन चौंगावा, ओमबीर, टोनी सहित कई अन्य मौजूद रहे।

## निरंकारी संत समागम का आयोजन 22 को

**गुरुग्राम।** धार्मिक संस्था संत निरंकारी मंडल द्वारा सेक्टर 29 स्थित हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हुडा) जिमखाना क्लब निकट मैदान में निरंकारी संत समागम का आयोजन 22 अक्टूबर को सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के सानिध्य में किया जाएगा, जिसमें गुरुग्राम, दिल्ली तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। संस्था के जिला संयोजक एमसी नागपाल ने बताया कि संत निरंकारी मिशन एक अध्यात्मिक विचारधारा है जो प्रभु परमात्मा निरंकार में विश्वास करती है, जिसका किसी व्यक्ति की जाति रंग, भेद, धन, भाषा, धर्म, संस्कृति एवं स्थिति आदि से कोई सरोकार नहीं हैं। मिशन सभी व्यक्तियों को आपसी प्रेम, एकता, अमन, शांति और भाईचारा बनाने की प्रेरणा देता है। निरंकारी संत इसी प्रेरणा को अपना कर हिन्दू, मुस्लिम, सिख ईसाई न होकर केवल मानव बनकर मानव मात्र के लिए कल्याण कार्य कर रहे हैं। यह समागम इसी विभिन्नता में एकता का परिचायक होगा तथा सभी मानव एक साथ बैठ कर निराकार प्रभु का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था के सदस्य जुटे हुए हैं।

## भगवान दास कबीरपंथी ने वोट को लोगों से की अपील



**तरावड़ी।** हल्का नीलोखेड़ी में भाजपा प्रत्याशी भगवान दास कबीरपंथी ने ईदगाह बस्ती व शहर तरावड़ी में लोगों को भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। रविवार को गांव के लोगों ने प्रत्याशी भगवान दास का फूलमालाओं से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे पिछले कार्यकाल में आपके शहर को विकास की दरकिनार जो मिली हुई थी उसको मैंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आशीर्वाद द्वारा आपके शहर को विकास कार्यों की झड़ी लगा दी और आगे भी आप लोगों ने अगर मौका दिया तो भी मैं कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। इस बार बीजेपी राज्य में 75 बार सीटें लेकर आएगी। बीजेपी को सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। हमने हरियाणा को एक ईमानदार मनोहर जैसा मुख्यमंत्री देना है जो पूरे हरियाणा के बारे में सोचें। पिछले 5 साल में जो काम किए हैं उससे जनता खुश है और फिर से भाजपा सरकार बनाएगी। आज विपक्ष बिखर चुका है और भाजपा के विजय रथ के सामने कोई नहीं टिक पाएगा। भाजपा के उम्मीदवार भगवान दास ने कहा कि उनके 5 साल के पिछले कार्यकाल में उन्होंने जनता के बीच रहकर उनकी सेवा की है। किसी भी क्षेत्र में विकास कार्यों में भेदभाव नहीं किया। गांव हो या शहर उन्होंने हर जगह करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने सभी कार्यों को सराहा भी है और इसी के चलते हुए पूरा यकीन है कि नीलोखेड़ी हल्का में एक बार फिर भाजपा को सेवा करने का मौका मिलेगा। तरावड़ी के ब्राह्मण समाज के लोगों ने कबीरपंथी को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र कामरा, मा. अमर सिंह, नरेश बंसल, विरेन्द्र बंसल, देवी दयाल शर्मा, बिल्लू शर्मा, दिलबाग शर्मा, राजेश खुराना, रमेश शर्मा आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# मतदान आजः 15 लाख वोटर लिखेंगे 69 प्रत्याशियों की किस्मत

## चुनाव सामग्री लेकर पोलिंग पार्टियां पहुंची मतदान केंद्रों पर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** विधानसभा आम चुनाव-2019 सोमवार को सुबह सात से शाम छह बजे तक रहेगा। मतदान में जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में 15 लाख से अधिक मतदाता चुनाव मैदान में उतरे 69 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 19 निर्दलीय प्रत्याशी भी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अतुल कुमार ने बताया कि फरीदाबाद जिला में पड़ने वाले सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में सर्विस वोटर्स को मिलाकर कुल मतदाताओं की संख्या 15 लाख 12 हजार 47 है, जिनमें 8 लाख 34 हजार 734 पुरुष मतदाता तथा 6 लाख 77 हजार 268 महिला मतदाता और 45 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। इनमें 1852 सर्विस वोटर्स भी शामिल है। सर्विस वोटर्स के वोट डाक से प्राप्त होंगे और ईवीएम के माध्यम से मतदान करने वाले मतदाताओं के लिए जिला में 1400 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

**3880 पोलिंग अधिकारी :** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सोमवार को मतदान करवाने के लिए जिले में सभी विधानसभा क्षेत्रों में 3880 पोलिंग अधिकारियों, 1540 पीठासीन अधिकारियों और 1540 सहायक पीठासीन अधिकारियों की टीमों को पुलिस, पैरामिल्ट्री फोर्स के जवानों के साथ मतदान केंद्रों पर भेजा गया है। जिला के पृथला विधानसभा में 210, फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा में 233, बडखल विधानसभा में 240, बल्लभगढ़ विधानसभा में 214, फरीदाबाद में 215 और तिगांव विधानसभा क्षेत्र में 288 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।





### विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं की संख्या

**विधानसभा** वार मतदाताओं के आंकड़े देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला के पृथला-85 विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 191676 है, जिनमें 103700 पुरुष, 87971 महिला तथा 5 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार फरीदाबाद एनआईटी-86 विधानसभा क्षेत्र में कुल 258714 मतदाता हैं, जिनमें 145365 पुरुष, 113343 महिला तथा 6 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। बड़खल-87 विधानसभा क्षेत्र में कुल 275293 मतदाता हैं, जिनमें 150371 पुरुष, 124908 महिला और 14 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। बल्लभगढ़ 88 विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 238531 है, जिसमें 133914 पुरुष, 104615 महिलाएं तथा दो ट्रांसजेंडर हैं। फरीदाबाद 89 विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 244444 है, जिसमें 132501 पुरुष, 11 111934 महिलाएं तथा नौ ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। इसी तिगांव 90 विधानसभा क्षेत्र में कुल 303389 मतदाता हैं, जिनमें 168883 पुरुष, 134497 महिलाएं तथा नौ ट्रांसजेंडर शामिल हैं।

**चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी:** निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का ब्यौरा देते हुए बताया कि पृथला विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के सोहनपाल छोकर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रघुवीर तेवतिया, इनेलो के नरेंद्र सिंह अत्री सहित 10 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इनमें पांच निर्दलीय शामिल है।

फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में कुल 18 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जिनमें भाजपा के नगेंद्र भड़ाना, इंडियन नेशनल कांग्रेस के नीरज शर्मा, इनेलो से जगजीत कौर पन्नू, जननायक जनता पार्टी के तेजपाल, बसपा के हाजी करामात अली और आप पार्टी के संतोष कुमार यादव शामिल है। इनके अलावा, इस विधानसभा क्षेत्र में छह निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में है। बड़खल विधानसभा क्षेत्र में 10 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जिनमें इनेलो के अजय भडाना, भाजपा की सीमा त्रिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विजय प्रताप सिंह, जननायक जनता पार्टी के इस्लामुद्दीन पप्पू के अलावा एक निर्दलीय प्रत्याशी भी है। इसी प्रकार, बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनमें भाजपा के मूलचंद शर्मा ,भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आनंद कौशिक, इनेलो के रोहतास सिंह ,आम आदमी पार्टी के हरेंद्र कुमार, बसपा के अरुण बिसला के अलावा तीन आजाद उम्मीदवार भी शामिल है। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से 9 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जिनमें भाजपा के नरेंद्र गुप्ता, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लखन कुमार सिंगला, जननायक जनता पार्टी के कुलदीप तेवतिया, आम आदमी पार्टी की कुमारी सुमन लता वशिष्ठ के अलावा दो आजाद प्रत्याशी शामिल हैं और तिगांव विधानसभा क्षेत्र से दो निर्दलीयों सहित 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है, जिनमें भाजपा के राजेश नागर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ललित नागर, इनेलो के उमेश भाटी और जननायक जनता पार्टी के प्रदीप चौधरी शामिल हैं।

## इन 11 दस्तावेजों से करें मतदान

**फरीदाबाद।** वोटर कार्ड न होने पर मतदाताओं के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अतुल कुमार ने 11 प्रकार के दस्तावेजों से अपने मत का प्रयोग करने को कहा है। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन मतदाता को अपना वोट डालने के लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त पहचान पत्र (एपिक) दिखाना होगा। उन्होंने बताया कि एपिक नहीं होने की स्थिति में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्र व राज्य सरकार के लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र, बैंक या डाकखाना द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, आधार कार्ड, जॉब कार्ड, एमपीआर के अंतर्गत आरजीआई की ओर से जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सांसद, विधायक या विधान पार्षदों को जारी पहचान-पत्र दिखाकर भी मतदाता अपना वोट डाल सकते हैं।

**DHFL** Changing Rules Changing Lives

**दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

राष्ट्रीय कार्यालय : एचडीआईएल हाउस, आठवीं मंजिल, अनंत कानेटकर मार्ग, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051.
शाखा कार्यालय : डीएचएफएल, ड्रीम्स मॉल, पहली मंजिल, एलबीएस मार्ग, भांडुप (पश्चिम), मुंबई 400078.

**माँग सूचना**

सिक्यूरीटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्सियल एस्सेट्स एवं इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट २००२ (उपरोक्त कानून की धारा १३(२) के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम २००२(उपरोक्त नियम) का नियम ३(१) के अंतर्गत तथा उपरोक्त नियम का नियम ३ के साथ उपरोक्त कानून की धारा १३(१२) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी ने उपरोक्त कानून की धारा १३(२) के अंतर्गत संबंधित सूचना(ओं) में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने हेतु ऋणकर्ता (ओ) को मांग पत्र जारी किया है। उपरोक्त संबंध में एक बार पुनः सूचना दी जाती है कि इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से ६० दिवस के अंदर माँग सूचना के दिनांक से भुगतान करने की दिनांक तक शेष व्याज राशि सहित ऋणकर्ता पूर्ण राशि का भुगतान करे, राशि को नीचे दर्शाया गया है। ऋणकर्ताओं का विवरण, मांग पत्र का दिनांक तक शेष राशि एवं ऋण राशि का पुर्नभुगतान हेतु जमानत का विवरण निम्न है। ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित संपत्ति क्रमशः डीएचएफएल को ऋणकर्ता (ओं) द्वारा गिरवी रख दी गई है।

| ऋण अनुबंध नं. मांग/ऋणकर्ता(ओं)/ प्रत्याभूति दाता/ओं का नाम | डिमांड नोटीस दिनांक एवं एनपीए दिनांक सहित राशि | धरोहर संपतियों का विवरण (अचल संपत्ति/यॉं) |
|---|---|---|
| (नई दिल्ली वेस्ट शाखा की एलसी नं. ००००००७८९), एशियन बुल्स कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स लि. (ऋणी), के अशांग (सहऋणी १) किर्शिंग जेम्स (सहऋणी २), | २६-०९-२०१९/ ₹२३१२०६४४/- (दो करोड इकतीस लाख बीस हजार छः सौ चवालिस) एनपीए (०१-०८-२०१९), | युनिट नं. २, प्रथम तल, विंग बी, टाइप स्क्वेयर, मित्तल इंड. इस्टेट के सामने, अंधरी कुर्ला रोड, अंधेरी पूर्व, मुंबई, मुंबई उपनगर, महाराष्ट्र ४०००९३ |
| (गुड़गांव शाखा की एलसी नं. ०००००६४५), अन्नपूर्णा एग्रोनिक्स मशीनरी प्रा.लि. (ऋणी), जतिन आनंद (सहऋणी १) तिशा आनंद (सहऋणी २), | २६-०९-२०१९/ ₹१६०२६८७ (सोलह लाख दो हजार छः सौ सित्यासी) एनपीए (०१-०७-२०१९), | एम - मशीन -नाम - एएमसी सीएनसी टुरेट पंच प्रेस, एपी - मॉडल - नं. टीएएन२५८एच |
| (नोएडा शाखा की एलसी नं. ००००२७४७), सीमा शर्मा (सहऋणी १), दिनेश कुमार शर्मा (सहऋणी १), | २६-०९-२०१९/ ₹८५७०२४४/- (पिचासी लाख सत्तर हजार दो सौ चवालिस) एनपीए (०१-०८-२०१९), | संपत्ती नं. ई-३७, तथा ई-३८, ग्राउंड फ्लोर तथा फोर्थ फ्लोर (छत अधिकार सहित), झिलमिल कॉलोनी, इलाका, शाहादरा, दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली ११००९५ |
| (नई दिल्ली शाखा की एलसी नं. ००००४६७९), नवनीत गुप्ता (सहऋणी १), भारती गुप्ता (सहऋणी २), | ४. २६-०९-२०१९/ ₹१५४५२७५६/- (एक करोड चौवन लाख बावन हजार सात सौ छप्पन) एनपीए (०१-०८-२०१९), | एमसीडी नं. २७४-ई, प्लॉट नं. ७२८, खसरा नं. ११५१/३, वॉर्ड नं. ७, नया म्युनिसिपल नं. ९१९-जी, मेहरौली, दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली ११००३० |
| (कडकडडुमा नोएडा शाखा की एलसी नं. ०००००८४१), नितिन नागपाल (ऋणी), जगदीश कुमार (सहऋणी १), | २६-०९-२०१९/ ₹२७७०२६८/- (सत्ताईस लाख सत्तर हजार दो सौ अडसठ) एनपीए (०१-०८-२०१९), | मकान नं. १५७, गली नं. १०, शिव मंदिर, वासुदेव नगर, दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली ११००१८ |
| ६. (नोएडा शाखा की एलसी नं. ००००२८४५), हिमांशु कुमार वर्मा (ऋणी), पूजा कुमारी (सहऋणी १), | २६-०९-२०१९/ ₹२५०४१००१/- (दो करोड पचास लाख इकतालिस हजार एक) एनपीए (०१-०७-२०१९), | प्लॉट नं. ९५, अवतार एन्क्लेव, पश्चिम विहार, नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली ११००६३ |
| (नोएडा सेक्टर २ शाखा की एलसी नं. ०००३८४२२), राजू राजू (ऋणी), | २६-०९-२०१९/ ₹१२७५८१५/- (बारा लाख पिचहत्तर हजार आठ सौ पंद्रह) एनपीए (०१-०७-२०१९), | एच/फ्लैट नं. २-जी, फ्लोर नं. कोंडली घरोली, प्लॉट नं. फेस-।।।, पॉकेट-२, सेक्टर, मयूर विहार-।।।, विलेज, नई दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली ११००९६ |
| (नोएडा शाखा की एलसी नं. ०००००७४३), अभिषेक गुप्ता (ऋणी), कनिका गुप्ता (सहऋणी १), जपाग एंड एसोशियेट्स (सहऋणी २), | २६-०९-२०१९/ ₹७४५३४२१/- (चौहत्तर लाख तिरेपन हजार चार सौ इक्कीस) एनपीए (०१-०४-२०१९), | लक्जरीया गोल्फ व्यू अपार्टमेंट में टॉवर नं. ६ में युनिट नं. ६१५-सी, सुशांत गोल्फ व्यू सिटी, लखनउ, लखनउ २२६००१ |
| (नोएडा शाखा की एलसी नं. ०००००९२४), अवधेश दहिया (सहऋणी १), दलजीत सिंह (सहऋणी १), स्पिकटेल टैक्नालॉजीस प्रा. लि.(सहऋणी २), | २६-०९-२०१९/ ₹३०३८२९८३/- (तीन करोड तीन लाख बयासी हजार नौ सौ तिरासी) एनपीए (०१-०६-२०१९), | फ्लैट नं. ३१७/ए, सतरावा तल, ब्लॉक ए, टॉवर नं. २, सेक्टर ।, पॉकेट डी, सुशांत गोल्फ व्यू सिटी, लखनउ, उ.प्र., लखनउ लखनउ २२६००१ |
| (नोएडा १ राजेंद्र प्लेस शाखा की एलसी नं. ०००००९६६), नितिन गुप्ता (ऋणी), बीजीएस फैशन्स प्रा.लि. (सहऋणी १), | २६-०९-२०१९/ ₹७७२१९२३/- (सतहत्तर लाख इक्कीस हजार नौ सौ तेईस) एनपीए (०१-११-२०१८), | युनिट नं. २००३, २० वा तल, टॉवर ओ, आम्रपाली हार्टबीट सिटी २, प्लॉट नं. जीएच-१/डी, सेक्टर - १०७, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर २०१३०१ |
| (गुडगांव शाखा की एलसी नं. ०००००४६३), अनिता जग्गी (ऋणी), जग्गी धर्मेष (सहऋणी १), | २६-०९-२०१९/ ₹८२३३७६६/- (बयासी लाख तैंतीस हजार सात सौ छासठ) एनपीए (०१-११-२०१८), | फ्लैट नं. १२ए०३ १२ए फ्लोर (दस्तावेज अनुसार), १३ वा तल, फिजिकली टॉवर नं. टी ५, प्लॉट नं. जीएच ०२, सेक्टर ११९, दि आरन्य हाइट्स, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, २०१३०१ |
| (दिल्ली जनकपुरी शाखा की एलसी नं. ०००००१२०), नंदलाल यादव ((ऋणी), मंजु यादव (सहऋणी १), | २६-०९-२०१९/ ₹१०८२८२७८/- (एक करोड आठ लाख अठ्ठाईस हजार दो सौ अठहत्तर) एनपीए (०१-०१-२०१८), | फ्लैट नं. १३१, १३ वा तल, टॉवर बी, लुंबीनी टैरेस होम्स, सेक्टर १०९, गुडगांव, गुड़गांव १२२००१ |
| (दिल्ली सफदरजंग शाखा की एलसी नं. ०००४१६३३), नरेश कुमार डागर (ऋणी), सुनील कुमारी (सहऋणी १), | २६-०९-२०१९/ ₹५८०१८६७/- (अठ्ठावन लाख एक हजार आठ सौ सडसठ) एनपीए (०१-०७-२०१८), | फ्लैट नं. ९०३, ९ वा तल, टॉवर बी२, एम३एम, वुडशायर, सेक्टर १०७, गुडगांव, गुड़गांव १२२००१ |
| (नई दिल्ली जनकपुरी शाखा की एलसी नं. ००००३८६४), संजीव कुमार बारला (ऋणी), संतोष कुमारी (सहऋणी १), | २६-०९-२०१९/ ₹६५५२३७७/- (पैसठ लाख बावन हजार तीन सौ सहहत्तर) एनपीए (०१-०७-२०१८), | फ्लैट नं. ११०१, ११ वा तल, टॉवर जी, कैपिटल गेटवे, सेक्टर १११, गुडगांव, गुड़गांव १२२००१ |
| (कडकडडुमा नोएडा शाखा की एलसी नं. ०००००१५७), विद्यानंद ठाकुर (ऋणी), लक्ष्मी नारायण ठाकुर (सहऋणी १), | २६-०९-२०१९/ ₹६८०१७०१/- (अडसठ लाख एक हजार सात सौ एक) एनपीए (०१-०१-२०१७), | फ्लैट नं. १९०१, १९ वा तल, टॉवर १, शुभकामना सिटी, प्लॉट नं. जीएच-०२/ए- सेक्टर-०१, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, जी बी नगर, गौतमबुद्ध नगर २०१३०८ |

यदि उपरोक्त ऋणकर्ता राशि का डीएचएफएल को भुगतान करने में असफल रहते है तो डीएचएफएल धरोहर संपत्ति के विरुद्ध उपरोक्त कानून की धारा १३(४) के अंतर्गत लागू नियमों के अनुसार ऋणकर्ता के स्वयं के परिणाम, मूल्य एवं पूर्ण जोखिम पर कार्यवाही करेगी । उपरोक्त ऋणकर्ता को अधिनियम के अंतर्गत उपरोक्त संपत्तियों स्थानांतरण चाहे वह विक्रय, लीज या अन्य किसी भी प्रकार से हो, डीएचएफएल की लिखित अनुमति के बिना रोका जाता है। कोई भी व्यक्ति जो इसका उल्लंघन या अवहेलना करता है तो वह नियम के उपलब्ध प्रावधानों के अंतर्गत कारावास एवं/अथवा दंड का भागी होगा।

हस्ताक्षर /
प्राधिकृत अधिकारी
दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 21.10.2019

## पुरानी रंजिश में युवक को बेरहमी से पीटा

**फरीदाबाद।** पुरानी रंजिश को लेकर अरुआ गांव में रहने वाले एक युवक पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने उसे लाठी-डंडों से पीट पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गए। घायल युवक को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घायल की पत्नी के बयान पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना छांयसा में दर्ज मामले के मुताबिक अरूआ गांव निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसका पति अजय गत 11 अक्टूबर की रात करीब नौ बजे घर से निकलकर गली में स्थित एक दुकान से कुछ सामान लेने के लिए गया था। दुकान से वह वापस घर आ रहा था। आरोप है कि रास्ते में उसके पति अजय को रामू, जयपाल, राजपाल, रामबीर, राहुल, भूरा, नरेश, शंकर व इनके परिवार की तीन महिलाओं ने घेरकर उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमला करने के बाद आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। घायल अजय को अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जांच अधिकारी जवाहर सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज होगा मतदान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिले** में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए पुलिस ने सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की है। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था इतनी सख्त होगी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। फरीदाबाद जिले की छह विधानसभा क्षेत्र के 1400 बूथ, 48 नाका ड्यूटी, 44 पेट्रोलिंग ड्यूटी के लिए छह हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

पुलिस आयुक्त केके राव के निर्देश पर मतदान के दौरान किसी भी बूथ के आस-पास कोई भी बाहरी व्यक्ति दिखाई दिया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। करीब 3500 पुलिसकर्मी फरीदाबाद पुलिस, 600 जवान फरीदाबाद होमगार्ड व्एसपीओ तैनात किए गए हैं। इसके अलावा नौ कंपनी पैरामिल्ट्री फोर्स की है, जिसमें दो कंपनी सीआरपीएफ, दो कंपनी मेघालय पुलिस, दो आईआरबी, दो कंपनी पंजाब पुलिस, दो कंपनी आईआरबी भौंडसी, एक कंपनी उतराखंड पुलिस, एक हजार जवान दिल्ली होमगार्ड और 200 पुलिसकर्मी गुरुग्राम से शामिल है।

पुलिस आयुक्त केके राव ने विधानसभा चुनाव के दौरान नाका ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को निर्देश देते हुए कहा है कि चुनाव के दौरान मतदाता को प्रलोभन देने के लिए कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा शराब व रुपये का प्रयोग किया जा सकता है। ऐसे व्यक्ति व वाहनो पर कड़ी नजर रखे और बारीकी से चैकिग करें। किसी भी तरह की अपराधिक गतिविधि को किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। फरीदाबाद जिला के सभी बॉर्डर एरिया पर कड़ी नजर रहेगी। सभी बॉर्डर पॉइंट पर नाके लगाकर सभी वाहनों की चैकिंग की जाएगी और सीसीटीवी कैमरे के द्वारा निगरानी रखी जाएगी। फरीदाबाद जिले की 6 विधानसभा सीटों के कुल 1400 बुथों में से 199 संवेदलशील व एक अति संवेदनशील बूथ चिन्हित किए गए हैं।

**PUBLIC NOTICE**

Public at large is hereby notified that my client Sh Bhopal Singh Chauhan S/o. Lt. Laxman Singh Chauhan R/oFlat No.2, Plot No.. 47, Panchmahal Apartment I.P.Extn. Patparganj, Delhi-110092, has disowned/debarred his son namely Rajender Singh Chauhan and his wife Ramandeep Chauhan from all his moveable /immovable properties with immediate effect due to their intolerable conduct, hence my client shall not be responsible for the conduct, behavior, dealing acts, debts, credits of their said son and his wife. If any person/persons dealing with them shall do so entirely on his/her/their own risks and my clients shall not be responsible for the same. Sd/-

Rajesh Kumar
Advocate

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

I, Ayush Sharma, S/o. Hari Om Sharma, R/o. B-30, Garima Garden, Pasonda, Sahibabad, Ghaziabad, UP-201001 have changed my name from Ayush Sharma to Mohammad Ayush on 16.10.2019 for all purposes.

PD(8645)A

I, Ayush Sharma, S/o. Hari Om Sharma, R/o. B-30, Garima Garden, Pasonda, Sahibabad, Ghaziabad, UP-201001 have changed my religion from 'Hinduism' to 'Islam' on 16.10.2019 for all purposes.

PD(8646)A

# मिठाई, गिफ्ट पाकर खुश हुए बच्चे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जरूरतमंद** बच्चों के छात्रावास में जब गिफ्ट्स, मिठाई, खिलौने, पुस्तकें और पिज्जा, चिप्स और बिस्कुट लेकर साईनाथ सेवामयी परिवार फरीदाबाद की टीम पहुंची, तो वहां मौजूद छात्रों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। टीम के सदस्यों ने पहले बच्चों को पिज्जा खिलाया और उन्हें गिफ्ट्स और मिठाईयां भेंट कीं।

संस्था की प्रधान शम्मा गोला ने बताया कि तिकोना पार्क स्थित छात्रावास के गरीब और बेसहारा बच्चों के साथ कोई दिवाली नहीं मनाता है। इस बार उन्होंने अपनी संस्था के सदस्यों के साथ वहां दीपाली से पहले एक छोटा सा त्यौहार मनाया और इसे दिवाली मिलन का नाम दिया, जिसमें उन्होंने बच्चों को उपयोग की चीजें दीं। इनमें टीशर्ट्स, टॉयज, बॉल, बैडमिंटन रैकेट, लाइट बॉल्स, म्युजिकल गन, फुटबॉल, क्रिकेट सैट, खाने का सामान, फ्रूटी, चॉकलेट्स, केक, बिस्कुट, टॉफियां, फल, आईसक्रीम इत्यादी शामिल है। खेलों के लिए बच्चों और स्टाफ को पुरस्कार दिया। इस मौके पर सोनिया, कमल, रीना, विजीता, अजय, ललिता, सुषमा, योगिता, बिंदु, किशन राय, अनमोल, अनु अरोड़ा, ऋतु मल्होत्रा, शालिनी, मनु, ट्विंकल, हरिद्र, मनीष, नितिन, रजत, कंचन, कुनाल, कृष इत्यादी मौजूद थे।

# नरेन्द्र गुप्ता का कार्यकर्ता से प्रत्याशी बनना रहा चर्चाओं में

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**विधानसभा** चुनाव प्रचार के दौरान फरीदबाद लोकसभा क्षेत्र मे फरीदाबाद 89 विधानसभा क्षेत्र पूरे चुनाव के दौरान खासी चचाओं में रहा। इस विधानसभा से भाजपा ने एक ऐसे कार्यकर्ता को पार्टी का टिकट देकर नेता बना दिया, जो पिछले तीन दशक से अधिक समय से पार्टी की दरी बिछाने का काम कर रहा है। आज के दौर यह एक आश्चर्य से कम नहीं है कि एक आम कार्यकर्ता को यकायक पार्टी विधानसभा का टिकट दे दे। यही कारण है कि पिछले दो सप्ताह के चुनाव के दौरान हर कार्यकर्ता व भले आदमी ने नरेन्द्र गुप्ता का समर्थन करना अपना फर्ज समझा, क्योंकि पहली बार ऐसा हुआ है जब जनता से सीधे जुडे एक कार्यकर्ता को पार्टी ने नेता बनाया है।

असल में एक मैकेनिक के रूप में अपना व्यवसायिक जीवन शुरू करने वाले 59 वर्षीय नरेन्द्र गुप्ता आज कई बड़े-बड़ें कारखानों के मालिक हैं तथा कई ऐसे उत्पाद हैं, जिनको बनाने वाले वह एशिया के एकमात्र उत्पादक हैं। इसके बावजूद उनके सरल व सीधे स्वाभाव के चलते हर कोई उनका कायल है। उनके बारे में कहा जाता है कि जब कोई मिलता है, तो वह उनका ही होकर रह जाता है। उनके सीधे व सरल स्वाभाव व पार्टी के प्रति संपर्ण को देखते हुए भाजपा ने उनको सन 1994 में बल्लभगढ़ मंडल का अध्यक्ष बनाया और वह सन 2000 तक इस पद पर रहे। सन 2000 में उनको पार्टी के उद्योग प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया। सन 2004 में उनको इस प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी दे दी गई। सन 2007 में उनको प्रदेश कार्यकारणी का सदस्य नियुक्त किया गया, उसके बाद उनको प्रदेश भाजपा का कोषाध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया, जिस पर आज भी वह कार्यरत हैं। सेक्टर-15 के स्थाई निवसी नरेन्द्र गुप्ता इससे पहले सेक्टर-7 में रहते थे और कॉमर्स संकाय में स्नातक नरेन्द्र गुप्ता केवल भाजपा में ही सक्रिय नहीं रहे, बल्कि वह समाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़े रहे।

**ICICI Bank**
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चकली सर्किल, ओल्ड पाड्रा रोड, वडोदरा, गुजरात-390 007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पू). मुंबई-400 051
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., वीडियोकॉन टावर, झंडेवालान, नई दिल्ली-110 055

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा मैसर्स ओडियन बिल्डर्स प्रा. लि. एवं अन्य बनाम मैसर्स आईसीआईसीआई बैंक लि. नामक डब्ल्यू.पी. (सी) सं. 4768 वर्ष 2019 में पारित आदेश दिनांकित 15-05-2019 के अनुपालन में निम्नलिखित सम्पत्तियां नीचे दिए गए ढंग में नीलाम की जानी प्रस्तावित हैं :

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | सम्पत्ति का नक्शा | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | ओडियन बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार), राजेश बंसल, राम निवास बंसल, अशोक बंसल, अनु फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड, सुप्रीम स्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड, (सह-कर्जदार) एलबीडीईएल00001972695 | प्लॉट नंबर डी-112 एवं 113, ब्लॉक डी, प्रीत विहार कोआपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी लिमिटेड, प्रीत विहार, दिल्ली परिमाप क्षेत्रफल - 6480 वर्ग फीट |  | रू. 31,13,96,983. 80/- (09 अक्टूबर, 2019 को) | रू. 23,57,00, 000/- रू. 2,35,70,0 00/- | 02 नवम्बर, 2019 को अप. 2.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक | 12 नवम्बर, 2019 को पूर्वा. 11.00 बजे से |
| 2. | ओडियन बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार), राजेश बंसल, राम निवास बंसल, अशोक बंसल, अनु फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड, सुप्रीम स्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड, (सह-कर्जदार) एलबीडीईएल00001972695 | डी-112, ब्लॉक डी, प्रीत विहार कोआपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी लिमिटेड, प्रीत विहार, दिल्ली परिमाप क्षेत्रफल - 3240 वर्ग फीट | | रू. 31,13,96,983. 80/- (09 अक्टूबर, 2019 को) | रू. 12,00,70, 000/- रू. 1,20,07,0 00/- | 02 नवम्बर, 2019 को अप. 2.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक | 12 नवम्बर, 2019 को पूर्वा. 11.00 बजे से |
| 3. | ओडियन बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार), राजेश बंसल, राम निवास बंसल, अशोक बंसल, अनु फैशन्स प्राइवेट लिमिटेड, सुप्रीम स्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड, (सह-कर्जदार) एलबीडीईएल00001972695 | डी-113, ब्लॉक डी, प्रीत विहार कोआपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी लिमिटेड, प्रीत विहार, दिल्ली परिमाप क्षेत्रफल - 3240 वर्ग फीट | | रू. 31,13,96,983. 80/- (09 अक्टूबर, 2019 को) | रू. 11,56,00, 000/- रू. 1,15,60,0 00/- | 02 नवम्बर, 2019 को अप. 2.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक | 12 नवम्बर, 2019 को पूर्वा. 11.00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी नीलामी एजेन्सी श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड (यूआरएल लिंक - "https://property.samil.in") की वेबसाइट पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 11 नवम्बर, 2019 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को अपनी ऑफर उपरोक्त धरोहर राशि जमा (कालम ङ में वर्णितानुसार) सहित एक मोहरबंद लिफाफे में "सम्पत्ति के क्रय हेतु ऑफर" शीर्षांकित कर इस प्रकार प्रस्तुत करें कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल, वीडियोकॉन टावर, ब्लॉक ई-1, झंडेवालान एक्सटेंशन, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली-110055 में अथवा हमारे मार्केटिंग एजेन्ट श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड के द्वितीय तल, बेस्ट स्काई टावर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034 स्थित कार्यालय में 11 नवम्बर, 2019 को अथवा पूर्व अप. 5.00 बजे से पहले पहुंच जानी चाहिए। मार्केटिंग एजेंसी को नीलामी के सम्यक् संचालन के लिए नीलामकार के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। ईएमडी डीडी/पीओ राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड" के पक्ष में तथा दिल्ली में देय होना चाहिए। निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर 8657549734/9650193259 पर अथवा श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड के 9910453434 पर सम्पर्क करें। केवल बैंक/ई-नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त और पंजीकृत की गई निविदाएं ही नीलामी हेतु मान्य होंगी। प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

इसके अतिरिक्त माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उपरोक्त समादेश याचिका में दिए गए निर्देशों के अनुसार इच्छुक क्रेता/नीलामी प्रतिभागियों को विधिवत सूचना दी जाती है कि दो सम्पत्तियां नामतः प्लॉट नंबर डी-112 तथा डी-113 अलग अलग बेची जाने की स्थिति में, डी-112 तथा डी-113 को अलग करने वाली एक ऊर्ध्व विभाजक दीवार (वर्टीकल पार्टीशन वॉल), भू तल से शीर्ष तल तक निर्मित की जाएगी, यह स्पष्ट किया जाता है कि बैंक द्वारा सम्पत्तियों में से एक सम्पत्ति केवल इस शर्त पर बेची जाएगी कि एक सम्पत्ति की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि से खाते में बकाया पूरी राशि चुकता हो जाती है। कि यदि खाते में बकाया राशि चुकता होने में कमी रहती है और दूसरी सम्पत्ति के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं होती है तो बैंक द्वारा एक अकेली सम्पत्ति नीलाम नहीं की जाएगी।

उपरोक्त बाउण्ड्री वॉल का निर्माण स्वयं नीलामी क्रेता द्वारा, नीलामी बिक्री की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात अर्थात बिक्री प्रमाणपत्र के पंजीकरण के पश्चात किया जाएगा। विद्यमान निर्मित सम्पत्ति की योजना, जैसी कि यह प्लॉट नंबर डी-112 तथा डी-113 के बीच लाल रंग में प्रस्तावित बाउण्ड्री वॉल के साथ दर्शायी गई है, वर्तमान नीलामी बिक्री सूचना का भाग है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया www.icicibank.com/n4p4s देखें।

तिथि : 21 अक्टूबर, 2019
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# हर आईआईटी, एनआईटी शीर्ष पर पहुंचे : निशंक

● कहा कि एनआईटी, आईआईटी, आईआईआईटी, आईआईएसईआर में रिक्त पदों को भरने के लिए भी तेजी से काम किया जा रहा है

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**दुनिया** में भारतीय उच्च शिक्षण संस्थाओं की रैंकिंग बेहतर बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि हर आईआईटी, एनआईटी जैसी संस्था अलग अलग विषयों को पढ़ाते हुए एक विषय में उत्कृष्टता हासिल करें एवं शीर्ष पर पहुंचें तथा अपनी विशेषज्ञता को एक दूसरे से साझा करें।

निशंक ने एक साक्षात्कार में कहा, अपनी शैक्षणिक संस्थाओं की रैंकिंग को बेहतर बनाने के साथ हम इस बात पर जोर दे रहे हैं कि हर आईआईटी, एनआईटी किसी एक विषय में शीर्ष पर पहुंचे। वे बाकी विषय तो पढ़ाएं लेकिन एक विषय में शीर्ष पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि इस तरह से आईआईटी, एनआईटी अपनी अपनी उत्कृष्टता के विषय, अनुभव एवं विशेषज्ञता को एक दूसरे के साथ साझा करें। निशंक ने बताया कि हम आईआईटी बम्बई, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी मद्रास, आईआईटी खडगपुर, आईआईटी रूड़की, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी कानपुर की रैंकिंग को बेहतर बनाने की योजना पर भी काम कर रहे हैं। इस बारे में चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि एनआईटी, आईआईटी, आईआईआईटी, आईआईएसईआर में रिक्त पदों को भरने के लिए भी तेजी से काम किया जा रहा है।

नई शिक्षा नीति पर विचार विमर्श सहित प्रक्रियाएं पूरा होने का संकेत देते हुए निशंक ने कहा कि नीति पेश किए जाने की प्रक्रिया के अंतिम चरण में है तथा इसे जमीनी स्तर पर बिना किसी अवरोध के लागू करने के लिए पांच वर्ष का खाका तैयार किया गया है। उन्होंने कहा, 33 साल के अंतराल के बाद तैयार इस नई शिक्षा नीति के मसौदे पर संभवत: दुनिया का सबसे बड़ा विमर्श किया गया है जिसमें करीब सवा दो लाख सुझाव सामने आए हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या नई शिक्षा नीति को 11 नवंबर को राष्ट्रीय अध्यापक दिवस के अवसर पर पेश किया जाएगा, मानव संसाधन विकास मंत्री ने कहा, यह पेश किए जाने के अंतिम चरण में है। इसे उचित समय पर जल्द लाया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि बिहार, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान जैसे राज्यों ने शिक्षा पर खर्च संबंधी प्रावधानों पर अमल के लिए अतिरिक्त धन मांगा है, निशंक ने कहा, केंद्र की ओर से अभी भी राज्यों को मदद दी जा रही है। समग्र शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान सहित कई अन्य योजनाओं के तहत मदद दी जाती है। उन्होंने कहा, आगे भी ध्यान रखकर कोशिश की जाएगी कि इसके क्रियान्वयन के लिए और क्या कर सकते है।

नीति को लागू करने के संबंध में एक वर्ग की आशंका के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमने इसे लागू करने के लिए पांच वर्ष का एक खाका तैयार किया है। इसके लिए हमने इक्विप या शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन एवं समावेशन कार्यक्रम तैयार किया है। उन्होंने बताया कि हसमुख अधिया, के कस्तूरीरंगन सहित विशेषज्ञों द्वारा तैयार इस कार्यक्रम में शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने, दुनिया के उत्कृष्ठ पठन पाठन को बढ़ावा देने, उत्कृष्ठता को प्रोत्साहन देने, सरकारी सुधार, मूल्यांकन, एक्रीडिटेशन एवं रैंकिंग पर ध्यान देने, शोध एवं नवोन्मेष, रोजगार पर ध्यान देने तथा उच्च शिक्षा के वित्त पोषण पर जोर दिया गया है। इसे 80 विशेषज्ञों ने मिलकर तैयार किया है।

निशंक ने कहा कि नई शिक्षा नीति को लेकर दक्षिण भारत तथा पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के लोकसभा एवं राज्यसभा सदस्यों के साथ व्यापक परामर्श किया गया। सभी जन प्रतिनिधियों, राज्यों के सचिवों, निदेशकों तथा राज्यों के शिक्षा मंत्रियों से चर्चा की गई। यह पूछे जाने पर कि वैश्विक रैंकिंग में भारतीय संस्थाएं अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर रही है, मानव संसाधन विकास मंत्री ने कहा, दुनिया में जो रैंकिंग की व्यवस्था है, उनके अपने अलग ढंग के मानक होते हैं। हालांकि पहले की अपेक्षा हम तेजी से ऊपर आए हैं। इस बार 56 संस्थाएं वैश्विक रैंकिंग में आई हैं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं की रैंकिंग को बेहतर बनाने के लिए हमने परामर्श योजना शुरू की है। इसके तहत उच्च रैकिंग वाली संस्थाएं अपने आस पास के नीचे की रैकिंग वाली पांच संस्थाओं का मार्ग दर्शन करेंगी।

राष्ट्रीय शिक्षा आयोग के प्रस्ताव के बारे में एक सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि इसी प्रणाली पर केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड :केब: है। इसको लेकर विचार विमर्श चल रहा है। यूजीसी, एआईसीटीई के स्थान पर प्रस्तावित राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा आयोग के बारे में पूछे जाने पर निशंक ने कहा, इस संबंध में विचार यह था कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक छतरी के तहत ऐसी एक संस्था बने। यह प्रस्तावित है। भविष्य में देखेंगे कि इसे कैसे अमल होता है। हार्वर्ड, आक्सफोर्ड जैसे संस्थाओं को भारत में परिसर स्थापित करने की अनुमति देने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने सिर्फ इतना ही कहा कि भारत स्थित शैक्षणिक संस्थाएं दूसरे देशों की संस्थाओं के साथ एमओयू करते हैं। हाल ही में हमने आसियान देशों के साथ एक समझौता किया है जिसके तहत वहां के। हजार छात्रों को शोध का अवसर दिया जाएगा और यह आईआईटी में उपलब्ध कराया जाएगा।



नागपुर में रविवार को दीवाली त्योहार के पहले भीड़भाड़ वाले बाज़ार का एक दृश्य

# चिकित्सकों की मिलावटी मिठाइयों से परहेज की सलाह

**एजेंसी।** नई दिल्ली

● इनके सेवन से तबीयत खराब होने से लेकर जान जाने तक का खतरा

**त्यौहारों** के मौसम में चिकित्सा विशेषज्ञों ने लोगों को मिलावटी मिठाइयों से परहेज करने की सलाह दी है। श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट में सीनियर कंसलटेंट, इंटरनल मेडिसिन डॉ. अरविन्द अग्रवाल कहते हैं कि अब तो नकली दूध, नकली मावा, नकली देसी घी और यहां तक कि नकली फलाहार भी बाजारों में धड़ल्ले से बिक रहा है और अगर सावधानी न बरती जाए तो इनके सेवन से तबीयत खराब होने से लेकर जान जाने तक का खतरा है। उन्होंने बताया कि सेहत के नजरिए से खोया के सेवन में कोई बुराई नहीं है, लेकिन अगर यह दूध से बना होने के स्थान पर सिंथेटिक अर्थात नकली हो तो इसका इस्तेमाल करके बनाई जाने वाली मिठाई का सेवन शरीर के महत्त्वपूर्ण अंगों जैसे हृदय, किडनी, लिवर आदि को नुकसान पहुंचा सकता है।

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि त्यौहारों में दूध की मांग बहुत बढ़ जाती है और पूरा करने के लिए शैम्पू, डिटर्जेंट, यूरिया और अन्य घातक रसायन के मिश्रण से नकली दूध तैयार किया जाता है। ये खतरनाक रसायन खासकर यूरिया सीधे किडनी संबंधी रोगों को जन्म देता है और इसके लगातार सेवन से इसका असर लिवर पर भी होता है। उन्होंने बताया कि जानवरों की चर्बी और रसायनों की मदद से कृत्रिम तरीके से बनाए जाने वाले नकली देसी घी से पेट में इंफेक्शन हो सकता है और यह दिल की सेहत के लिए भी ठीक नहीं है। गुरुग्राम के कोलंबिया एशिया अस्पताल में पोषण और आहार विशेषज्ञ डॉ. शालिनी ब्लिस का कहना है कि त्यौहारों में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पुराने और खराब ड्राई फ्रूट्स को खूबसूरत पैकिंग में सजाकर आपकी सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा सकता है। इस तरह के मेवे फूड पायजनिंग का कारण बनते हैं। धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशेलिटी अस्पताल के डॉक्टर महेश गुप्ता, कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट बताते है कि एफएसएसएआई विभिन्न खाद्य पदार्थों को एक सामान्य व्यक्ति के खाने योग्य बताने वाला मानक है। ऐसे में कोई भी खाने की चीज लेते समय ध्यान दें कि वह एफएसएसएआई द्वारा मान्यता प्राप्त हो।



जम्मू में रविवार को शिया मुसलमानों द्वारा निकाले गए चेहल्लुम जुलूस के दौरान तैनात सुरक्षा कर्मी

# कमलेश तिवारी हत्याकांड का सच सामने आ चुका हैः मौर्य

**एजेंसी।** इंदौर (मध्यप्रदेश)



**हिन्दू** समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी के हत्याकांड को लेकर उत्तरप्रदेश पुलिस के खुलासे को सही ठहराते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को कहा कि इस सनसनीखेज वारदात का सच"लगभग" सामने आ चुका है।

उन्होंने यहां भाजपा कार्यालय में संवाददाताओं से कहाकि कमलेश तिवारी हत्याकांड का खुलासा हो चुका है। इस घटना का सच देश-प्रदेश के सामने लगभग आ चुका है। तिवारी की मां कुसुमा ने भाजपा के एक स्थानीय नेता शिव कुमार गुप्ता पर जमीन के विवाद को लेकर अपने बेटे की हत्या का इल्जाम लगाया है। इस बारे में पूछे जाने पर मौर्य ने कहाकि तिवारी की दुश्मनी किसी व्यक्ति के साथ हो सकती है। लेकिन वह एक अलग पक्ष है। तिवारी की माता निश्चित तौर पर बड़ी वेदना में होंगी। हम उनका पूरा सम्मान करते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहाकि तिवारी हत्याकांड की बारीकी से जांच हो रही है। मुझे लगता है कि उनकी हत्या करने वाले अपराधी फांसी के फंदे तक पहुंचेंगे। इसके लिए उत्तरप्रदेश पुलिस सभी आवश्यक कदम उठाएगी। मौर्य, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के सह प्रभारी भी हैं। महाराष्ट्र भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में कहा है कि पार्टी केन्द्र सरकार से"वीर सावरकर" के नाम से मशहूर हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न देने का अनुरोध करेगी।

भाजपा के 50 वर्षीय नेता ने एक सवाल पर कहाकि महात्मा गांधी और वीडी सावरकर एक-दूसरे के विरोधी नहीं थे। दोनों में इस मुद्दे पर कोई मतभेद नहीं था कि देश अंग्रेजी दासता से स्वतंत्र होना चाहिए। कांग्रेस द्वारा सावरकर को गांधी हत्याकांड के आरोपियों में से एक बताए जाने पर मौर्य ने कहाकि जब सावरकर इस मामले में आरोपों से बरी हो गए थे, तब क्या आपको (मीडिया) इस बारे में सवाल करना चाहिए? ऐसी हस्ती (सावरकर) पर सवाल खड़े नहीं किए जाने चाहिए, जिन्होंने हमें स्वतंत्र देश के नागरिक के रूप में जीवन जीने का अधिकार दिलाया। उन्होंने कहा, हमने भीमराव अम्बेडकर और सरदार पटेल को सम्मान दिया है। अब हम सावरकर को सम्मान देने जा रहे हैं। समय आने पर हम ज्योतिबा फुले, सावित्री बाई फुले और अन्य महापुरुषों को भी सम्मान देंगे।

जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सेना की जवाबी कार्वाई के बीच मौर्य ने कांग्रेस पर सेना के शौर्य को लेकर हमेशा सवाल उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कांग्रेस को सेना की सफलता का स्वागत करना चाहिए। लेकिन वे (कांग्रेस नेता) इस सफलता का प्रमाणपत्र मांगते हैं। जब भी देश में एकजुटता का संदेश दिए जाने की जरूरत होती है, तब कांग्रेस पाकिस्तान को फायदा पहुंचाने के लिए इस पड़ोसी मुल्क की भाषा का इस्तेमाल करने लगती है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने नोबेल पुरस्कार के लिए चयनित अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी के संदर्भ में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की टिप्पणी को लेकर शनिवार को सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मंत्रियों का काम कॉमेडी सर्कस चलाना नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था को सुधारना है। इस बयान पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने कटाक्ष किया, प्रियंका से पूछा जाना चाहिए कि उनके भाई राहुल गांधी पिछले लोकसभा चुनावों में अमेठी सीट से क्यों हार गए थे?

# अल्पसंख्यक आयोग को तीन वर्षों में मिली पांच हजार शिकायतें

**एजेंसी।** नई दिल्ली

● 55 फीसदी कानून और व्यवस्था से जड़ीं

**देश** में अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों ने पिछले तीन वर्षों में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के समक्ष करीब पांच हजार शिकायतें कीं जिनमें से 55 फीसदी कानून कानून-व्यवस्था से जुड़ी थीं और करीब 75 फीसदी शिकायतें मुस्लिम समुदाय से आईं।

आयोग की ओर उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2016-17 से 2018-19 के दौरान उसे कुल 5003 शिकायतें मिलीं जिनमें से 4646 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। अल्पसंख्यक आयोग को इस दौरान जो 5003 शिकायतें मिलीं उनमें सबसे अधिक 3703 शिकायतें मुस्लिम समुदाय से मिलीं। मुस्लिम समुदाय के बाद सबसे ज्यादा 340 शिकायतें सिख और 338 शिकायतें ईसाई समुदाय के लोगों की तरफ से आईं। देश के करीब 50 हजार की आबादी वाले पारसी समुदाय से इन तीन वर्षों में सिर्फ नौ शिकायतें मिलीं। शेष शिकायतें अन्य अल्पसंख्यक समुदायों से आईं।

आयोग का कहना है कि अल्पसंख्यक समुदायों की ओर सबसे ज्यादा शिकायतें उसे कानून-व्यवस्था से संबंधित मिलीं। इन तीन वर्षों के दौरान आयोग के समक्ष देश भर से कानून-व्यवस्था से जुड़ी 2860 शिकायतें आईं। अल्पसंख्यक आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की तरफ से सबसे ज्यादा शिकायतें कानून-व्यवस्था से जुड़ी होती हैं और इनमें भी पुलिस को लेकर ज्यादा शिकायतें आती हैं। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश होती है कि शिकायतें मिलने पर संबंधित प्रशासन से संपर्क कर मामले में कार्वाई सुनिश्चित की जाए। कानून-व्यवस्था से जुड़े बड़े मामलों में आयोग मौके पर अपनी टीम भी भेजता है। आयोग के मुताबिक गत तीन वर्षों में उसे सरकारी सेवाओं से जुड़ी 424, शिक्षा से जुड़ी 277 और धार्मिक अधिकारों से जुड़ी 184 शिकायतें भी मिलीं।

## महाराष्ट्र के कई हिस्सों में मतदान के दिन बारिश होने की आशंका

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कई हिस्सों में मतदान के दिन बारिश होने की आशंका है। मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि बारिश सोमवार को मतदान में खलल डाल सकती है। सोमवार को राज्य के लगभग 8.98 करोड़ मतदाता 288 सीटों पर 3,237 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने वाले हैं। पश्चिमी महाराष्ट्र में, कोल्हापुर और सतारा में रविवार को आंधी के साथ बारिश आई, जबकि राज्य के अन्य हिस्सों जैसे सांगली, नासिक, पुणे, रत्नागिरि और औरंगाबाद में मध्यम तीव्रता की बारिश हुई।

# विधायक को फ्लैट में ले जाने के मामले में उपनिरीक्षक बर्खास्त, चार पुलिसकर्मी निलंबित

**एजेंसी।** ठाणे

**महाराष्ट्र** के ठाणे जिले में जेल में बंद राकांपा विधायक को एक फ्लैट में ले जाने के मामले में एक उपनिरीक्षक को बर्खास्त करके चार सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि राकांपा विधायक रमेश कदम को शुक्रवार को बेचैनी की शिकायत के बाद ठाणे केन्द्रीय कारागार से चिकित्सकीय जांच के लिए मुंबई के जेजे अस्पताल ले जाया गया था। उसी दिन शाम में अस्पताल से लौटते समय उन्होंने घोड़बंदर रोड स्थित फ्लैट में जाने की इच्छा जताई थी। पुलिस को जब इस बारे में गुप्त सूचना मिली तो उसने फ्लैट में छापा मारा और जहां उसे रमेश, उनके मित्र राजू खरे और पुलिस कर्मियों के साथ ही 53.46 लाख रुपए की नकदी मिली। सोलापुर के मोहोल से राकांपा विधायक कदम को सरकार द्वारा संचालित अन्नाभाउ साठे विकास निगम में 150 करोड़ रुपए की कथित अनियमितताओं के लिए गिरफ्तार किया गया था। वह 21 अक्टूबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मोहोल से निर्दलीय उम्मीदवार हैं।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय एनपुरे ने पीटीआई-भाषा से कहा, उप-निरीक्षक रोहिदास पवार को भारतीय संविधान की धारा 311 (2) के तहत सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। चार सिपाहियों को निलंबित किया गया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। अधिकारी ने कहा कि घटना की पुलिस जांच में पाया गया है कि उप-निरीक्षक पवार विधायक कदम को एक निजी वाहन में फ्लैट में ले गए थे जबकि अन्य पुलिसकर्मियों से थोड़ी दूर इंतजार करने के लिए कहा था। पुलिस सूत्रों ने कहा कि नकदी मोहोल सीट पर कदम के चुनाव लड़ने के लिए थी।

## क्विक न्यूज

### बिहार में लोकसभा की एक, विधानसभा की पांच सीट पर आज मतदान

**पटना।** बिहार में लोकसभा की एक सीट तथा विधानसभा की पांच सीटों पर उपचुनाव के लिए सोमवार को मतदान होगा और उपचुनाव को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के सेमीफाइनल के तौर पर देखा जा रहा है। लोकसभा की समस्तीपुर और किशनगंज, सिमरी बख्तियारपुर, दरौंदा, नाथनगर और बेलहर विधानसभा सीटों के लिए शनिवार को चुनाव प्रचार थम गया था। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इन सभी सीटों पर कुल 51 उम्मीदवार चुनावी मैदान मे है जिनमे 6 महिला उम्मीदवार है। हालांकि, दरौंदा और सिमरी बख्तियारपुर सीट से कोई भी महिला चुनावी अखाड़े मे नही है। इन सभी सीटों पर चुनावी मैदान में डटे हुए कुल 51 उम्मीदवारों में जदयू और राजद के 44, भाकपा के तीन, कांग्रेस के दो, भाजपा एवं लोजपा के एकएक, 12 अन्य निबंधित दलों और 24 निर्दलीय प्रत्याशी शामिल है।

### देश में इंजीनियरिंग कालेजों को मान्यता देने के लिए आईआईटी फाउंडेशन

**नई दिल्ली।** देश मे इंजीनियरिंग कालेजों को अब नेशनल बोर्ड आफ एक्रेडिटेशन (एनबीए) द्वारा मान्यता नही दी जाएगी क्योकि यह भूमिका अब एक नई कंपनी आईआईटी फाउंडेशन फॉर एक्रेडिटेशन एंड असेसमेंट (आईएफएए) द्वारा निभाई जाएगी। कंपनी की स्थापना हाल में की गई थी जिसमें आईआईटी दिल्ली और आईआईटी खड़गपुर संस्थापक साझेदार है। कंपनी को एक सीईओ की तलाश है। एक वरिष्ठ अधिकारी एवं आईआईटी परिषद के एक सदस्य ने कहा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने मान्यता के प्रयोजन के लिए कंपनी कानून, 2013 के तहत एक सेक्शन-8 कंपनी का गठन प्रस्तावित किया था।

# कालका में लतिका को अपने विकास कार्यों पर पूरा भरोसा

● उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी भाजपा विधायक के विकास कार्यों को सराहा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**हरियाणा** की कालका विधानसभा से मौजूदा विधायक लतिका शर्मा के लिए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने जमकर प्रचार किया और लतिका शर्मा द्वारा कराए गए विकास कार्यों को भी सराहा है। कालका की जनता ने लतिका को 2014 में अपना जनप्रतिनिधि चुना था। 21 मार्च 1965 की जन्मी लतिका छात्र जीवन से ही राजनीति में जुड़ी रहीं और उन्होंने राजनीति के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के भी कार्यों में हिस्सा लिया है। उनके पिता आरसी शर्मा हैं और पति सुभाष शर्मा भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे हैं। लतिका अखिल भारतीय समाज उत्थान संस्था की संस्थापक हैं। लतिका शर्मा ने बताया कि जगमग योजना के तहत बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं 170 गांवों में यह बिजली कनेक्शन दिए गए हैं। निर्बाध रूप से क्षेत्र में बिजली देने के लिए प्रबंध किए गए हैं। पुराने ट्रांसफार्मरों को बदला गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायतों में महिलाओं के शैक्षिक स्तर को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और शहरी के तहत लोगों को आवास दिए गए हैं। लतिका ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति एप लांच किया गया है। दुर्गा शक्ति वाहिनी सेवा के अलावा दुर्गा रैपिड एक्शन फोर्स का भी गठन किया जा रहा है। खेलकूद को प्रोत्साहन देने के लिए कालका में स्पोर्ट स्टेडियम बनाया जा रहा है। छठ पूजा घाट का भी निर्माण किया जा रहा है। पेवर से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वह शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव करेंगी। निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी भाषा का माध्यम अपनाया जाएगा। मादक पदार्थ मुक्त राज्य बनाने में काम किया जाएगा। नए औद्योगिक केंद्रों की स्थापना से लोगों को रोजगार दिया जाएगा। मेडिकल संस्थानों में बढ़ोत्तरी की जाएगी। पर्यटन के क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाएगा। किसानों की आय को दोगुना करने के लिए सरकार उस दिशा में काम करेगी।

जनप्रतिनिधि चुने जाने के बाद लतिका ने अपने विधानसभा क्षेत्र में काफी विकास कार्य किए हैं। बीते पांच साल में लतिका ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम किया और सरकारी स्कूलों को उच्चीकृत किया खासतौर पर थपाली, धामन, घारी जैसे कई अन्य गांवों में स्कूलों को उच्चीकृत किया। स्कूल में पढ़ने वाली छत्राएं जो कि तीन मील से पैदल आती थीं उनके लिए नि:शुल्क परिवहन की व्यवस्था की गई है। कालिका के नानकपुर में एक पालीटेक्निक कालेज की भी स्थापना विधायक द्वारा की गई है। लतिका ने अपने विधान सभा क्षेत्र में कई अंडर पास सेतुओं का निर्माण भी कराया है। व्यस्तम और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अंडर पास का निर्माण किया गया है। अपने विधान सभा क्षेत्र में औद्योगिक विकास को भी गति लतिका ने दी है। इसमें 100 एकड़ के क्षेत्र में अत्याधुनिक तरीके से फल और सब्जी की मार्केट बनाई जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के तहत लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। मोरनी के पीएचसी सेंटर में डिजिटल एक्सरे मशीन लगाई गई है तथा पीएचसी में कमरों की संख्या बढ़ाई गई है। पीएचसी पिजौंर को पालीटेक्निक के लिए रजिस्टर्ड किया गया है। नानकपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। कई पीएचसी का सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है और डिस्पेंसरी का निर्माण किया जा रहा है। साफ पेयजल के लिए भी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पानी के संग्रहण के लिए बांध बनाए जा रहे हैं। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण और एसटीपी का विस्तारीकरण भी तेज गति से किया जा रहा है।

# भारतीय परंपराओं को नई शिक्षा नीति का हिस्सा बनाना जरूरी: नायडू

एजेंसी। नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने बुजुर्गों के प्रति बुरे बर्ताव को सामाजिक बुराई बताते हुए कहा है कि युवा पीढ़ी को इस बुराई से दूर रख कर देश के उज्जवल भविष्य के लिए भारतीय सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और इनके इतिहास को नई शिक्षा नीति का हिस्सा बनाना जरूरी है। नायडू ने रविवार को वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में कानूनविद के. परासरन को सबसे विख्यात वरिष्ठ नागरिक सम्मान से नवाजते हुए कहा, भारतीय सभ्यता में अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान का जो भाव हमें सिखाया जाता है, उन मूल्यों पर हमें गर्व है, जिसके कारण ही समाज में वरिष्ठ जनों को आदर के साथ शीर्ष स्थान पर प्रतिष्ठित किया जाता है।

उन्होंने कहा कि बुजुर्ग, परिवार की प्रतिष्ठा, परंपराओं और औचित्यपूर्ण मूल्यों के संरक्षक होते हैं। मौजूदा दौर में यह कड़ी टूट गई है जिसे इस पीढ़ी में जोड़ने की जरूरत है। उपराष्ट्रपति ने माता पिता को अकेले उन्हीं के हाल पर छोड़ने की नई पीढ़ी में बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बुजुर्गों के प्रति यह बर्ताव सामाजिक बुराई है और यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को अपनी संतान की उपेक्षा, भावनात्मक एवं शारीरिक शोषण का सामना करना पड़ रहा है। नायडू ने समाज, खासकर युवाओं की इस सोच में बदलाव की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि बच्चों को अपने परिवार के बुजुर्गों की देखभाल अपना अनिवार्य उत्तरदायित्व समझकर करनी चाहिए। उन्होंने कहा, भारतीय परंपराओं, संस्कृति, विरासत और इतिहास से जुड़े सभी पहलुओं को नई शिक्षा नीति में शामिल किए जाने की जरूरत है जिससे देश और युवा पीढ़ी को बेहतर भविष्य प्रदान किया जा सके। वरिष्ठ जन दिवस के अवसर पर परासरन को सम्मानित करने की सराहना करते हुए नायडू ने कहा कि 92 साल की उम्र में भी वरिष्ठ कानूनविद परासरन की आज भी सक्रियता उन्हें इंडियन बार का पितामह कहे जाने का वास्तविक हकदार बनाती है।





कराड (महाराष्ट्र) में चुनाव के लिए ईवीएम व अन्य सामग्री ले जाते हुए मतदान कर्मी

## पश्चिम बंगाल का साल्ट लेक, कई अन्य बड़े शहर सिकुड़ रहे हैं : जीएसआई

एजेंसी। कोलकाता

**भारतीय** भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के एक शीर्ष वैज्ञानिक ने दावा किया है कि कोलकाता के पूरब में स्थित साल्ट लेक क्षेत्र सतर्क करने वाली दर से सिकुड़ रहा है। जीएसआई के निदेशक डॉ संदीप सोम ने बताया कि साल्ट लेक का एक बड़ा हिस्सा जलाशयों और झीलों के भरने से बना है। यह इलाका भूजल की कमी की समस्या का सामना कर रहा है और भू- क्षेत्र के सिकुड़ने की यह एक वजह जो सकती है।

उन्होंने कहा कि ऐसी संभावना है कि पड़ोसी शहर कोलकाता के कई हिस्से भी सिकुड़ रहे हैं। जीएसआई के साल्ट लेक कार्यालय में जीपीएस स्टेशन द्वारा पिछले ढाई साल में दर्ज किए गए डाटा से यह खुलासा हुआ है कि यह इलाका करीब 19-20 मिमी प्रति वर्ष की दर से सिकुड़ रहा है। सोम ने कहा, चूंकि यह 300 किमी की परिधि के अंदर डाटा जुटाने में सक्षम है, इसलिए हम यह भी कह सकते हैं कि कोलकाता सिकुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जीएसआई इस मुद्दे का समाधान करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारा जोड़-घटाव एक मिमी उर्ध्ववार या क्षैतिज गणना पर आधारित है। भूजल में कमी या टेक्टोनिक प्लेटों की गतिविधियों के चलते भूमि सिकुड़ सकती है।

### जीपीएस स्टेशन द्वारा पिछले ढाई साल में दर्ज किए गए डाटा से हुआ खुलासा

सोम ने इस बात पर भी जोर दिया कि देश भर में बड़े शहर इसी समस्या का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, देश भर में लगाए गए जीपीएस स्टेशनों से इस बात का खुलासा हुआ है कि जयपुर, देहरादून, हैदराबाद और बेंगलुरु भी सिकुड़ रहे हैं...डाटा में आगे यह प्रदर्शित होता है कि हिमालय की पूरी तलहटी और इससे लगे इलाके भी अलग-अलग दर से सिकुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, जबकि हिमालय पर्वतमाला की ऊंचाई बढ़ रही है। पटना और नागपुर की भी ऊंचाई (समुद्र तल से) बढ़ रही है, ए सभी चीजें टेक्टोनिक प्लेटों की गतिविधियों के चलते हो रही हैं। जीएसआई निदेशक ने कहा कि भूक्षेत्र सिकुड़ने के मामले में जयपुर और साल्ट लेक शहर सर्वाधिक प्रभावित हैं। देश के पश्चिमी हिस्से के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि फोल्डिंग प्रोसेस (मुड़ने की प्रक्रिया) अभी जारी है। यह फोल्ड उस वक्त पैदा होता है, जब समतल सतह दबाव और तापमान के चलते मुड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिमी तट भी प्रभावित हो रहा है। तिरुवनंतपुरम और पुणे भी इस समस्या का सामना कर रहे हैं।

## तेलंगाना में अर्धसैनिक बल के जवान की चाकू मारकर हत्या

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के वारंगल जिले में जन्मदिन पार्टी के दौरान अर्धसैनिक बल के एक जवान की कथित रूप से चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने प्राथमिक जांच के आधार पर बताया कि शनिवार रात जिले के नरसमपेट नगर में जन्मदिन पार्टी में आए एक व्यक्ति ने एच प्रेम कुमार की चाकू मारकर हत्या कर दी। अधिकारी ने कहा कि जवान को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे हैदराबाद में एक अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। अधिकारी ने कहाकि उपलब्ध जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले छुट्टी पर आए जवान ने शनिवार रात अपने एक दोस्त की जन्मदिन पार्टी में शिरकत की जहां उसके कुछ दोस्तों के शराब में धुत हो जाने के बाद झड़प हुई और पार्टी में आए एक व्यक्ति ने जवान को चाकू मार दिया।

## पंकजा पर टिप्पणी के मामले में धनजंय मुंडे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

एजेंसी। बीड

**महाराष्ट्र** की मंत्री एवं अपनी चचेरी बहन पंकजा मुंडे पर एक चुनाव रैली में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में राकांपा नेता धनंजय मुंडे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंत्री के खिलाफ राकांपा नेता की टिप्पणियों वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इसके बाद बीड जिले के परली से ताल्लुक रखने वाले एक भाजपा नेता ने शनिवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

राकांपा नेता ने हालांकि कहा कि वो वीडियो वायरल हुआ है, उससे छेड़छाड़ की गई है और यह फर्जी है। उनकी टिप्पणियों को तोड़ा-मरोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के लिए उनके प्रतिद्वंद्वियों ने उन्हें खलनायक के रूप में पेश करने के लिए उनकी टिप्पणियों को तोड़ा-मरोड़ा है। दोनों चचेरे भाई-बहन परली से चुनाव मैदान में हैं। धनंजय राकांपा से तो पंकजा भाजपा की उम्मीदवार हैं। मौजूदा भाजपा विधायक पंकजा मुंडे पार्टी के दिवंगत नेता गोपीनाथ मुंडे की पुत्री हैं। महाराष्ट्र में सोमवार को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा।

पुलिस अधिकारी ने कहा, परली भाजपा अध्यक्ष जुगल किशोर लोहिया की शिकायत पर शनिवार देर रात धनंजय मुंडे के खिलाफ भादसं की धारा 500 (मानहानि), 509 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए शब्द, हावभाव का इस्तेमाल) और 294 (सार्वजनिक स्थल पर अश्लील कृत्य) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। लोहिया ने आरोप लगाया कि धनंजय ने पंकजा के खिलाफ 17 अक्टूबर को केज तहसील के विडा गांव में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान अश्लील टिप्पणयां कीं। भाजपा ने इस बारे में निर्वाचन आयोग और महिला आयोग से भी शिकायत की है। कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहां शनिवार रात शिरूर-कसार तहसील में राकांपा नेता का पुतला भी जलाया।

इस बीच, धनंजय मुंडे ने रविवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जानबूझकर उनकी छवि खराब करने और उन्हें खलनायक के रूप में पेश करने के लिए उनकी टिप्पणियों को तोड़-मरोड़कर सोशल मीडिया पर एक क्लिप वायरल की जा रही है। उन्होंने कहा, विडा में दिए गए मेरे भाषण के साथ छेड़छाड़ की गई है। यह (प्रतिद्वंद्वियों द्वारा) मुझे खलनायक बनाकर चुनाव जीतने का खुला प्रयास है। धनंजय ने कहा, मैं राजनीति में अपने खुद के दम पर सफल हुआ हूं। मैंने परली सीट का (2009 का उदाहरण देते हुए जब गोपीनाथ मुंडे ने अपनी बेटी को चुनाव मैदान में उतारा था) पंकजा मुंडे के लिए बलिदान कर दिया था। राकांपा नेता ने रेखांकित किया कि उन्होंने विडा में गुरुवार को भाषण दिया था और क्लिप शनिवार को वायरल हुई।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व प्रत्याशी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**किशनगंज (एजेंसी)।** बिहार के किशनगंज विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल और प्रत्याशी स्वीटी सिंह के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सदर अनुमंडल अधिकारी शाहनवाज अहमद नेयाजी ने बताया कि चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में अंचल अधिकारी शफी अहमद की लिखित शिकायत पर संजय जायसवाल और स्वीटी सिंह के खिलाफ सदर थाना में कल शाम प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि इस मामले में आगे की कार्वाई वीडियो की जांच के बाद की जाएगी। गुरुवार को तेघरिया स्थित नगर पालिका उपाध्यक्ष आंची देवी जैन के आवास पर आयोजित एक बैठक के दौरान जायसवाल द्वारा व्यापारी वर्ग को चुनाव के दिन अपने अपने प्रतिष्ठान बंद करने का आह्वान करने तथा दुकान के कर्मियों को 500 रुपए देने का प्रलोभन देने को लेकर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।



पटना में बिहार सरकार के विद्युत भवन पर कलाकारों द्वारा बनाई गई चित्रकारी का एक दृश्य

## पटना के बेजार विद्युत भवन में कला के करंट ने डाली नई जान

एजेंसी। पटना

**पूरे बिहार** में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कर लोगों के घरों, दुकानों, दफ्तरों को रौशन करने वाले विद्युत विभाग का यहां स्थित विद्युत भवन खुद बेजार और बेरौनक हुआ करता था, लेकिन कुछ कलाकारों ने मेहनत से इसमें अपनी कला का रंग भरा तो दिवाली से पहले यहां ऐसी जगमग हुई कि लोग इमारत को देखकर ठहर जा रहे हैं। अर्जेंटीना के दो कलाकारों समेत पांच कलाकार बीते तीन हफ्तों से इमारत की चार अलग-अलग दीवारों को अपनी कला से संवार रहे थे। इस इमारत में बिहार सरकार के विद्युत विभाग के कार्यालय हैं।

इनमें सबसे प्रमुख अर्जेंटीना के कलाकारों एमेनुएल अलानिज और फ्रेडरिका द्वारा पेंट किया गया 70 फीट का एक भित्ति-चित्र है जिसके जरिए जलवायु और जैव विविधता के संरक्षण का संदेश दिया गया। इस चित्र को हम सब रौशनी हैं शीर्षक दिया गया है। भवन की किनारे की दीवार पर बनी इस कलाकृति पर वहां से गुजरने वाले हर शख्स का ध्यान सबसे पहले जाता है। शानदार कलाकारी का यह नमूना हर किसी को आकर्षित कर रहा है। इमारत की दीवार को खिड़कियां बीच से बांटती हैं। दीवार के दाहिनी तरफ तरफ बनी कलाकृति में सलवार-कमीज पहने एक लड़की हाथों में चिड़िया पकड़े खड़ी नजर आती है। उसकी दो चोटियां बनी हुई हैं। उसके पीछे एक पेड़ नजर आ रहा है और सूरज की रोशनी पड़ रही है। लड़की के बगल में एक हिरण भी खड़ा है। इसी दीवार के बाएं हिस्से में एक बच्चा हाथ में पौधा पकड़े खड़ा है। उसके चारों तरफ हरियाली, रंग-बिरंगे फूल और वन्यजीव हैं। इस चित्र में एक बंदर भी नजर आ रहा है जो पेड़ की डाल से उलटा लटका हुआ है। एमेनुअल ने बताया, क्या कला लोगों को सोचने के लिए मजबूर कर सकती है? क्या यह उनका ध्यान खींच सकती है?

## लद्दाख मूल के पुलिसकर्मियों को जम्मू कश्मीर से अपने क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाएगा

एजेंसी। नई दिल्ली

**कश्मीर** और जम्मू क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर कार्यरत लद्दाख के 380 से अधिक पुलिसकर्मियों को शीघ्र ही लद्दाख स्थानांतरित किया जाएगा और उन्हें नए केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नया लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश 31 अक्टूबर को अस्तित्व में आ जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू कश्मीर पुलिस की विभिन्न शाखाओं में कार्यरत पुलिसकर्मियों के तबादले को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, लद्दाख मूल के करीब 385 पुलिसकर्मियों के तबादले को मंजूरी दे दी गई है और वे नए केंद्रशासित प्रदेश के अंतर्गत काम करेंगे। नया केंद्रशासित प्रदेश 31 अक्टूबर को अस्तित्व में आ जाएगा। ये पुलिसकर्मी लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश पुलिस के साथ काम करेंगे। लद्दाख केंद्रशासित पुलिस सीधे गृह मंत्रालय के अंतर्गत रहेगी।

कांस्टेबल से लेकर इंस्पेक्टर रैंक तक के इन पुलिसकर्मियों को चंडीगढ़ एवं अंडमान निकोबार द्वीप समूह जैसे अन्य केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिसकर्मियों के जैसे वेतन एवं भत्ते मिलेंगे। केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख की पुलिस एवं कानून व्यवस्था उपराज्यपाल के प्रत्यक्ष नियंत्रण में होगी और केंद्र उपराज्यपाल के माध्यम से इस ऊंचाई वाले क्षेत्र का प्रशासन चलाएगा। जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के अनुसार लद्दाख की विधानसभा नहीं होगी। यह अधिनियम कहता है कि जम्मू कश्मीर के वर्तमान राज्य के आईएएस और आईपीएस नियुक्ति दिवस 31 अक्टूबर को और उस दिन से वर्तमान कैडरों के अंतर्गत काम करते रहेंगे। लेकिन भविष्य में जम्मू कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेशों में नियुक्त किए जाने वाले अखिल भारतीय सेवा अधिकारी अरुणाचल, गोवा, मिजोरम, केंद्रशासित प्रदेश कैडर से होंगे जो केंद्रशासित प्रदेश कैडर के नाम से चर्चित है। पांच अगस्त को केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को प्राप्त विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर दिया था और उसे जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख केंद्रशासित प्रदेशों में बांट दिया था।

### जम्मू कश्मीर के रियासी में बलात्कार के दो आरोपी गिरफ्तार

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में अपहरण और बलात्कार के अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

## कश्मीर के स्कूलों में छात्रों की हाजिरी 20 फीसदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर में कहीं पर भी लोगों की आवाजाही पर कोई रोक नहीं है और कश्मीर में 20 फीसदी से थोड़ा ज्यादा और जम्मू में 100 प्रतिशत छात्रों ने स्कूल जाना शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 18 अक्टूबर तक 1,02,069 लैंडलाइन फोन कनेक्शन बहाल कर दिए गए हैं जबकि पिछले शुक्रवार तक 22 जिलों में 84 प्रतिशत मोबाइल फोन कनेक्शनों को चालू कर दिया गया है। कश्मीर घाटी में लैंडलाइन कनेक्शन दो महीने पहले चालू कर दिए गए थे जबकि 14 अक्टूबर को पोस्ट पेड मोबाइल कनेक्शन बहाल किए गए। केंद्र सरकार ने पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को मिले विशेष राज्य के दर्जे को खत्म कर दिया था और राज्य का दो केंद्र शासित प्रदेशों में बंटवारा कर दिया था। इसके बाद राज्य में लोगों और गाड़ियों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी।

## सावरकर के बजाय शिवकुमार स्वामीजी को भारत रत्न दिया जाए :सिद्धरमैया

एजेंसी। बेंगलुरु

**कर्नाटक** के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने रविवार को सुझाव दिया कि केंद्र को हिंदू महासभा के नेता वीर सावरकर के बजाय लिंगायत संत शिवकुमार स्वामीजी को भारत रत्न से सम्मानित करना चाहिए। शिवकुमार स्वामीजी का इस साल जनवरी में 111 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उन्हें वाकिंग गॉड के रूप में जाना जाता था। वह शिक्षा के प्रसारक और मानवतावादी थे। उनकी शख्सियत एवं कार्यों को दुनिया भर में सराहा जाता है। सिद्धरमैया ने मैसूर में संवाददाताओं से कहा, भाजपा को चाहे जो कुछ भी राय हो (सावरकर को भारत रत्न देने के बारे में), लेकिन मेरा मानना है कि सावरकर के बजाय भारत रत्न से शिवकुमार स्वामीजी को सम्मानित किया जाना चाहिए।

कांग्रेस नेता का यह बयान कुछ दिन पहले की गई उनकी एक टिप्पणी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि महात्मा गांधी की हत्या के मामले में सावरकर आरोपियों में शामिल थे। सिद्धरमैया ने कहा कि वह सावरकर का विरोध मुख्य रूप से इसलिए कर रहे हैं कि उन्होंने हिंदुत्व के जरिए सांप्रदायिकता फैलाई। चुनावी राज्य महाराष्ट्र में प्रदेश भाजपा ने अपने चुनाव घोषणापत्र में सावरकर को मरणोपरांत भारत रत्न देने का वादा किया है, जिस पर राष्ट्रव्यापी चर्चा शुरू हो गई है। सिद्धरमैया ने दोहराया कि सावरकर महात्मा गांधी की हत्या मामले में आरोपियों में एक थे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि यह अलग बात है कि उन्हें (सावरकर को) छोड़ दिया गया। कांग्रेस नेता ने कहा, उन्हें भारत रत्न देने की कोई जरूरत नहीं है। हम कहते आ रहे हैं कि भारत रत्न शिवकुमार स्वामीजी को दिया जाना चाहिए। चूंकि वह (सावरकर) हिंदुत्व के तरफदार थे, इसलिए हम इसका विरोध करते हैं। इसमें विवाद कहां है? बतौर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनवरी 2018 में पत्र लिख कर भारत रत्न से शिवकुमार स्वामीजी को सम्मानित करने का अनुरोध किया था। हालांकि, केंद्र ने इस बारे में कोई फैसला नहीं लिया है। सिद्धरमैया ने यह भी कहा कि वह खुद एक हिंदू हैं और कभी हिंदू विचारधारा का विरोध नहीं किया।

### तेंदुए के हमले में व्यक्ति की मौत के बाद गुजरात के पास 24 पिंजरे रखे गए

**वड़ोदरा (एजेंसी)।** गुजरात वन विभाग ने तेंदुओं को पकड़ने के लिए जूनागढ़ जिले में एक गांव के पास 24 पिंजरे रखे हैं।



कोलकाता में दीपावली त्योहार को देखते हुए सड़क के किनारे दीयों और खिलौनों की दुकान लगाये महिला व बच्चे

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 21 अक्टूबर, 2019



# गौ-संरक्षण पर जोर

## निराश्रित मवेशियों की दुर्दशा

**विडंबना** है कि गौ-संरक्षण पर जोर तथा गौरक्षकों के बढ़ते वर्चस्व के बावजूद गायें पहले की तुलना में एक प्रकार से ज्यादा अश्पृश्य होती जा रही हैं। कृषि में मशीनीकरण के चलते अब सांड़ों की आवश्यकता प्रजनन के सिवा और किसी काम में नहीं है। गौ वध पर प्रतिबंध के साथ ही पशु मेलों में गौरक्षकों के भय से गौवंश की बिक्री बंद होने से दूध न देने वाली गायें अब कृषि अर्थव्यवस्था पर बोझ बन गई हैं। गाय की कीमत घटने से महंगे चारे का खर्च उठाने में अक्षम किसान बूढ़ी व अनुत्पादक गायों को गांव के बाहर खुले क्षेत्रों में छोड़ देते हैं। बड़ी संख्या में आवारा मवेशियों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में फसलें नष्ट हो रही हैं। फसलों को नष्ट होने से बचाने के लिए किसान रातें खेतों में बने मचानों पर गुजारते हैं। इसके कारण अनेक किसान कर्ज व अवसाद का शिकार हो गए हैं। शहरी क्षेत्रों में आवारा मवेशी ट्रैफिक के लिए खतरा हैं तथा व्यस्त सड़कों पर अनेक दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। ऐसे में गौ-संरक्षण अपना उद्देश्य खो कर जनता की सांस्कृतिक चेतना से बाहर हो गया है, जबकि गाय को माता का दर्जा प्राप्त था। बूढ़ी व दूध न देने वाली गायें भूख प्यास से मर रही हैं। गायों के परिवहन पर कठोर नियंत्रण के बाद अब भैंसें उनका स्थान ले रही हैं। सात साल पहले हुई अंतिम गौ-गणना के अनुसार देशी गायों की संख्या में 29 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि क्रासब्रीड व मिल्च किस्मों की संख्या 6 प्रतिशत बढ़ी है। गौमांस के नाम पर गौरक्षकों के हमले होते हैं, पर वे गायों के संरक्षण या बूढ़ी गायों के लिए प्राकृतिक पर्यावास बनाने हेतु कुछ नहीं करते हैं।

अनेक शहरों ने आवारा मवेशियों पर नियंत्रण के तरीके खोजे हैं, पर वे



इनको पकड़ कर दूसरी जगह छोड़ देते हैं। हालांकि, सरकार गौशालायें व गौ-संरक्षण स्थल बना रही है, पर इनमें से अधिकांश अनाधिकृत, भीड़ से भरे तथा बस्तियों के निकट हैं जबकि उनको दूर होना चाहिए ताकि जानवरों व मनुष्यों में टकराव न हो। इसके साथ ही शहरों व गांवों में डेरियों व शेड के लिए मानक कानून होना चाहिये जिसमें मवेशियों की संख्या तथा उनके रखरखाव के लिए कर्मचारियों का विवरण शामिल हो। उनके लाइसेंसों व परमिटों का नवीनीकरण मवेशियों के स्वास्थय तथा मजबूत परिसर के आधार पर होना चाहिए। अवैध डेरियों को कठोर दंड देते हुए उनके पानी व बिजली कनेक्शन काटे जाने चाहिए। कुछ निगमों ने मवेशियों को बाड़े में रखने में अक्षम डेरियों पर भारी जुर्माने लगाने तथा मालिकों का पता लगाने के लिए गायों की बार-कोडिंग व्यवस्था की है। राज्य सरकारें स्वतंत्र रूप से तरीके विकसित कर सकती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ी मात्रा में लिंग-पृथक्कृत मवेशी वीर्य उपलब्ध कराने की योजना बनाई है ताकि अधिकांशत: मादा बच्चे पैदा हों। मध्य प्रदेश व हरियाणा ने मवेशियों को आवारा छोड़ना दंडनीय अपराध घोषित किया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित समिति ने चारा बैंक, आवारा मवेशियों के लिए राज्य द्वारा सब्सिडी, पशुओं के रखरखाव हेतु ग्रांट तथा गोबर व गौमूत्र से बने उत्पादों पर मूल्य नियंत्रण के व्यावहारिक सुझाव दिए हैं। उसने सांसदों व विधायकों से इस कोष में योगदान की अपील की है। लेकिन यह व्यवस्था नौकरशाही भ्रष्टाचार की शिकार हो गई और सरकार ने एक जिला मजिस्ट्रेट व चार अधिकारियों को अनियमितता के कारण हाल ही में सस्पेंड किया है। यदि हम गौ-संरक्षण के प्रति गंभीर हैं तो हमें उनके स्वास्थ्य व कल्याण की उसी तरह चिन्ता करनी चाहिए जैसे हम मनुष्यों की करते हैं। एक मूलाधिकार को राजनीतिक प्रतीकवाद में बदल कर हम कामधेनु का अपमान करेंगे।

# जनता के प्रति कांग्रेस की जवाबदेही

**सोनिया-राहुल-प्रियंका के बिना कांग्रेस की कल्पना नहीं की जा सकती लेकिन कांग्रेस के बिना भारतीय राजनीति की भी कल्पना नहीं की जा सकती है। पार्टी भले ही अत्यधिक कमजोर हो गई हो, पर अभी वह ध्वस्त नहीं हुई है।**

**देवाशीष भट्टाचार्य**
लेखक इंडिया इंटरनेशनल सेंटर से संबद्ध रहे हैं)





राजनीतिक पार्टियां प्रतिनिधिक लोकतंत्र में कामकाज के लिए बहुत जरूरी हैं क्योंकि बहुदलीय व्यवस्था जनता के लिए अनेक प्रकार के नीतिगत विकल्प उपलब्ध कराती है। इस प्रकार विचारणीय विकल्पों में मतदाताओं की आकांक्षाओं व हितों को पूरा करने की क्षमता होनी चाहिए। विपक्ष, खासकर पार्टियों के बीच गठबंधन उदारवादी लोकतंत्र की प्रमुख अवधारणा है। लेकिन मजेदार रूप से राजनीतिक पार्टियों का एक काम समान है। वे सभी सरकार बनाने या विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए राजनीतिक शक्ति प्राप्त करना चाहते हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव समाप्त हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 2014 व 2019 के संसदीय चुनावों में जीत हासिल की। इससे भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन गई है और कांग्रेस को लगातार दो चुनावों में हार का सामना करना पड़ा है। इस वर्ष के आम चुनाव में भाजपा ने 303 सीटें जीतीं व अपने सहयोगियों के साथ मिल कर राजग को 352 सीटें मिलीं। कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन केवल 91 सीटों तक सिमट गया और वह मुश्किल से ही 52 सीटें प्राप्त कर सकी। भाजपा का विजय प्रतिशत 70 तक पहुंच गया है क्योंकि उसने 437 सीटों पर चुनाव लड़ा तथा उसमें से 303 पर विजय प्राप्त की। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस अस्तित्व पर संकट का सामना कर रही है। भाजपा की शानदार विजय ने विपक्ष, खासकर कांग्रेस को कमजोर, दिशाहीन व अप्रासांगिक बना दिया है।

लेकिन विपक्ष इतना महत्वपूर्ण क्यों है? उसका महत्व केवल सरकारी निर्णयों पर स्पष्ट नकारात्मक प्रतिक्रिया देने वाले माध्यम के रूप में नहीं है, बल्कि वह अथक रूप से सत्तारूढ़ पार्टी को जवाब देने, रचनात्मक आलोचना करने तथा सरकार का प्रगतिशील विकल्प बनने का काम करता है। इस मोर्चे पर कांग्रेस में समग्र रणनीति तथा जीवन्तता का अभाव है और वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी में सत्तारूढ़ भाजपा से मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है। यह सच है कि अक्सर लोगों पर दुनिया को अपनी इच्छानुसार देखने का आरोप लगता है, न कि जैसी वह है। लेकिन क्या हमें एक समय रही महान राजनीतिक पार्टी का पतन देखने के लिए उपकरणों की आवश्यकता है? सर्वोच्च नेताओं से लेकर निचले स्तर के नेता तथा विधायक कांग्रेस छोड़ रहे हैं। इनमें से प्रमुख लोग पार्टी लाइन के खिलाफ अपने विचार भी प्रकट कर रहे हैं। संकेत हैं कि पार्टी में गहरे आंतरिक विवाद तथा टकराव हैं। गहराई से नजर डालने पर स्पष्ट होगा कि नेताओं द्वारा पार्टी छोड़ने या अपने विचार प्रकट करने का क्या कारण है। यथार्थ समझने वाले लोगों के लिए यह आश्चर्यजनक नहीं होगा।

पिछले अप्रैल में मैंने एक लेख में उल्लेख किया था कि स्वयं लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस की वापसी जरूरी है। मैंने लिखा था, 'दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में 133 साल पुरानी राष्ट्रीय पार्टी का सिकुड़ता राजनीतिक स्पेस न केवल पार्टी, बल्कि स्वयं लोकतंत्र के लिए चिन्ताजनक है। इसलिए कांग्रेस का पुनर्जीवन देश के लिए महत्वपूर्ण तथा पार्टी नेतृत्व के लिए चुनौती है। यह काम इसलिए और कठिन हो जाता है क्योंकि कमजोर नेतृत्व के सामने पार्टी के पुनर्निर्माण तथा अपनी टूटी छवि व आकर्षण बहाल करने की चुनौती है।'

डेढ़ साल बाद कांग्रेस की स्थिति और खराब हो गई है, जबकि जनता इतनी बुरी स्थिति की उम्मीद नहीं करती थी। मैंने पहले बताया था कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को क्या करना चाहिए और यह बात अब भी प्रासांगिक बनी हुई है। कटु यथार्थ यह है कि कांग्रेस ने बहुत लंबे समय से स्वेच्छाचारी की तरह व्यवहार किया है तथा अनेक उपयुक्त पार्टी कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित स्थान नहीं दिया है। पार्टी के प्रति स्वामिभक्ति का अर्थ अनिवार्य रूप से व्यक्तियों के प्रति स्वामिभक्ति बन गया। कांग्रेस को इन तथ्यों पर गंभीरता से गौर करना चाहिए।

आंतरिक रूप से लोकतंत्र वाली राजनीतिक पार्टी हमेशा लोकतंत्र के लिए अच्छी होती है, इसलिए पार्टी में आंतरिक लोकतांत्रिक मानक न केवल विकल्प, बल्कि अनिवार्यता हैं। इससे पार्टी का विघटन रुक सकता है, उसके राजनेता जवाबदेह बनते हैं तथा वह सार्थक संवाद कर सकती है।

पार्टी को स्वार्थी व भ्रष्ट पुराने नेताओं से मुक्ति चाहिए। पार्टी में सक्षम युवा नेता हैं जो पार्टी की पुरानी व सड़ी-गली व्यवस्था साफ कर सकते हैं।

अल्पकालीन राजनीतिक लाभ प्राप्त करने की इच्छा हमेशा दीर्घकालीन राजनीतिक हानि का कारण बनी है। राजनीति से समझौता करने के कारण ही जो कांग्रेस पहले लोकसभा चुनाव में 489 सीटों में 364 सीटें जीतने में सफल हुई थी, वह 2014 में 545 सीटों में से 44 सीटें ही प्राप्त कर सकी। हालांकि, जनता को पार्टी से ज्यादा उम्मीदें नहीं हैं, उसकी प्रगति की आवश्यकता पहले कभी इतनी नहीं थी।

कहा जाता है कि जीवन की तरह राजनीति में भी परिवर्तन एक स्थाई आयाम है। जो इस परिवर्तन का विरोध करते हैं वे जनता की व्यापक राय के खिलाफ खड़े होते हैं तथा इतिहास के गलत पक्ष में भी होते हैं। वर्तमान समय में कांग्रेस के लिए मिशिगन राज्य विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मुहम्मद अयूब की टिप्पणी महत्वपूर्ण है। उन्होंने लिखा है कि दो बड़ी चुनावी पराजयों के बावजूद वंश-परिवार अपना नियंत्रण छोड़ने को तैयार नहीं है और जानबूझ कर यह तथ्य नहीं स्वीकार कर रहा है कि इससे कांग्रेस के पुनः उभरने की संभावनायें नष्ट हो रही हैं। पार्टी के परिवार के साथ समीकरण ने उसके पुनर्जीवन की संभावनायें समाप्त कर दी हैं।

इस वर्ष के संसदीय चुनावों में शानदार विजय के बाद भाजपा 2024 के चुनाव में 333 सांसद बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है, वहीं कांग्रेस छोटी, हताश व संघर्षशील पार्टी बन गई है। वास्तव में कांग्रेस में पतन की शुरुआत सालों पहले शुरू हो गई थी, पर 2014 में नरेन्द्र मोदी की विजय के साथ इसकी गति और तेज हो गई। ऐसा नहीं है कि भाजपा नीत राजग सरकार कोई गलती नहीं कर रही है। आर्थिक अव्यवस्था के साथ ही व्यक्तिवाद के कारण पैदा राजनीतिक संस्कृति, उग्र-राष्ट्रवाद तथा घृणा की राजनीति से आम आदमी को बहुत चिन्ता है। इसके साथ ही सरकार अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों से निपटने में विफल रही है जिनमें कृषि संकट से लेकर बेरोजगारी तथा शहरी मध्य वर्ग व गरीबों में बढ़ता असंतोष है। विश्व भूख सूचकांक में भारत का स्तर और गिर कर इस साल 2010 में 95 की तुलना में 117 तक पहुंच गया है।

इस प्रकार कांग्रेस के लिए काफी राजनीतिक अवसर हैं। उसे केवल स्वयं को अवसर के उपयुक्त बनाना है। उसके सामने सही समय पर सही अवसर का लाभ उठाने की चुनौती है। फिर से एक परिवारी सदस्य को पार्टी की लगाम सौंप कर कांग्रेस ने भले ही अपने भीतर जारी विघटन रोकने में सफलता पाई हो, पर इससे भविष्य में मजबूत होने की बात सोचना उसकी गलती होगी। पार्टी नेतृत्व को समझना चाहिए कि पार्टी की आंतरिक राजनीति में कोई बड़ी व ज्यादा गहरी परिघटना घट रही है। वर्तमान राजनीतिक संस्कृति में यदि कांग्रेस भाजपा का विकल्प बनना चाहती है तो उसका एक सीमा तक विघटन भी एक बेहतर विकल्प होगा। इससे पार्टी की निचली कतारों में मौजूद युवा पीढ़ी को व्यापक स्वीकार्यता मिलेगी।

सोनिया-राहुल-प्रियंका के बिना कांग्रेस की कल्पना नहीं की जा सकती है, लेकिन कांग्रेस के बिना भारतीय राजनीति की भी कल्पना नहीं की जा सकती है। यदि ऐसा होता है तो यह दुखद तथा सर्वाधिक दुर्भाग्यपूर्ण मोड़ होगा जो हमें हमेशा के लिए बदल देगा। देश की सबसे पुरानी पार्टी भले ही अत्यधिक कमजोर हो गई हो, पर अभी वह ध्वस्त नहीं हुई है।

# कुर्दों पर भारी पड़े रूस और सीरिया

**गुइन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



रूस व उसके सीरियाई सहयोगी बशर अल असद की विजय हुई है, कुर्द पराजित हुए हैं तथा अमेरिका अपमानित होकर बाहर गया है। तुर्की-सीरिया सीमा पर यह तेज घटनाक्रम कुछ ही दिनों में हुआ। तुर्की के राष्ट्रपति, रीसेप तैय्यप इर्डोगान ने 7 अक्टूबर को डोनाल्ड ट्रंप को फोन किया जिन्होंने अचानक सीरिया में अमेरिका के कुर्द सहयोगियों को अकेला छोड़ दिया। अमेरिकी सैनिक सीरिया की उत्तरी सीमा पर अपने ठिकानों से पीछे हट गए जहां वे तुर्की हमलों से कुर्दों की रक्षा कर रहे थे। इससे इर्डोगान तेजी से आगे बढ़े।

तुर्क राष्ट्रपति ने घोषणा की कि वो सीरियाई लोकतांत्रिक बलों (एसडीएफ) को किनारे कर उत्तरी सीरिया के बड़े इलाकों पर कब्जा कर लेंगे जहां कुर्द प्रभुत्व वाले लड़ाके इस्लामिक स्टेट से लड़ने के लिए अमेरिका के प्रमुख सहयोगी थे। इर्डोगान ने एसडीएफ को आतंकवादी तथा तुर्की के लिए खतरा घोषित किया लेकिन ऐसा कुछ नहीं था।

सीरियाई कुर्द तुर्की के सीमा क्षेत्र में बहुसंख्यक हैं। उन्होंने कुछ वर्ष पूर्व अपने इलाके पर आईएस द्वारा कब्जे के प्रयासों का विरोध करने के लिए एसडीएफ का गठन किया था। उस समय सीरिया की नियमित सेना देश में विद्रोहियों से लड़ाई में उस क्षेत्र से पीछे हट गई थी। आईएस के खिलाफ संघर्ष में एसडीएफ अमेरिकी की प्रमुख सहयोगी थी। अमेरिका द्वारा हवाई हमले के रूप में समर्थन दिए जाने के बाद दस हजार से अधिक कुर्द लड़ाई में मारे गए थे। पिछले वर्ष के अंत तक उन्होंने आईएस को नष्ट कर दिया था और पूरे क्षेत्र में शांति थी। स्थानीय कुर्द व उनके अरब सहयोगी अपना शासन स्वयं चला रहे थे। कुर्द सीरिया के भीतर स्वायत्तता चाहते थे पर उन्होंने कभी आजादी की मांग नहीं की और तुर्की पर कभी हमला नहीं किया। फिर इर्डोगान उन पर हमले क्यों करना चाहते हैं?

इर्डोगान को कुर्दों से घृणा है क्योंकि तुर्की की जनसंख्या का पांचवां हिस्सा कुर्द नस्ल का है और उनमें से कुछ ने दशकों से गुरिल्ला व आतंकी



संघर्ष छेड़ रखा है। वे एक स्वतंत्र राज्य चाहते हैं। हालांकि, सीरिया के कुर्दों के साथ इस क्षेत्र के कुर्द अल्पसंख्यक तुर्कों के खिलाफ युद्ध नहीं लड़ रहे हैं पर इर्डोगान सीमा पर कुर्द संचालित एसडीएफ नहीं चाहते हैं। तुर्की ने पिछले शनिवार हमला किया और 36 घंटे तक सीरियाई कुर्दों का विनाश किया। स्पष्ट रूप से, इसके उत्तर में कुर्दों ने सीरियाई सेना को वापस आने और अपने रक्षा के लिए प्रार्थना की। हालांकि, वे सीरिया के तानाशाह बशर अल असद को पसंद नहीं करते हैं पर तुर्की के हमले में अपने घर स्थायी रूप से छोड़ने की तुलना में यह बेहतर है। लेकिन, यह पूरा मामला एक पहेली की तरह है। असद के रूसी सहयोगियों ने सीरियाई सेना को आगे बढ़ने की अनुमति क्यों दी जबकि ऐसा करने पर तुर्की सेना से उनका सीधे टकराव हो सकता है? आखिरकार, ब्लादिमीर पुतिन, इर्डोगान को सम्भावित सहयोगी के बतौर पेश कर रहें और वो भी इस तथ्य के बावजूद कि तुर्की व वर्तमान समय में उत्तर-अटलांटिक संधि संगठन-नाटो का सदस्य है।

सीरिया की सेना अब देश के उत्तर पूर्वी हिस्से में एसडीडफ के बिरोध के अगैर पहुंच रही है। इस प्रकार पूरे क्षेत्र पर पुनः कब्जा कर लेंगे जो सीरिया का संप्रभु क्षेत्र है। सीरिया के कुर्द अब भी दमिश्क के साथ स्वायत्तता पर बातचीत कर सकते हैं। मगर जमीनी स्तर पर वे सीरिया के एकमात्र गैर अरब अल्पसंख्यक हैं। कुल मिलाकर उनके पास कोई और विकल्प नहीं है।

इर्डोगान या तो अपमानित होकर पीछे हट सकते हैं या वो न केवल सीरियाई सेना बल्कि रूसी वायुसेना के हमले का खतरा उठाते हुए आगे बढ़ सकते हैं। इसी कारण सतही स्तर पर भले ही कुछ दखे पर भीतर कुछ और चल रहा है। हमें इसे रूसियों की एक शातिर चाल समझना चाहिए जो अमेरिकियों को सीरिया से बाहर निकालकर असद सरकार का पूर्वी सीरिया पर नियंत्रण स्थापित करने में सफल होंगे। पहले इर्डोगान ने अपने फोनकाल से ट्रंप को डरा दिया और ट्रंप ने कुर्दों को अकेले छोड़कर अपने सैनिक वापस बुलाने प्रारम्भ कर दिए। उसके बाद इर्डोगान ने हमला किया जिससे सीरियाई कुर्दों में अफरातफरी मच गई और उन्होंने दमिष्क से समझौता कर लिया।

सीरिया की सेना पांच वर्ष में पहली बार उत्तरी सीमा पर लौट आई है तथा इसके लिए उसे एक भी गोली नहीं चलानी पड़ी। उसने सावधानी से उन स्थलों पर हमला नहीं किया जहां से तुर्क देश में प्रवेश कर रहे थे। इर्डोगान ने युद्धविराम की घोषणा की है और अंततः वे अपने सैनिक वापस बुला लेंगे। वो कहेंगे कि एसडीएफ के बजाए सीरियाई सेना के नियंत्रण से अब कुर्दों का खतरा समाप्त हो गया है। ईरान भी इस स्थिति से संतुष्ट है क्योंकि अमेरिकी सैनिक सीरिया से लेबनान सुरक्षित गलियारा बनाने में उसके सामने बाधक थे।

हालांकि, इसका कोई सबूत नहीं है। लेकिन रूसी बहुत चालाक तथा ट्रंप अक्षम सिद्ध हुए हैं। ऐसा लगता है कि अपने नए तुर्क मित्रों को पीछे छोड़कर रूसी सीरियाईयों के साथ पुरानी दोस्ती निभाएंगे। हालांकि, इसमें जोखिम है, पर हो सकता है कि इर्डोगान भी इस समझौते में शामिल हों। लेकिन, आईएस के पुनर्जीवित होने की चिंता न करें क्योंकि हजारों आईएस लड़ाकुओं को कुर्दों ने कैदी बना रखा है। उनके लिए सीरियाई सेना के हाथ में पड़ने से बुरा और कुछ नहीं हो सकता।

## आप की बात

### पाक पर दबाव का असर

**पाकिस्तान** कश्मीर की जनता में 'फिलिस्तीन' जैसी आहत भावना पैदा करने में सफल नहीं हुआ है क्योंकि भारतीय राज्य और इस्राइल द्वारा संबंधित सरोकारों से निपटने के तरीके एकदम अलग हैं। सारी व्यवस्थागत कमियों, अक्सर की गई गलतियों व गलत कदमों के बावजूद भारत ने हमेशा 'शांति' की तलाश तथा इच्छा प्रकट की है व उसके लिए समुचित प्रयास किए हैं। यही भारतीय विमर्श की वैधता है। वैश्विक रूप से वर्तमान समय में व्याप्त भावनायें उन देशों को अलग-थलग करती हैं जो अतीत के रास्ते पर चलते रहना चाहते हैं। इनमें सीधी-सीधी बात करना तथा क्रूर दोमुंहेपन के प्रति कार्रवाई में अधीरता शामिल हैं। हाल में ट्रंप द्वारा अपने कदम वापस लेने से 'द्विपक्षीय' विमर्श को मजबूती मिली है। इसके साथ ही अरब शेखों ने कश्मीर पर पाकिस्तानी राग की अनदेखी की है तथा एफएटीएफ जैसे बहुपक्षीय संगठनों ने इस्लामाबाद पर लगातार दबाव डाला है। ये सब बदलते हुए समय के संकेतक हैं। इस प्रकार वर्तमान स्थितियों में केवल सामूहिक वैश्विक दबाव ही पाकिस्तानी अवस्थापना तथा उसकी दुष्टतापूर्ण क्षमताओं पर उपयुक्त नियंत्रण लगा सकता है।

– **सर्वेश सिंह**, प्रयागराज

### कश्मीर के हालात

**यह** मोदी की दूसरी सरकार की विजय है जिसने दुनिया व खासकर इस्लामी देशों को समझा दिया है कि अनुच्छेद 370 समाप्त करना संप्रभु देश के विधिक क्षेत्र में आता है। लेकिन जमीन पर कर्फ्यू जैसी स्थिति लंबे समय तक नहीं रहनी चाहिए अन्यथा अधिकारों के उल्लंघन, मूलाधिकारों के हनन व नस्लवादी व्यवहार पर बहस शुरू हो जाएगी। हमें मान लेना चाहिए कि कश्मीरियों की पहचान परिभाषित करने वाली यथास्थिति बदल गई है जो उनको मुख्यधारा से जोड़ती थी अत: अविश्वास पैदा हुआ है। लोकतंत्र के रूप में हमें कश्मीर में विरोध सहन करने तथा विरोधी विचारों को अभिव्यक्ति का अवसर देना चाहिए। राज्य का दुश्मन बताने पर वे और अलग-थलग होंगे। सैन्यीकरण ने आम कश्मीरी को डरा दिया है, जबकि उसे बताया जाना चाहिए कि परिवर्तन का उसके दिन-प्रतिदिन जीवन पर प्रभाव नहीं पड़ेगा तथा दीर्घकालीन रूप से उसमें बेहतरी आएगी। न केवल राजनीति, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को लंबे समय तक अधर में नहीं छोड़ा जा सकता है। संचार के इस युग में लोगों को 10 किलोमीटर चल कर फोन बूथ तक पहुंचना पड़ता है क्योंकि मोबाइल नेटवर्क शायद अभी कुछ समय और बंद रहेगा।

– **संजीव पोद्दार**, कानपुर

### चीन के साथ संतुलन जरूरी

**चीन** दुनिया में सबसे बड़ी व प्रभावशाली शक्ति के रूप में उभरना चाहता है। उसकी वृद्धि दर उल्लेखनीय रही है, हालांकि व्यापक रूप से फैली गरीबी अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी है। आज इस देश ने इतनी प्रगति कर ली है जहां तक पहुंचने में दूसरे देशों को एक शतादी लगी। इसके बावजूद चीन यह तथ्य अनदेखा नहीं कर सकता है कि उसकी भारत के साथ बहुत लंबी सीमा है और भारत भी इस जटिल दुनिया में उभरती हुई शक्ति है। ऐसे में दोनों देशों को एकसाथ आ कर वैश्विक शांति व सुरक्षा स्थापना के लिए काम करना चाहिए। दोनों देशों के बीच सहयोग का सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्षेत्र टिकाऊ विकास का ऐसा माडल तैयार करना है जो पश्चिमी माडल से काफी अलग हो। दुर्भाग्य से दोनों देश इसी माडल का अनुसरण कर रहे हैं। भारत भी चीन के साथ मिल कर बौद्धिक संपदा पर नियंत्रण करने वाले सिद्धान्तों पर विचार-विमर्श कर सकता है। अत: वर्तमान स्थितियों में परस्पर सहयोग जरूरी है।

– **नवीन सिंह**, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**अनुच्छेद** 370 पर संसद में चर्चा के समय कांग्रेस पार्टी ने विधेयक के पक्ष में वोट दिया था, इसके खिलाफ नहीं।

– **मनमोहन सिंह**
पूर्व प्रधानमंत्री



**अतीत** में मनमोहन सिंह ने तथ्य दबा कर कांग्रेस का बचाव किया है। तथ्यों को गलत तरीके से पेश करना एक पूर्व प्रधानमंत्री को शोभा नहीं देता है।

– **अमित मालवीय**
भाजपा सोशल मीडिया प्रकोष्ठ प्रमुख



**भारत** अपने पड़ोस तथा क्षेत्र में शांति व स्थिरता हेतु प्रतिबद्ध है। भारतीय सेना किसी खतरे का सामना करने में मित्रों से सहयोग करती रहेगी।

– **जनरल विपिन रावत**
सेना प्रमुख

# गोवंश की सुरक्षा व संरक्षण प्राथमिकताः योगी

## मुख्यमंत्री ने की पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक

● पशुपालकों व किसानों को बायोफ्यूल के विषय में जागरूक किया जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा है कि गोवंश की सुरक्षा और संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी की तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही गोवंश के लिये चलायी जा रही योजनाओं को पशुपालकों तक पहुंचाने के निर्देश पशुपालन विभाग के अफसरों को दिये।

मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर पशुपालन विभाग के अधिकारियों की बैठक में कहा कि निराश्रित गोवंश की समुचित देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पशुओं के लिए चलायी जा रही योजनाओं के प्रति पशुपालकों को जागरूक किया जाये। उन्होंने पशुपालन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने जनपद में गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण करें और इसकी रिपोर्ट शासन को भेजें। योगी ने कहा कि पशुपालन विभाग के अधिकारी गो-आश्रय स्थल में पशुओं की संख्या, उनके भरण पोषण की व्यवस्था जियो टैगिंग आदि का सत्यापन दीपावली से पूर्व कर लें। इसकी रिपोर्ट शासन द्वारा नियुक्त जिले के नोडल अधिकारी को दी जाए। नोडल अधिकारी सत्यापन की रिपोर्ट मुख्य सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध करायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालकों व किसानों को बायोफ्यूल के विषय में जागरूक किया जाये। बायोफ्यूल से किसानों की आय को दो गुना करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि दूध की गुणवत्ता को बढ़ाना आज की प्रमुख आवश्यकता है, जिससे हमारे मिल्क प्रोडक्ट अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक से होने वाली समस्याएं समय के साथ और गम्भीर होती जा रही हैं। प्लास्टिक, पशुओं की मौत का कारण बन रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतया प्रतिबन्धित कर दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पशुपालकों को पशुओं के टीकाकरण के लाभ के विषय में जानकारी दी जाये जिससे गोवंश आदि की सुरक्षा हो सके। बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, प्रमुख सचिव पशुपालन बीएल मीना सहित पशुपालन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विपक्ष की हताशा बनी भाजपा की ताकत

विधानसभा उपचुनाव

अभिषेक रंजन। लखनऊ



**2014 के** लोकसभा चुनाव, फिर 2017 का विधान सभा चुनाव और उसके बाद 2019 की शानदार जीत के जोश और उत्साह के आगे विपक्ष इस उप चुनाव में सरेंडर की भूमिका में दिखाई पड़ रहा है। बीजेपी के जोश के आगे विपक्ष की हताशा साफ नजर आती है। सोमवार को यूपी की 11 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मतदान होगा। बीजेपी केंद्र की मोदी और यूपी की योगी सरकार के काम-काज के साथ-साथ राष्ट्रवाद का कार्ड खेलते हुए जनता के पक्ष में पूरी तरह माहौल बनाने में जुटी है। 24 को चुनाव के नतीजे आएंगे और इस बार देखना है कि विपक्ष की दीवाली मनती है या सत्ता पक्ष में जीत का रंग और गाढ़ा होता है।

जिन 11 सीटों पर मतदान होना है उसमें से 9 सीटों पर बीजेपी काबिज थी। इसलिए उसको अपनी प्रतिष्ठा बचाए रखने के पूरे प्रयास करने होंगे। एक भी सीट कम हुई तो विपक्ष को भाजपा पर हमले का मौका मिल जाएगा। आमतौर पर उप-चुनाव में बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व प्रचार में नहीं उतरता है लेकिन इस उप चुनाव में जिस प्रकार सरकार से लेकर संगठन तक जुटे हैं उससे ऐसा प्रतीत है कि बीजेपी की जिद है वह सभी 11 सीटें जीतकर हार के मिथक को तोड़ना चाहती है। 11 में से प्रमुख तौर पर रामपुर, लखनऊ कैंट, इगलास और घोसी सीट पर सबकी सबकी निगाहें हैं। इस बार मुकाबला चौतरफा होगा। अबकी सपा-बसपा-कांग्रेस और भाजपा अलग-अलग मैदान में हैं। बसपा की पुरानी परम्परा थी कि वह उप-चुनाव में अपना प्रत्याशी नहीं उतारती थी लेकिन इस बार वह पूरी तरह से सक्रिय है।

अबकी बार बीजेपी के खिलाफ मुस्लिम वोटरों को लामबंद करना किसी भी पार्टी के लिए आसान नहीं होगा। बीजेपी को मुस्लिम महिलाओं पर भरोसा है तो उसे विपक्ष के वोटों के बंटवारे का भी फायदा मिल सकता है। मोदी-योगी के काम-काज के साथ अनुच्छेद 370 और 35ए भी जनता के बीच मुददा बन चुका है। हालांकि कांग्रेस प्रदेश की कानून-व्यवस्था का हवाला देकर सरकार को घेरने की कोशिश में लगी हुई है लेकिन सपा का नेतृत्व अभी भी प्रमुख विपक्षी दल की भूमिका नहीं निभा पा रहा है। विपक्षी दलों के प्रमुख नेता उप चुनाव में मैदान में दिखाई नहीं पड़े, चाहे कांग्रेस की प्रियंका, राहुल हो या फिर सपा के अखिलेश यादव, बसपा की मायावती तो सिर्फ अपने बयानों से ही सरकार को घेरने में लगी हुई हैं। सबसे बड़ी बात सपा के लिए है क्योंकि सपा का पिछड़ा वोट बैंक खिसक रहा है। लोकसभा चुनाव में मुस्लिम वोट बैंक में भी बसपा सेंध लगाने में सफ ल रही थी। मायावती को दलित वोट बैंक और मुस्लिम वोटरों के अधिक संख्या में सपा से छिटक कर बसपा के साथ आने की उम्मीद है। रामपुर में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अखिलेश पहुंचे तो लेकिन कोई करिश्मा नहीं दिखा पाए।

ऐसे बिखरे विपक्ष का पूरा लाभ सत्तारूढ़ दल को मिलने की संभावना है। उप चुनाव में बीजेपी संगठन के कई कार्यक्रम हर विधान सभा सीट पर हुए और बीजेपी के सभी मोर्चे तथा प्रकोष्ठों के कार्यक्रम भी हुए। एक प्रभारी मंत्री के साथ-साथ दो पदाधिकारियों को हर सीट पर लगाया गया। ऐसे में बीजेपी को इस चुनाव में सबसे बेहतर प्रदर्शन करना होगा क्योंकि राज्य में सरकार होने के बाद भी अगर बीजेपी चुनाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है तो विपक्ष के निशाने पर बीजेपी आ जाएगी। लखनऊ कैंट की विधायक रीता बहुगुणा के प्रयागराज संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद लखनऊ कैंट विधानसभा की सीट खाली हो गई थी। इस सीट पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस ने दिलप्रीत सिंह और बसपा ने अरुण द्विवेदी को उम्मीदवार बनाया है। जैदपुर सुरक्षित बाराबंकी से भाजपा विधायक रहे उपेंद्र सिंह रावत के बाराबंकी संसदीय सीट से सांसद चुने जाने के बाद यह सीट रिक्त हुई थी। उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने तनुज पुनिया को प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने अखिलेश आंबेडकर को टिकट दिया है। रामपुर से सपा के कद्दावर नेता आजम खां कई बार विधायक रहे हैं अब वह सांसद हैं। उनकी पत्नी को सपा ने प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने अरशद अली को टिकट दिया है।

बहराइच की बलहा सुरक्षित सीट के विधायक अक्षवर लाल बहराइच संसदीय सीट से सांसद हो गए हैं। इसलिए यहां उपचुनाव हो रहे हैं। बसपा ने रमेश गौतम व सपा ने किरन को मैदान में उतारा है। जलालपुर से बसपा विधायक रितेश पांडेय अम्बेडकर नगर के सांसद बन गए हैं। बसपा ने अबकी बार अपने विधानमंडल दल के नेता लालजी वर्मा की पुत्री डॉ छाया वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। वहीं कांग्रेस ने सुनील मिश्र पर दांव लगाया है। कानपुर की गोविंदनगर सीट से विधायक रहे सत्यदेव पचौरी के कानपुर संसदीय सीट से सांसद बनने से यह सीट खाली हुई थी। उपचुनाव के लिए बसपा ने देवी प्रसाद तिवारी और कांग्रेस ने करिश्मा ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। सभी सीटों पर बसपा, सपा और कांग्रेस के प्रत्याशी अपनी पार्टी के स्टार प्रचारकों के बगैर ही चुनाव लड़ रहे हैं।

# किसान पाठशाला का आज मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ सोमवार को प्रातः दस बजे पांच कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास से द मिलियन फार्मर्स स्कूल (किसान पाठशाला) का शुभारंभ करेंगे। यह किसान पाठशाला 21 अक्टूबर से शुरू हो रही है जो कि दो चरणों में चलेगी। प्रथम चरण 21 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक जबकि दूसरा चरण चार नवंबर से सात नवंबर तक चलेगी।

संयुक्त कृषि निदेशक (ब्यूरो) आनन्द त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश में द मिलियन फॉमर्स स्कूल (किसान पाठशाला) के पाँचवे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। पहला माड्यूल 21 अक्टूबर से 24 अक्टूबर के मध्य अपरान्ह 3 बजे से 4:30 बजे तक चयनित केन्द्रों पर आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार दूसरा माड्यूल 4 नवम्बर से 7 नवम्बर के मध्य अपरान्ह 3 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

उन्होंने कहा है कि इस बार चार दिवसीय किसान पाठशाला के पहले दिन किसानों की आय दोगुनी करने, दूसरे दिन कृषि विविधीकरण, तीसरे दिन कृषि प्रबंधन तथा चौथे दिन लाभकारी खेती के उपाय पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त जिन जनपदों में आचार संहिता प्रभावी है, उन जनपदों में किसान पाठशाला का आयोजन आचार संहिता समाप्त होने के बाद किया जायेगा।

# निष्पक्ष मतदान के लिए विशेष सतर्कता बरते आयोग:अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सोमवार 21 अक्टूबर को ग्यारह विधानसभाओं के उपचुनावों में मतदान स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता पूर्वक हो इसके लिए चुनाव आयोग को विशेष रूप से सतर्कता बरतनी चाहिए। यह उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि कोई मतदान को प्रभावित न कर सके।

अखिलेश ने कहा कि ध्यान देने योग्य स्थिति यह है कि सत्तारूढ़ दल उपचुनावों में भी सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग करने से बाज नहीं आ रहा है। लेखपालों से लेकर पुलिस चौकी इंचार्ज तक ग्राम प्रधानों, ब्लाक प्रमुखों तथा कोटेदारों को भाजपा के पक्ष में वोट डालने का दबाव बना रहे हैं। अराजकतत्व मतदान केन्द्रों पर लोगों को वोट डालने से रोकने की कोशिशें कर सकते हैं।

भाजपा के पक्ष में वोट डलवाने के लिए उनके मंत्रीगण, सांसद एवं विधायक निर्वाचन क्षेत्रों में आज भी डटे हुए है, जबकि 19 अक्टूबर के सायं 5 बजे के बाद से ही प्रचार बंद है। रामपुर, प्रतापगढ़, जलालपुर, जैदपुर, बलहा तथा घोसी विधानसभा क्षेत्रों के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों ने उपचुनाव में धांधली किए जाने की शिकायतें मुख्य निर्वाचन आयुक्त तथा निर्वाचन आयोग को भेजी है लेकिन जिलाधिकारी और रिटर्निंग अफसर आंख मूंदे हुए है।

मतदाताओं को डराना-धमकाना और प्रलोभन देना आदर्श आचार संहिता के खुले उल्लंघन की श्रेणी में आता है। सत्ता की मनमानी पर रोक के साथ निर्वाचन आयोग को ऐसी पारदर्शी व्यवस्था भी करनी चाहिए ताकि पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा मतदाताओं को डराने धमकाने की शिकायतें न हों। उन्होंने कहा कि यह बात याद रखने की है कि लोकतंत्र को बचाने की जिम्मेदारी प्रदेश के मतदाताओं की भी है। उन्हें बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करना होगा तभी सत्तारूढ़ दल की कपटी राजनीति पर रोक लगेगी और उसका अहंकार चकनाचूर होगा।



राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत करता पटेल समाज। पायनियर

## अभिजीत बनर्जी की उपलब्धि को राजनीति चश्मे से न देखें: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नोबेल पुरस्कार** प्राप्त अभिजीत बनर्जी की उपलब्धि को लेकर मीडिया में चल हर खबरों पर बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। रविवार को उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किये गये भारतीय मूल के अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी की उपलब्धि को राजनीति चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए।

मायावती ने अभिजीत बनर्जी को बधाई देते हुए कहा कि गरीबी के अभिशाप के विरुद्ध शोध करने वाले भारतीय मूल के अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी को विश्व के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार नोबेल से सम्मानित होने पर बधाई व भरपूर स्वागत। मायावती ने कहा कि लेकिन इसे यहां राजनीतिक चश्मे से देखना पूरी तरह से गलत बल्कि भारतीय होने के नाते इस पर गर्व किया जाए तो बेहतर है।

# जनता के भले के लिए समय के साथ हो छावनी के नियमों में संशोधन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र समेत** देश की सभी रक्षा छावनियों के विनियमितीकरण के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रक्षा सचिव से इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। इस मामले में उप्र की सभी छावनियों में विनियमतीकरण को लेकर उम्मीद जागी है। सदर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतबीर सिंह राजू ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि नगर निगम के होने के बाद भी छावनियों में कई कानून लागू नहीं हो पाते हैं। गौवंश आश्रय स्थल बनाने के लिए छावनियों में प्रतिबंध लागू नहीं होता है। अंग्रेजों के समय का बनाया हुआ संविधान है जो आज तक बदला नहीं गया है। समय के मांग के अनुसार इसमें संशोधन किया जाए तो तो साठा लाख छावनीवासियों का कल्याण होगा। छावनी परिषद के अन्तर्गत आने वाले सिविल एरिया को नगर निगम में मर्ज किया जाए।

उन्होंने कहा कि छावनी के अन्तर्गत आने वाले दुकान या मकान लीज़ पर होते हैं। लीज़ खत्म होने पर छावनी परिषद लीज़ का रिन्यूअल नहीं करती है। लीज़ खत्म होने पर दुकान तथा मकान को खाली करने के लिए कहती है। राजू ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति मकान या दुकान के एवज में लोन लेना चाहे तो बैंक द्वारा करोड़ों रूपए लगाने के बाद भी एक रूपए का कर्ज नहीं मिलता। छावनी परिषद द्वारा मकान बनवाने पर छावनी परिषद द्वारा नक्शा पास नहीं किया जाता अगर हम अनुमति मांगते हैं तो अनुमति नहीं मिलती है। अगर बिना अनुमति बनवाते हैं तो वो तोड़ दिया जाता है। छावनी में रहने वालों के लिए छावनी परिषद का कायदा कानून दुर्भाग्यपूर्ण है। छावनी परिषद द्वारा सब डिवीज़न का केस सालों से रक्षा मंत्रालय में लम्बित पड़ा हुआ है। परन्तु आज तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। छावनी के लोग अपने मकान को फ्रीहोल्ड करवाना चाहते हैं। उसके लिए छावनी परिषद को नियम अनुसार धनराशि भी जमा करने को तैयार हैं। परन्तु रक्षा मंत्रालय उसकी भी अनुमति नहीं देता है या तो रक्षा मंत्रालय नियम व कानून को शीघ्र ही बदलें अगर वह ऐसा करने में असमर्थ हैं तो छावनी परिषद के सिविल एरिया को नगर निगम में मर्ज कर दिया जाए। ताकि छावनी में रहने वाले छावनी परिषद के प्रकोपों से बच सकें।

# वर्तमान समय की आवश्यकता है विश्व एकता व शांतिः भारती गांधी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी मोन्टेसरी** स्कूल, गोमती नगर ऑडिटोरियम में आयोजित विश्व एकता सत्संग में बोलते हुए बहाई धर्मानुयायी, प्रख्यात शिक्षाविद् व सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. (श्रीमती) भारती गाँधी ने कहा कि विश्व एकता व विश्व शान्ति वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता है तभी पर्यावरण, अशिक्षा, गरीबी, आतंकवाद आदि वैश्विक समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

डा. गाँधी ने कहा कि शिक्षा पद्धति में सुधार की भी आज महती आवश्यकता है और भौतिक शिक्षा के साथ मानवीय, सामाजिक व आध्यात्मिक शिक्षा भी जरूरी है। पर्यावरण की शिक्षा भी मानवीय शिक्षा का ही अंग है। अतः इस पर ध्यान देने की परम आवश्यकता है। डा. गाँधी ने कहा कि वह धन जो युद्ध में खर्च हो रहा है, वह रोटी, कपड़ा, मकान, चिकित्सा व शिक्षा में लगेगा तो मानवजाति की भलाई होगी। इससे पहले, शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों से विश्व एकता सत्संग का शुभारम्भ हुआ, जिन्होंने बहुत ही सुमधुर भजन सुनाकर सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर कर दिया।

विश्व एकता सत्संग में आज चौक कैम्पस) के छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा प्रदर्शित कर उपस्थित सत्संग प्रेमियों को गद्गद कर दिया। जहाँ एक ओर छात्रों ने प्रार्थना, गीतों, भजनों द्वारा आध्यात्मिक उल्लास प्रवाहित किया तो वहीं दूसरी ओर छात्रों की माताओं ने समूह गान की प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर विभिन्न धर्मावलम्बियों ने अपने सारगर्भित विचारों से एकता, शान्ति व सद्भाव स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास का आहवान किया। सत्संग का समापन संयोजिका वंदना गौड़ द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# प्रेरणा एप से शिक्षकों के फोटोग्राफ्स को लेकर प्रोटोकाल जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**परिषदीय** विद्यालयों में पठन-पाठन से लेकर शिक्षकों की उपस्थिति और अवस्थापना सुविधाओं को लेकर लांच किये गये प्रेरणा एप से फोटो ग्राफ्स लेने के लिए राज्य परियोजना विभाग ने प्रोटोकाल जारी कर दिया है। राज्य परियोजना विभाग के निदेशक विजय किरन आनन्द के स्तर से सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को जारी आदेश में कहा गया है कि प्रोटोकाल का पालन हर स्थिति में सुनिश्चित किया जाय। आपरेशन कायाकल्प के तहत ग्राम पंचायतों में पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, कृषि विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ परिषदीय विद्यालयों में कराये गये कार्यों की जानकारी अब प्रेरणा एप के आपरेशन कॉयाकल्प माड्यूल के तहत शिक्षकों को देनी होगी। इसके लिए शिक्षक इस अप्लीकेशन को प्ले स्टोर से डाउनलोड कर फोटो अपलोड करेंगे। राज्य परियोजना विभाग की तरफ से जारी निर्देश में कहा गया है कि कायाकल्प के लिंक को डाउनलोड करने के उपरान्त एक स्क्रिन खुलेगी, जिसमें विद्यालय के अध्यापक को विद्यालय से संबंधित कुछ बिन्दूओं पर प्रश्न पूछे जायेंगे, जिसका उत्तर शिक्षकों को हाँ या नहीं में देना है और उत्तर चुनने के बाद ही उस प्रश्न से संबंधित फोटो लेनी होगी। विद्यालय से संबंधित सारे प्रश्नों का उत्तर देने के बाद यदि कोई शिक्षक अपनी टिप्पणी देना चाहे तो कम से कम शब्दों में दे सकते हैं। इसके बाद अंत में सुरक्षित करें के विकल्प को दबाते हुए रिपोर्ट को अपलोड कर सकेंगे। उदाहरण के तौर पर सुरक्षित पेयजल के बारे में जानकारी मांगी गई है तो फिर हैंडपंप, स्कूल वाटर फिल्टर से पानी लेते हुए फोटो एवं जलनिकासी युक्त फोटो होनी चाहिए। इसी तरह बाल मैत्रिक शौचालय के तहत बाल-बालिकाओं के अलग शौचालय को खोलकर उसकी फोटो अपलोड करनी होगी। इसी तरह हैंडवाशिंग से लेकर बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था, रसोईघर के स्वच्छता की स्थिति, परिसर की रंगाई-पुताई, ब्लैक बोर्ड की स्थिति आदि के बारे में शिक्षकों को जानकारी अपलोड करनी होगी।

# चीन के उत्पादों का बहिष्कार करने का लेना होगा संकल्पः सुनील सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**भारत तिब्बत** सहयोग मंच के अवध प्रांत ने चीन के भारत हमले की 57वीं बरसी पर काला दिवस मनाते हुए चीन को जम के धिक्कारा। मंच के पदाधिकारियों ने गांधी प्रतिमा पर रविवार को धरना देने के साथ राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन को मौके पर पहुंचे एसीएम प्रथम को सौंपा।

धरने में अवध प्रांत के अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि सन 1962 में चीन ने धोखे से भारत पर हमला करने के बाद से आज तक उसके द्वारा भारत के खिलाफ काम करते रहने से अब सभी भारतीयों को संकल्प लेना होगा कि अब हम किसी भी सूरत में चीन के उत्पादों का हर हाल में आजीवन बहिष्कार जारी रखेंगे। धरने में पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के संरक्षक राजेश राय ने चीन के असल स्वरूप से आगाह करते हुए प्रत्येक भारतीय को इस बात को जानने का आह्वान किया कि आखिर क्यों हम चीन से सतर्क रहें। पहले तिब्बत के बफर कंट्री के रूप में रहने के उन्होंने लाभ गिनाए।

अवध प्रांत के संरक्षक महेश नारायण तिवारी ने अपनी तवांग तीर्थ यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि चीन की सीमा पर स्थित इस तीर्थ यात्रा से हमें भारतीय सैनिकों के शौर्य गाथा का पता चलता है।और सभी को जाना चाहिए। धरने की शुरुआत महामृत्युंजय के सामूहिक पाठ से हुई। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी लखनऊ के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे अपर सिटी मजिस्ट्रेट प्रथम को राष्ट्रपति के नाम से संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में राजधानी में शहीद धर्मयोद्धा कमलेश तिवारी की स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप 2 मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम में सतीश मिश्र, राम प्रताप सिंह चौहान, केपी मिश्र, सचिन श्रीवास्तव, प्रखर त्रिपाठी, कुशाग्र वर्मा, रुचि त्रिपाठी, डॉ. विश्वनाथ शुक्ल, चन्द्रकेश त्रिपाठी, संत प्रकाश द्विवेदी, अरूण सिंह, संदीप शुक्ला, सुनील वर्मा, मनोज चौहान, अमित सक्सेना, अनिल चौधरी, विकास सिंह, शुभेन्द्र व विभव तिवारी आदि उपस्थित थे।

# घाटकोपर विमान हादसे में दिसंबर तक अंतिम रिपोर्ट सौंपेगी एएआईबी

**एजेंसी।** मुंबई

**विमान** दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) घाटकोपर विमान दुर्घटना मामले में अपनी अंतिम रिपोर्ट इस साल दिसंबर तक सरकार को सौंप सकता है। जांच के निष्कर्षों के आधार पर जरूरी कार्रवाई की जाएगी। नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह बात कही।

पिछले साल जून में किंग एयर सी -90 विमान परीक्षण उड़ान के दौरान घाटकोपर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में विमान में सवार दो पायलटों और दो इंजीनियरों समेत एक राहगीर की मौत हो गई थी।

यह विमान यू वाई एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का था। उसने मरम्मत तथा विमान को उड़ाने लायक बनाने के लिए इंडेमर एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया था। पुरी ने पिछले बुधवार को भाजपा के पूर्व सांसद किरीट सोमैया को भेजे पत्र में सूचित किया कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने घाटकोपर विमान दुर्घटना मामले की जांच पूरी कर ली है और वह दिसंबर 2019 तक रिपोर्ट सौंप सकता है। विमान हादसे के बाद मामले की जांच एएआईबी को सौंपी गई थी। इसके अलावा सोमैया की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति ने भी इस मामले में जांच - पड़ताल की थी और अपनी रिपोर्ट संसद को दी थी। पुरी ने कहा कि जांच से निकले निष्कर्षों के आधार पर , उचित कार्रवाई की जाएगी। संसदीय समिति की रिपोर्ट के मुताबिक यह विमान सिल्वर जुबली ट्रैवलर प्राइवेट लिमिटेड से खरीदा गया था, जिसने इसे उत्तर प्रदेश सरकार से 2014 में कबाड़ के तौर पर खरीदा था।

## जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव ने पर्यटन प्रचार अभियान की समीक्षा की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर प्रशासन द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा से संबंधित दो अगस्त का अपना परामर्श वापस लेने के कुछ दिन बाद राज्य के मुख्य सचिव बी वी आर सुब्रमण्यम ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए चलाए जा रहे प्रचार अभियानों की रविवार को समीक्षा की।

दो अगस्त को यह परामर्श जारी करके पर्यटकों और अमरनाथ यात्रियों से आतंकवादी हमले की आशंका के मद्देनजर तत्काल घाटी छोड़ने को कहा गया था। इस परामर्श के जारी होने के कुछ दिन बाद सरकार ने अनुच्छेद 370 के तहत जम्म कश्मीर को प्राप्त विशेष राज्य का दर्जा समाप्त कर दिया था। इस परामर्श के बाद कश्मीर से बड़ी संख्या में पर्यटक वापस चले गए थे और राज्य में पर्यटन क्षेत्र पर बहुत असर पड़ा था।

केंद्र ने पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर के विशेष राज्य का दर्जा खत्म कर दिया था और घाटी में कई पाबंदियां लगा दी थीं। ए पाबंदियां ऐसे समय में लगाई गई जब पर्यटकों की यहां खूब आवाजाही होती है, फलस्वरूप पर्यटन क्षेत्र से संबंधित विभिन्न पक्षों को बड़ा नुकसान हुआ।



पश्चिम बंगाल के दिनाजपुर जिले में दीपावली के लिए सपरिवार दीए बनाता कुम्हार

## क्विक न्यूज

### धनंजय मुंडे की टिप्पणी से आहत पंकजा ने राजनीति छोड़ने के बारे में सोचा: बहन ने कहा

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र की मंत्री पंकजा मुंडे की बहन एवं भाजपा सांसद प्रीतम मुंडे ने रविवार को कहा कि पंकजा मुंडे ने राजनीति छोड़ने का मन बनाया क्योंकि वह अपने चचेरे भाई एवं राकांपा के प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार धनंजय मुंडे की ओर से की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से आहत थीं। बीड लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाली प्रीतम ने धनंजय को एक पापी करार दिया। विधानपरिषद में विपक्ष के नेता धनंजय ने परली से वर्तमान भाजपा विधायक पंकजा के खिलाफ कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान की। भाजपा के एक स्थानीय नेता की शिकायत पर राकांपा नेता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एक मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रीतम ने महिलाओं के समूह द्वारा पड़ोसी बीड जिले के परली में पंकजा से मुलाकात किए जाने के बाद उनसे कहा, धनंजय मुंडे ने (पंकजा के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करके) एक पाप किया है। प्रीतम ने कहा कि पंकजा इतनी दुखी हुईं कि उन्होंने राजनीति छोड़ने का मन बनाया। इस मौके पर पंकजा महिलाओं से कुछ नहीं बोलीं। सांसद ने कहा, यद्यपि यदि पंकजा राजनीति छोड़ती हैं तो यह आम लोगों के लिए एक झटका होगा। समूह में शामिल रही एक महिला ने कहा कि धनंजय का असली मकसद पंकजा का राजनीतिक करियर समाप्त करना है। दोनों चचेरे भाई-बहन परली से चुनाव मैदान में हैं। धनंजय राकांपा से तो पंकजा भाजपा की उम्मीदवार हैं। मौजूदा भाजपा विधायक पंकजा मुंडे पार्टी के दिवंगत नेता गोपीनाथ मुंडे की पुत्री हैं। राकांपा नेता ने हालांकि कहा कि जो वीडियो वायरल हुआ है, उससे छेड़छाड़ की गई है और वह फर्जी है। उनकी टिप्पणियों को तोड़ा-मरोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के लिए उनके प्रतिद्वंद्वियों ने उन्हें खलनायक के रूप में पेश करने के लिए उनकी टिप्पणियों को तोड़ा-मरोड़ा है।

### मैनहोल में गिरने के बाद दो मजदूरों की मौत

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के पास रविवार को एक मैनहोल में गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। दोनों मजदूर सुनील पलास और सुखराम मोहनिया, अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) की एक निर्माणाधीन परियोजना के लिए काम कर रहे थे जब वे 15 फुट गहरे मैनहोल में गिर गए। वेजलपुर पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मजदूरों को एक निजी ठेकेदार ने काम पर रखा था। अधिकारी ने बताया कि उनकी मौत का सही कारण पोस्टमॉर्टम के बाद पता चलेगा।

### भालू के हमले में महिला की मौत

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चमोली जिले के स्यूण गांव में आज भालू के हमले से एक महिला की मौत हो गई। केदारनाथ वन्य जीव वन प्रभाग के अंतर्गत आने वाले स्यूण गांव के समीपवर्ती क्षेत्र में 35 वर्षीया धनेश्वरी देवी पर भालुओं के झुंड ने हमला कर उसे चट्टान से नीचे गिरा दिया। महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। क्षेत्र की रेंज आफिसर आरती मैठाणी ने संवाददाताओं को बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग तथा पुलिस का बचाव दल घटनास्थल पर भेजा गया। हांलांकि, उसका शव चट्टान पर फंसे होने से उसे निकालने में राज्य आपदा प्रतिवादन बल :एसडीआरएफ: की मदद ली गई। मृतका धनेश्वरी देवी गौशाला के समीप अपने मवेशियों के लिए घास लेने गई थी लेकिन निकटवर्ती जंगल से आए भालुओं ने उस पर हमला कर दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर लोग बचाव के लिए दौड़े लेकिन इसी बीच भालुओं ने उसे चट्टान से नीचे ढकेल दिया जिससे महिला की मौत हो गई।

### माओवादियों से संपर्क रखने को लेकर तेलंगाना में दो लोग गिरफ्तार

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के लिए शहरी इलाकों में काम करने वाले लोगों के खिलाफ जारी कार्वाई के तहत एक वकील सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने वाहन जांच के दौरान भ्रदाद्री कोठागुदम जिले में शनिवार को वकील अनिल कुमार और डी सुरेश को उस वक्त गिरफ्तार कर लिया, जब वे एक मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) कानून (यूएपीए) और आईपीसी की धारा 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत दोनों लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुनील दत्त ने बताया कि अनिल माओवादियों के मुखौटा संगठन (कमेटी फॉर द रिलीज ऑफ पॉलिटिकल प्रिजनर्स) और तेलंगाना विद्यार्थी वेदिका (टीवीवी) का वारंगल जिला सचिव था।

### मोदी ने अपनी कविता सागर से संवाद का तमिल संस्करण साझा किया

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के मामल्लापुरम में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग साथ हुए अनौपचारिक शिखर सम्मेलन के दौरान लिखी कविता समुद्र से संवाद का तमिल अनुवाद रविवार को जारी किया। मोदी ने रविवार को ट्वीट में कहा कि कि वह कुछ दिन पहले मामल्लापुरम में लिखी गई कविता का तमिल अनुवाद साझा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने ट्वीट के साथ कविता का तमिल अनुवाद टैग किया है। कविता का तमिल अनुवाद जारी करने से पहले भी कई मौके पर प्रधानमंत्री तमिल भाषा एवं संस्कृति की सराहना कर चुके हैं। मामल्लापुरम में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग का स्वागत उन्होंने तमिलनाडु की पारंपरिक वेशभूषा में किया था। इससे पहले अमेरिका की यात्रा के दौरान उन्होंने तमिल साहित्य का जिक्र किया था। केंद्र पर तमिलनाडु में हिन्दी भाषा को थोपने के आरोपों के बीच मोदी की इस पहल को तमिल लोगों तक पहुंचने की कोशिश माना जा रहा है।

# उल्लेखनीय कार्यों के लिए मैडोज फाउंडेशन पुरस्कार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**तीनमूर्ति भवन** में मैडोज फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अमर उजाला के संपादक सलाहकार विनोद अग्निहोत्री, चार दिशाएं के मनोज शर्मा, ऋचा कौल, डॉ. उज्ज्वला, डॉ. सुमित्रा रावत, प्रो. अकील अहमद, दीपक प्रोहित, एडवोकेट अपूर्व सवरिया, आदि को अपने क्षेत्र में बेहतरीन काम करने के लिए सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के एसएएस किरमानी, राजकुमार शर्मा, एएस बेदी ने बताया कि उनका ट्रस्ट अपने-अपने क्षेत्र अच्छे काम करने वाले लोगों को सम्मानित करने के साथ-साथ शिक्षा और हुनर भी उपलब्ध कराता है। इस मौके पर डा. नरेश शर्मा, उमा प्रभु, डॉ. सुषमा यादव, शैलेंद्र शर्मा समेत दर्जनों गणमान्य लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय थी।

# कैण्ट बोर्ड देगा स्मार्ट सिटी के लिए जमीन

**संवाददाता।** बरेली

**स्मार्ट सिटी** के लिए चयनित बरेली को स्मार्ट बनाने के लिए कई बार जगह का पेंच फंस रहा था। शासन स्तर से अधिकारियों ने इसके लिए कई बार पत्र भी लिखे। बोर्ड बैठक में स्मार्ट सिटी बनाने के लिए आवश्यक जमीन के लिए कैंटोनमेंट बोर्ड से जमीन पांच बर्ष के लिए मांगे जाने की जानकारी सीईओ ने बोर्ड को दी। जिस पर अध्यक्ष बिग्रेडियर इंद्रजीत सिंह ने कहा कि हम सभी इसका हिस्सा है। इसके लिए बोर्ड को उचित किराया लेते हुए स्मार्ट सिटी के लिए जमीन उपलब्ध कराने के कार्य को स्वीकृति दिए जाने की बात कही। जिसका बोर्ड के सदस्यों ने भी समर्थन किया। शनिवार को कैंटोनमेंट बोर्ड के सभागार में बोर्ड बैठक आयोजित की गयी। बैठक से पहले उपाध्यक्ष समेत सभासदों ने बैठक का बहिष्कार करते हुए अपनी नाराजगी सीईओ से व्यक्त कर वापस चले गए। बैठक में बोर्ड के अध्यक्ष बिग्रेडियर इंद्रजीत सिंह के पहुंचने पर बोर्ड के नामित सदस्यों में केवल एक सदस्य के न पहुंचने के चलते कोरम पूरा नहीं हो रहा थ लेकिन इसी बीच सभासद वेदप्रकाश तनेता के बैठक में शामिल हो जाने से कोरम पूरा हो गया। कोरम पूरा होने पर बैठक में पेश किए गए अधिकांश प्रस्तावों पर मोहर लग गयी। सभासदों ने सीईओ पर बोर्ड बैठक में सांसद को आमंत्रण न दिए जाने, औपचारिकता किए जाने का आरोप लगाया। बैठक में शहनाई बारात घर का मुद्दा भी उठा। इसका किराया अधिक होने के कारण कैंट के लोगो को काफी दिक्कतें होती है। सूत्रों की माने तो इससे पहले शहनाई बारात घर केवाल पांच हजार रूपए में बुक हो जाता था। लेकिन अब इसका किराया तीन लाख रूपए है। बैठक में नया टेंडर 80 लाख रूपए में तीन वर्ष के लिए किया गया है। सीईओ अनुपम तलवार ने बताया कि कैंटोनमेंट बोर्ड इन दिनों वित्तीय कमी की मार झेल रहा है। प्रतिवर्ष शासन स्तर पर हो रही कटौती की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मांग के सापो बहुत कम बजट बोर्ड को मिल सका है।

## मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**बरेली।** बीती रात चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर लाखों का जेवर और नकदी चोरी कर ली सुबह होने पर मकान मालिक ने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों को गिरफ्तार करने के प्रयास शुरू कर दिए।सीबीगंज थाने के गांव मथुरापुर निवासी वीरपाल पुत्र गेंदन लाल के मकान में घुसे चोरों ने लगभग दो लाख के जेवरात और पचास हजार चोरी कर लिए वीरपाल ने बताया कि उसके पिता गेंदन लाल सब्जी की दुकान चलाते हैं बीती रात घर के सभी लोग बाहर के दरवाजे पर ताला डालकर सोए थे रात में इसी ताले को तोड़कर घर में घुसे चोरों ने अलमारी में रखे लगभग दो लाख कीमत के जेवरात और लगभग पचास हजार रुपये चोरी कर लिए। सुबह लगभग 4 बजे वीरपाल रोजाना की तरह दुकान पर जाने के लिए सो कर उठे उन्होंने देखा कि अलमारी का सामान पर फैला हुआ है और उसके दरवाजे खुले उन्होंने तुरंत बेटे वीरपाल को जगाया और चोरी गए नगदी और जेवरात की जांच करने के बाद घटना की शिकायत पुलिस से कर दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण करने के बाद चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

# मड़ावरा में निकली ब्रह्मचारियों की विनोली यात्रा

**संवाददाता।** मड़ावरा(ललितपुर)



विनौली यात्रा के उपरान्त दीपप्रज्जवलन करते श्रावक

**ग्यारह भव्य** जैन मंदिरों व चतुर्मास काल में वर्णी नगर मड़ावरा में विराजमान आचार्य विशुद्ध सागर जी के परम प्रभावक शिष्य मुनि सुप्रभ सागर,मुनि प्रणत सागर जी महाराज के दर्शनाथ पधारे चार ब्रम्हचारी भाइयों की भव्य विनोली यात्रा(वैराग्य अनुमोदना महोत्सव) का आयोजन कस्वा मड़ावरा में आयोजित किया गया।

गौरतलब है कि आगामी 10 नवम्बर को मध्यप्रदेश के भिंड में चर्याशिरोमणी आचार्य विशुद्ध सागर जी के हस्त कमलों द्वारा चार ब्रम्हचारी युवकों की मुनि दीक्षा होना प्रस्तावित है। मुनि दीक्षा के पूर्व ब्रम्हचारी भाइयों द्वारा बिभिन्न जगहों पर विराजमान संतों व् जैन तीर्थ स्थानों के दर्शन यात्रा करते हुए आगामी नये जीवन हेतु आशीर्वाद लिया जा रहा है जिसके अंतर्गत रविवार को उक्त दीक्षा लेने जा रहे ब्रम्हचारी भाइयों का वर्णी नगर मड़ावरा में आगमन हुआ। सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा भारत पेट्रोल पम्प से भव्य आगवानी की गयी। ततपश्चात गाजे बाजे के साथ चारों ब्रम्हचारी भैया जी को महावीर विद्याविहार ले जाया गया जहाँ विराजमान मुनि संघ के ब्रम्हचारियों ने दर्शन कर आगामी नये जीवन में उत्तम धर्म मार्ग पर चलने हेतु आशीर्वाद ग्रहण किया। तदुपरांत दोपहर में महावीर विद्याविहार में आयोजित किये गए कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम आचार्य श्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व् मंगलाचरण कर किया गया। ततपश्चात वर्णी संस्कार पाठशाला के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया ततपश्चात समाज जनों ने ब्रम्हचारी भाइयों के साथ आचार्य श्री का पूजन कर अष्टद्रव से अर्घ समर्पित किये धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि दीक्षा लेने जा रहे ब्रम्चारियों ने अपने अपने संस्मरण साँझा किये और बताया कि उनका मन कैसे वैराग्य की ओर अग्रसारित हुआ।पूर्वनियोजित कार्यक्रम अनुसार चारों ब्रम्हचारी भाइयों को भव्य सुसज्जित घुड़बग्गियों पर विराजित कर नगर में एक भव्य विनोली शोभायात्रा निकाली गयी जो कि महावीर विद्याविहार से कस्वे की गलियों में भ्रमण करती हुए कस्वे के सभी जिनमंदिरों तक गयी जहाँ ब्रम्हचारी भाइयों ने मंदिरों में जिनेन्द्र देव के दर्शन कर आगामी मुनि जीवन हेतु विनय की गयी इस दौरान समाज जनों ने अपने अपने घरों के सामने सभी ब्रम्हचारियों का दूल्हे के जैसे स्वागत करते हुए तिलक व् माल्यार्पण किया गया ततपश्चात विनोली शोभायात्रा के बापिस विद्याविहार पहुँचने पर समाज की महिलाओं द्वारा ब्रम्हचारी भाइयों की गोद भराई की गयी इस कार्यक्रम में ऐसा महसूस हो रहा था कि जैसे किसी विवाह करने जा रहे दूल्हे के संस्कार किये जाते हैं बैसे ही दूल्हे की तरह सभी ब्रह्चारी भैयाओं के धर्म संस्कारों को हर्षोल्लास से किया गया।

## पुलिस वाहन की टक्कर से टीचर घायल

**बरेली।** भमोरा थाना क्षेत्र में भोलापुर के पास आज सुबह हुई सड़क दुर्घटना में क्योलड़िया थाने के गांव आनंदपुर माधव निवासी सुरेंद्र कौर गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि उसकी सहेली शारदा को मामूली चोटें आई जिला अस्पताल में शारदा ने बताया कि और सुरेंद्र कौर बदायूं से दातागंज के खलीलपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में टीचर है। आज सुबह गांधी जयंती के अवसर पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गई थी। जहां से कार्यक्रम संपन्न होने के बाद दोनों स्कूटी से वापस अपने घर लौट रही थीं। लेकिन भमौरा के भोलापुर स्थित इंटर कॉलेज के सामने से आ रहे पुलिस के एक वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे दोनों स्कूटी सवार महिलाएं जमीन पर गिर पड़ी। स्कूटी चला रही सुरेंद्र कौर गंभीर रूप से घायल हो गई और शारदा को मामूली चोट आई मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस वाहन को रोक लिया और दोनों घायलों इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

## पेज एक का शेष

### पीओके में ...

ठोस सूचना के बाद सीमा पार आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा, त्यौहार का मौसम आने वाला है, दीपावली नजदीक है। ऐसे में हमें संकेत मिला था कि पीर पंजाल के उत्तर में आतंकी कैंप सक्रिय हैं। आतंकवादी इन कैंपों में आए थे और वे घुसपैठ करने वाले थे। सेना प्रमुख ने कहा, घुसपैठ करने का प्रयास करते इससे पहले ही हमने आतंकी कैंपों को निशाना बनाने का फैसला किया। हमारे पास ठोस सूचना थी और जवाबी कार्रवाई में हमारे सुरक्षा बलों ने (एलओसी के) उस पार आतंकियों के बुनियादी ढांचे को भीषण नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि तंगधार सेक्टर के दूसरी तरफ आतंकी कैंपों को नेस्तनाबूद किया गया। अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को पांच अगस्त को समाप्त किए जाने के बाद जम्मू कश्मीर की स्थिति पर सेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय सुरक्षा बलों ने घाटी में हालात सामान्य बनाने का प्रयास किया है जबकि सीमा पार के तत्व शांति में बाधा डालना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि घाटी में धीरे-धीरे हालात सामान्य हो रहे हैं लेकिन आतंकवादियों और एजेंसियों तथा पाकिस्तान और पीओके के बाहर और भीतर के कुछ तत्वों के इशारे पर परोक्ष रूप से काम करने वाले शांति का माहौल खराब करना चाहते है।

### महाराष्ट्र, हरियाणा...

को राष्ट्रीय सुरक्षा और भ्रष्टाचार को लेकर निशाना बनाया। विपक्ष ने केंद्र और राज्यों में भाजपा की सरकारों को अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर घेरने का प्रयास किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आर्थिक सुस्ती और बेरोजगारी के लिए सत्तारूढ़ दल को दोषी ठहराया और नोटबंदी की विफलता और जीएसटी जैसे मुद्दों को रेखांकित करने का प्रयास किया। महाराष्ट्र में भाजपा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए प्रयासरत है। भाजपा 164 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जिसमें उसके कमल के निशान पर चुनाव लड़ने वाले छोटे सहयोगी दलों के उम्मीदवार शामिल हैं। वहीं शिवसेना ने 126 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए हैं। हरियाणा में कांग्रेस सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही है। हरियाणा में कांग्रेस ने अपना प्रदेश अध्यक्ष बदल दिया है। वहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में भाजपा ने 90 में से 75 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों के 1,169 उम्मीदवार हैं चुनाव लड़ रहे। वर्तमान में राज्य विधानसभा में भाजपा के 48 सदस्य हैं।

### मां की...

इलाके केआशियाना अपार्टमेंट में फ्लैट नंबर 17 में अपनी मां लिसी (55) के साथ रहते थे। बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे एक जानकार उनके फ्लैट पर मिलने आए थे। उन्होंने गेट से आवाज लगाई तो अंदर से कोई जबाव नहीं मिला। ऐसे में उन्होंने बाहर से गेट को धक्का दिया तो वह खुलगया। कमरे में दाखिल हुए तो दंग रह गए। लिसी कमरे में छत के पंखे से लटकी थीं। उनकी मौत हो चुकी थी। ऐलन वहां नहीं थे। जानकार ने शोर मचाकर पड़ोसियों व सुरक्षा गार्ड को बुलाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लिसी के बेटे के बारे में जानकारी लेकर उनसे संपर्क करने की कोशिश की तो कुछ ही देर के बाद सराय रोहिल्ला स्टेशन के पास रेलवे लाइन पर ऐलन का क्षत-विक्षत शव पड़ा होने की सूचना मिली। जेब में मिले ड्राइविंग लाइसेंस व मोबाइल फोन से उनकी पहचान ऐलन के रूप में हुई। मां-बेटे के शव मिलने से पुलिस गहन जांच में जुट गई। ऐलन के शव के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला जबकि फ्लैट में मां की लाश के पास से मलयालम में लिखा पर्चा प्राप्त हुआ है। उस पर ऐलन और लिसी के हस्ताक्षर हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों मां-बेटे डिप्रेशन के शिकार थे। उनके खिलाफ केरल में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज था। महिला लिसी की मौत के मामले में रानी बाग थाने में हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। परिस्थितिजन्य सुबूतों के आधार पर यह माना जा रहा है कि बेटे ने ही मां की हत्या करने के बाद ट्रेन के आगे कूदकर खुदकशी कर ली है। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रखवा कर उनके परिजनों को सूचना दे दी है।

### होटल के...

कैसरबाग कोतवाली क्षेत्र स्थिल लालबाग में खालसा इन नाम से आर्य नगर नाका निवासी हरविंदर सिंह का होटल है जिसे हेमराज सिंह लीज पर लेकर चलाते हैं। 17 अक्टूबर की रात 11 बजकर आठ मिनट पर हत्यारों ने गुजरात के सूरत सिटी निवासी के रूप में पठान मोइनुद्दीन अहमद व असफाक हुसैन के नाम से होटल का कमरा नंबर जी 103 बुक किया था। होटल रिकॉर्ड के मुताबिक अगले दिन यानि 18 अक्टूबर की सुबह दस बजकर 38 मिनट पर दोनों संदिग्ध होटल से बाहर चले गए थे। दोनों ने हत्या से पहले होटल मैनेजर से खुर्शेदबाग की मजार का पता पूछा था। जिसके बाद दोबारा दोनों करीब पौने तीन घंटे बाद दोपहर एक बजकर 21 मिनट पर वापस कमरे में लौटे थे। लौटने के बाद हत्यारों ने खून से सने कपड़े बदले और फिर मात्र 16 मिनट बाद ही दोपहर एक बजकर 37 मिनट पर कमरे में अपना सामान छोड़कर होटल से चले गए और फिर नहीं लौटे। होटल मालिक की सूचना पर बीती रात होटल के कमरे में पहुंची पुलिस को कमरे में बनी अलमारी में बैग लोअर लाल रंग का कुर्ता व अन्य सामान मिला। कुर्सी पर खून लगा हुआ भगवा कुर्ता व बेड पर एक बैग रखा हुआ था। वहीं तौलिया थी जिसे खोला गया तो उसमें भी खून लगा था। और बैग की तलाशी पर एक खून से सना चाकू मिला। कमरे में जिओ मोबाइल का नया डिब्बा भी रखा था। शेविंग किट, चश्मा व मोबाइल चार्जर भी पुलिस ने कमरे से बरामद किया है। वहीं पुलिस ने अब कमरा बुक करने के दौरान हत्यारों द्वारा दिए गए सूरत के पते समेत अन्य जगहों पर छापेमारी के लिए टीम भी भेजी गयी है। समझा जा रहा है कि जल्द ही पुलिस हत्यारों को भी दबोच लेगी।

### आम श्रद्धालु...

जिले के डेरा बाबा नानक धर्मस्थल से जोड़ेगा। वहां से भारतीय श्रद्धालु वीजा मुक्त आवाजाही कर पाएंगे। श्रद्धालुओं को करतारपुर साहिब जाने के लिए बस एक परमिट लेना होगा। ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया (ओआईसी) कार्ड धारक भारतीय मूल के नागरिक भी गुरुद्वारा जा सकते हैं। यह भी तय किया गया था कि प्रतिदिन 5,000 श्रद्धालुओं को वहां जाने की इजाजत होगी। विशेष मौकों पर ही अतिरिक्त लोगों को गुरुद्वारे में दर्शन के लिए जाने की इजाजत होगी। भारत ने हर दिन 10,000 यात्रियों को दर्शन भारतीय प्रॉटोकॉल ऑफिसर के दौरे की अनुमति मांगी है। दोनों देश बुधी नदी पर पुल बनाने पर सहमत हुए हैं लेकिन पाकिस्तान की ओर यह इस पुल का काम अधूरा पड़ा है। भारत ने गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक में जीरो प्वाइंट तक चार लेन का हाइवे तैयार कर दिया है। भारत में प्रधानमंत्री मोदी 8 नवंबर को गलियारे का औपचारिक उद्घाटन करेंगे जबकि पाकिस्तान वाले हिस्से का उद्घाटन 9 नवंबर को पाक पीएम इमरान खान करेंगे। पहले सिख गुरु नानक देवजी ने 1522 में करतारपुर साहिब की स्थापना की थी।

### झारखंड के...

टॉवर की ऊपरी मंजिल पर जाने के लिए सीढ़ी बनी हुई हैं। गुप्ता ने अपने ब्लॉग में कहा कि अब इसके बहुत कम अवशेष मौजूद हैं और ऊपर तक नहीं पहुंचा जा सकता। झारखंड सरकार ने कुछ साल पहले संरक्षण के लिए 27 चयनित धरोहरों में से एक के रूप में नवरतनगढ़ किले की पहचान की थी। एएसआई के अधिकारी ने स्वीकार किया कि इस साइट में वे तमाम खूबियां मौजूद हैं जो एक शानदार पर्यटक स्थल में हो सकती हैं।

## शराब पीने पर टोका तो पति ने ली पत्नी की जान, नाबालिग बेटी ने दर्ज कराया केस

**आगरा ।** आगरा में शराब पीने पर पति को टोकना पत्नी की जान पर भारी पड़ गया। नशे में धुत पति ने पत्नी को पीटकर घायल कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी के खिलाफ उसकी नाबालिग बेटी ने मुकदमा दर्ज कराया है। मूलरूप से पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी निवासी 42 वर्षीय अमृता पति संजय के साथ ताजगंज क्षेत्र के हजजूपुरा स्थित एक मकान में किराये पर रहती थी। संजय यहां एक होटल में वेटर है। दोनों के तीन बेटियां हैं। एक की शादी हो चुकी हैजानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात पति संजय शराब पीकर घर आया था। पत्नी ने उसके शराब पीकर घर आने का विरोध किया। इसे लेकर पति और पत्नी के बीच झगड़ा हो गया। पति.पत्नी में हाथापाई होने लगी। झगड़े के दौरान संजय ने पत्नी अमृता के चेहरे पर मुक्का मार दिया। इतना ही नहीं उसके सिर को पकड़कर दीवार में जोर से दे मारा।

# कश्मीर में शांति प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने वाले जाएंगे जेल: राम माधव

एजेंसी। श्रीनगर



**भाजपा** के राष्ट्रीय महासचिव राम माधव ने रविवार को यहां कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधान समाप्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर शांति और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है और जो भी इसके रास्ते में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करेगा, उससे कड़ाई से निपटा जाएगा। माधव ने कहा, अभी तक कश्मीर में सिर्फ कुछ परिवारों या कुछ नेताओं के लिए काम किया जाता था, लेकिन अब जो कुछ हो रहा है, वह इस राज्य के लाखों परिवारों के लिए... आम कश्मीरियों के लिए हो रहा है।

उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर के लिए अब दो ही मार्ग होंगे.. शांति एवं विकास, और जो कोई इसके बीच में आएगा, उससे कड़ाई से निपटा जाएगा। उनके लिए भारत में कई जेल हैं। भाजपा नेता यहां टैगोर हॉल में पार्टी की युवा इकाई के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जो अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से पहला राजनीतिक कार्यक्रम था। उन्होंने नेताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल न करें। अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने के बाद पहली बार घाटी के दौरे पर आए माधव ने कहा कि यदि 200 से 300 लोगों को शांति एवं विकास प्राप्त करने के लिए जेल में रखना पड़े तो हम उन्हें रखेंगे। उन्होंने कहा, आप शांति भंग किए बिना भी अपनी राजनीति कर सकते हैं। कुछ नेता जेल में बैठकर यह संदेश भेज रहे हैं कि लोग बंदूक उठाकर शहादत देंगे। मैं उन नेताओं से कहना चाहता हूं कि पहले स्वयं आगे आकर शहादत दें। उन्होंने कहा, यहां पर नेता आम लोगों को अपनी राजनीति के लिए इस्तेमाल कर रहे थे और आम जनता का इस्तेमाल किया जा रहा था। अब हम इस तरह की राजनीति नहीं होने देंगे। हम विकास की राजनीति चाहते हैं और भ्रष्टाचार का यहां से पूरी तरह से उन्मूलन होगा। भाजपा नेता ने कश्मीर के लोगों की नौकरी या जमीन गंवाने संबंधी आशंका को लेकर भरोसा देते हुए कहा कि यहां नई नौकरियों और मौकों का निर्माण किया जाएगा। सभी तरह का ऐहतियात बरता जाएगा ताकि जम्मू कश्मीर की पहचान, संस्कृति, नौकरी और शिक्षा को कोई नुकसान नहीं हो। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा, आप किससे भयभीत हैं, जब सभी (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी से भयभीत हैं। वे कागज के शेर हैं और मुझे पता कि उनमें कितना साहस है। उन्हें जब कोई फोन कॉल आता है तो वे कांपने लगते हैं। माधव ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें नहीं पता कि अपने देश को कैसे संभालना है लेकिन वह अक्सर कश्मीर के बारे में बातें करते हैं।

उन्होंने कहा, इमरान खान दिन में एक या दो बार कश्मीर का मुद्दा उठाते हैं। उन्हें नहीं पता कि अपने देश को कैसे संभालना है और वह एफएटीएफ प्रतिबंधों से बाल बाल बचे हैं। वह सीमापार से गोलीबारी या आतंकवाद के लिए जो कोई भी प्रयास करेंगे, हमारे सुरक्षा बल उससे निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि देश के लोग कश्मीरियों को गले लगाने के लिए तैयार हैं और उन्हें शांति बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं जहां भी जाता हूं, मैं कहता हूं कि कश्मीर के लिए जो कुछ भी किया जाना था, वह मोदी द्वारा किया गया है और अब पूरे भारत के लोगों को कश्मीरियों को गले लगाना है। हम भाजपा में जब कहते थे कि कश्मीर हमारा है, इसका यह मतलब नहीं था कि कश्मीर की जमीन हमारी है, बल्कि यह था कि प्रत्येक कश्मीरी हमारा है।



रांची में जन आक्रोश रैली में भाग लेते आरजेडी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव

# श्रीनगर के साप्ताहिक कबाड़ी बाजार में भारी भीड़

एजेंसी। श्रीनगर

**जम्मू कश्मीर** से अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने के बाद लगातार 77 वें दिन भी आज घाटी में सामान्य जन जीवन प्रभावित रहा, हालांकि श्रीनगर के साप्ताहिक कबाड़ी बाजार में भारी भीड़ रही। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य बाजार बंद रहे और सार्वजनिक परिवहन की गाड़ियां सड़कों से नदारद रही। उन्होंने बताया कि निजी वाहनों का परिचालन शहर में तथा कश्मीर के अन्य हिस्सों में निर्बाध रूप से जारी रहा, जबकि घाटी के कुछ इलाकों में आटो रिक्शा एवं एक शहर से दूसरे शहर में चलने वाली कुछ कैब सड़कों पर देखी गई।

## घाटी में बंद जारी

उन्होंने बताया कि स्थानीय तौर पर संडे बाजार के नाम से प्रसिद्ध साप्ताहिक कबाड़ी बाजार खुले थे। दर्जनों वेंडरों ने टीआरसी चौक एवं लाल चौक होते हुए बटमालू तक दूकानें लगाई थीं। बाजार में खरीददारों की भारी भीड़ रही। हजारों लोग यहां कपड़े एवं अन्य सामान खरीदने के लिए पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि हालांकि सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। लाल चौक के व्यापारिक केंद्र समेत कुछ इलाकों में दूकानें आज सुबह कुछ घंटों के लिए खुली रही लेकिन अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। उन्होंने बताया कि घाटी में इंटरनेट सेवाएं लगातार बंद है।

## स्कूलों से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर महिला एवं बाल अधिकार पैनल ने राज्य के शिक्षा विभाग से कहा है कि वह घर से स्कूल जाने के रास्ते के अलावा स्कूल के भीतर भी बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। जम्मू-कश्मीर महिला एवं बाल अधिकार सरंक्षण आयोग ने सभी स्कूलों के भेजे विस्तृत परामर्श में कहा कि स्कूल बच्चों के बस्तों के वजन का भी लेखाजोखा रखे, साथ ही स्कूल में स्वस्थ्य एवं स्वच्छ माहौल सुनिश्चित करे। परामर्श में स्कूलों को किसी भी आपातस्थिति के लिए तैयार करने को कहा गया है।

# वीएस अच्युतानंदन 96 साल के हुए, देशभर से मिली बधाई

**तिरुवनतंपुरम, (एजेंसी)।** भाकपा के वयोवृद्ध नेता एवं केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन रविवार को 96 साल के हो गए। विभिन्न दलों के नेताओं, दोस्तों, शुभ चिंतकों एवं मीडिया की हस्तियों ने अच्युतानंदन को जन्मदिन की बधाई दी। जन्मदिन पर अच्युतानंदन ने परिवार के सदस्यों एवं शुभचिंतकों के बीच केक काटा। उनकी पत्नी ने उन्हें केक खिलाया। अच्युतानंदन को बधाई देने वालों में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी शामिल रहे। वह सोमवार को व्यक्तिगत रूप से जाकर अच्युतानंदन को जन्मदिन की बधाई देंगे।

# हमें एकदूसरे से असहमति जताने के शालीन तरीके सीखने चाहिए: धनखड़

एजेंसी। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संविधान का सुनहरा उपहार है और इसके लिए किसी भी तरह की असहिष्णुता देश के लोकतांत्रिक तानेबाने को नष्ट कर सकती है। धनखड़ की यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रवक्ता सनमय बंदोपाध्याय की गिरफ्तारी के बाद आई है। तृणमूल कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सोशल मीडिया पर कथित रूप से आलोचना करने के बाद बंदोपाध्याय के खिलाफ यह कार्वाई की गई थी।

राज्यपाल का तृणमूल कांग्रेस सरकार के साथ उस वक्त से टकराव चल रहा है, जब उन्होंने केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो को यहां यादवपुर विश्वविद्यालय के आंदोलनकारी छात्रों के घेराव से बचाया था। राज्यपाल ने किसी भी मुद्दे पर असहमति के लिए शिष्ट तरीके अपनाने की अपील की। राज्यपाल ने किसी का नाम लिए बिना कहा, अपने विचारों की अभिव्यक्ति संविधान का एक सुनहरा उपहार है और किसी भी रूप में इसकी असहिष्णुता लोकतंत्र के लिए विनाशकारी है। आइए एकदूसरे से असहमति जताने के सभ्य तरीके सीखें। संगठित ढांचा वाले तंत्र द्वारा असहिष्णुता बहुत ही चिंताजनक है।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में 30 जुलाई को पदभार संभालने वाले धनखड़ ने पिछले महीने सुप्रियो को यादवपुर विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय में आंदोलनकारी छात्रों के एक वर्ग से बचाया था, जिन्होंने केंद्रीय मंत्री को एबीवीपी के एक कार्यक्रम में जाने से रोकने की कोशिश की थी। बृहस्पतिवार को बंदोपाध्याय की गिरफ्तारी से बंगाल के सभी प्रमुख विपक्षी दलों में आक्रोश उत्पन्न हो गया। भाजपा के कुछ नेता उनके साथ एकजुटता जाहिर करने के लिए शनिवार को उनके आवास पर गए। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार के कदम की निंदा की थी और कहा था, बंदोपाध्याय की गिरफ्तारी उच्च स्तर की असहिष्णुता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। सनमय को राज्य सरकार की आलोचना करने के लिए उनके घर से गिरफ्तार किया गया था।

चौधरी ने कहा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर इस तरह का हमला हमें सरकार का विरोध करने से नहीं रोक सकता। हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर इस तरह के अलोकतांत्रिक हमले की निंदा करते हैं। तृणमूल कांग्रेस नेता एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने उनके आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, बंदोपाध्याय को गिरफ्तार किया गया है क्योंकि उनके खिलाफ कई आपराधिक आरोप हैं।

# छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 28 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

**दंतेवाड़ा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को 28 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से चार के सिर पर इनाम थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने बताया कि राज्य की राजधानी रायपुर से लगभग 340 किलोमीटर दूर काटेकल्याण इलाके में नव-सृजित चिकपाल पुलिस शिविर में नक्सलियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष हथियार डाल दिए। पल्लव ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादियों के पलटन संख्या 22 के सदस्य मंगलु मदकामी और काटेकल्याण के स्थानीय संगठन के दस्ते के सदस्य बमन कवासी के सिर पर 2-2 लाख रुपए का इनाम था। एसपी ने बताया, दो अन्य नक्सलियों में, हांडा नाम के एक नक्सली और नक्सलियों के सांस्कृतिक संगठन चेतना नाट्य मंडली की एक स्वयंभू कमांडर महिला नक्सल पोडियामी गंगी हैं।



## राजनाथ सिंह ने उपराष्ट्रपति नायडू से शिष्टाचार भेंट की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। नायडू ने सिंह से अपनी मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए इसकी जानकारी दी। उपराष्ट्रपति कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि रक्षा मंत्री ने नायडू को दीवाली की शुभकामनाएं दीं। लगभग एक घंटे की मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने राष्ट्रीय महत्व के तमाम विषयों पर विचार विमर्श भी किया।

# 30 फुट ऊंची गैलरी से तीन साल का बच्चा गिरा, पूरी तरह सुरक्षित

एजेंसी। टीकमगढ़ (मध्यप्रदेश)

**कहते हैं** कि जाको राखे साइयां, मार सके ना कोय। कुछ ऐसा ही हुआ मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ में तीन वर्षीय पर्व जैन नाम के एक बच्चे के साथ। यहां यह बच्चा करीब 30 फुट ऊंची गैलरी पर लगी रेलिंग से नीचे जा गिरा, लेकिन उसे कोई चोट नहीं आई, क्योंकि वह सड़क पर न गिरकर उस दौरान नीचे गली से गुजर रहे एक रिक्शे की गद्दी वाली सीट के ऊपर हाथ-पैर के बल गिरा।

टीकमगढ के प्रधानपुरा की गली में शनिवार को हुई यह घटना पास की बिल्डिंग में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर रविवार को वायरल हो गया है। पर्व के दुकानदार पिता आशीष जैन ने रविवार को बताया, शनिवार रात को मेरा बेटा पर्व अपने घर की दूसरी मंजिल की गैलरी पर लगी रेलिंग के पास खेल रहा था। उसने अचानक संतुलन खो दिया और वह 30 फुट नीचे गिर गया। लेकिन किस्मत से ठीक इसी समय नीचे सड़क से एक साइकिल रिक्शा निकल रहा था। बच्चा सीधा रिक्शे की पीछे वाली गद्दी की सीट पर हाथ-पांव के बल गिरा, जिससे उसे कोई चोट नहीं आई। उन्होंने कहा कि इस रिक्शे को मनोहर भट्ट चला रहा था। बच्चे के गिरने पर उसने तुरंत ही रिक्शा रोक लिया और बच्चे को रिक्शे से उठा लिया। इसी बीच, उसके परिजन सहित मोहल्ले के अन्य लोग भी वहां पर आ गए।

## हावड़ा स्टेशन के नजदीक कालका मेल के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**कोलकाता (एजेंसी)।** हावड़ा स्टेशन में दाखिल हो रही कालका मेल के दो खाली डिब्बे शनिवार-रविवार की दरमियानी रात 1:47 बजे पटरी से उतर गए। अधिकारी ने यहां बताया इसकी वजह से दक्षिण पूर्व रेलवे में ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है।

# सीआईआई ने पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने को पंजाब, हरियाणा में 100 गांवों को गोद लिया

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने उत्तर भारत में विशेषकर सर्दियों के दौरान प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए पंजाब और हरियाणा में 100 गांवों तथा एक लाख एकड़ खेत को गोद लिया है। सीआईआई ने रविवार को इसकी जानकारी दी। सीआईआई ने कहा कि उसने पंजाब में लुधियाना, बरनाला और पाटियाला जिलों तथा हरियाणा में रोहतक, सिरसा और फतेहाबाद जिलों को गोद लिया है। उसका लक्ष्य इन जिलों में पराली जलाने की घटनाओं को समाप्त करना है।

उसने कहा कि पराली जलाने की समस्या के संभव समाधानों के क्रियान्वयन के लिए एक पारिस्थितिकी तैयार की गई है। इसके तहत विशेषज्ञों, कॉरपोरेट, राज्य सरकारों, ग्रामीण समुदायों और कृषक समूहों समेत विभिन्न संबंधित पक्षों को एक साथ लाया जाएगा। उद्योग मंडल ने कहा कि वह 15 हजार से अधिक किसानों को कृषि उपकरण, तकनीकी प्रशिक्षण मुहैया करा रहा है और पंजाब तथा हरियाणा के गोद लिए गांवों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सीआईआई ने कहा कि इस मुहिम में उसके साथ पंजाब के तीन हजार से अधिक विद्यार्थी, युवा और कॉरपोरेट स्वयंसेवी जुड़ रहे हैं।

सीआईआई ने कहा कि इनमें से कई किसानों ने पहली बार पराली जलाने की वैकल्पिक प्रौद्योगिकी को अपनाया है। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा, सीआईआई की स्वच्छ वायु, बेहतर जीवन मुहिम पराली जलाने की घटना को समाप्त करने में किसानों की मदद करने के लिए सक्षम समाधानों का क्रियान्वयन कर रही है। पिछले साल हमने 19 गांवों में प्रायोगिक तौर पर इस मुहिम की शुरुआत की थी, जिसे अब 100 गांवों तक विस्तार दिया गया है।

## पराली से बायोगैस बनाने के लिए करनाल में तैयार हो रहा संयंत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** धान की कटाई के बाद बचे डंढल और पत्तियों आदि से बायोगैस बनाने वाला देश का पहला संयंत्र हरियाणा के करनाल जिले में लगाया जा रहा है। यह कदम किसानों द्वारा पराली (धान के डंठल) खेतों में जलाने की प्रवृत्ति में कमी लाने के प्रयासों के तहत उठाया गया कदम है। इस बायोगैस का इस्तेमाल सीएनजी वाहनों में किया जा सकता है। देश की सबसे बड़ी सीएनजी वितरक कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने एक बयान में बताया कि उसके प्रबंध निदेशक ई.एस.रंगनाथन ने 18 अक्टूबर को करनाल में संयंत्र का भूमिपूजन किया। कंपनी ने कहा कि विशेष मशीन लगाए जाएंगे, जो धान की पराली को काटकर उसका गट्ठर बनाएगा, ताकि पराली का पूरे साल भर के लिए भंडारण बनाया जा सके और संयंत्र चलता रहे।

# अभिनय में आना महज संयोग था: इलियाना डिक्रूज



**मुंबई।** अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज का कहना है कि अभिनय को करियर के तौर पर चुनना पहले से तय नहीं था, इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उनकी योजना गायन को पेशे के तौर पर लेने की थी। रोमेडी नाओ पर प्रसारित होने वाले 'लव लाफ लाइव शो' के एपिसोड में इलियाना ने इस बारे में बात की। जब शो में उनसे मॉडलिंग से बॉलीवुड में अब तक के सफर के बारे में पूछा गया तो इलियाना ने कहा, 'एक्टिंग को करियर के तौर पर चुनना इत्तेफाकन था।' वह वह एक एक्टर नहीं होती तो करियर में उनका दूसरा विकल्प क्या होता? इसके जवाब में इलियाना ने कहा, 'अगर एक्टिंग नहीं तो प्लान बी सिंगिंग होता। मैं एक सिंगर होती।'

# आप गंभीर अभिनेता हैं और सिनेमा आपको नजरअंदाज करता है, तो यह घातक हो सकता है : दीप्ति नवल

एजेंसी। मुंबई



**जानीमानी** अभिनेत्री दीप्ति नवल अभिनय को जीवन जीने का सबसे अच्छा तरीका मानती हैं, और लगभग चालीस वर्षों के करियर में उन्होंने दिल टूटने और काम की कमी के बीच अपने लिए रास्ता बनाया है। हालांकि, वह शुक्रगुजार हैं कि चढ़ाव और उतार के दौरान उनमें कभी भी पेचीदगी नहीं आई। नवल को मुख्य धारा के सिनेमा में आने की काफी सलाह मिली, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने समानांतर सिनेमा में अपना करियर बनाया। वह बताती हैं कि उनसे कहा जाता था समानांतर सिनेमा में कुछ नहीं बचा है, इसे कोई नहीं देखता है।

लेकिन, उन्होंने 80 के दशक में चश्मे बद्दूर, अनकही, मिर्च मसाला जैसे फिल्मों में काम करना जारी रखा। उन्होंने हाल में अमेजन प्राइम वीडियो के मेड इन हैवन में अभिनय किया। नवल ने बताया, प्रत्एक दशक में फिल्मों का एक नया ट्रेंड होता है। दर्शकों द्वारा किसी नई चीज को अधिक पसंद किया जाता है, कोई नई चीज अधिक लोकप्रिय होती है। जाहिर तौर पर लोग कहते हैं कि आपको अपने करियर को नई चीज के साथ जोड़ने की जरूरत है, लेकिन आप जो करने में विश्वास रखते हैं, उसके साथ जुड़े रहना चाहिए।

उन्होंने कहा, आप जो काम करते हैं, उसके साथ डटे रहिए। सिनेमा में ट्रेंड तो लगातार बदलता रहेगा, लेकिन इस चुनौतिपूर्ण परिदृश्य में वैसा काम कीजिए, जैसा आप करना चाहते हैं। जो आपको सही लगता हो, उसे ही चुनिए। अपने चार दशक के करियर के आधार पर 67 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा कि अपने दृढ़ निश्चय के साथ डटे रहना हमेशा कठिन नहीं होता है, लेकिन एक छोटा दौर खासतौर से कठिन हो सकता है।

उन्होंने कहा, जब मैंने महसूस किया कि जिस तरह का सिनेमा मैं करना चाहती हूं, वह नहीं है तो मैंने अपने मन की बात सुनी। शबाना (आजमी), मैं, स्मिता पाटिल, ओम पुरी, नसीरुद्दीन शाह, फारुख शेख हम सभी के लिए 80 का दशक शानदार था, उस समय हमने अपना सर्वश्रेष्ठ काम किया। उन्होंने आगे बताया, उसके बाद 90 के दशक में भाग्यवश कुछ काम आया, लेकिन 90 के दशक के अंतिम वर्षों में मैंने अनुभव किया कि बहुत कुछ नहीं हो रहा है और मुझे वैसा काम नहीं मिल रहा है, जैसा मैं करना चाहती हूं।



चेन्नई में रंगनाथन स्ट्रीट पर लगी बाजार पर नजर रखता सुरक्षा बल का जवान

# बहुपक्षीय सहयोग मजबूत करने की जरूरतः सीतारमण

एजेंसी। नई दिल्ली




**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने कहा कि है मौजूदा वैश्विक आर्थिक जोखिमों और असंतुलन से निपटने में सरकारों की अपनी अपनी पहलों के अलावा बहुपक्षीय स्तर पर सहयोग की आवश्यकता बढ़ गई है। वित्त मंत्री ने आईएमएफ और विश्वबैंक की वार्षिक बैठक 2019 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा एवं वित्तीय समिति (आईएमएफसी) के पूर्ण अधिवेशन में यह बात कही।

वित्त मंत्रालय के बयान के मुताबिक, सीतारमण ने कहा कि देश अपने स्तर पर नपे-तुले और संतुलित राजकोषीय तथा मौद्रिक उपायों और बुनियादी सुधारों को लागू करें तो उन्हें अपनी संभावनाओं के अनुरूप आर्थिक वृद्धि हासिल करने में मदद मिल सकती है। सीतारमण ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष को आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देशों से जुड़ी विशिष्ट समस्याओं से निपटने में मदद करने के लिए अलग-अलग समाधान पेश करने चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि आईएमएफ को ऐसी नीतिगत व्यवस्था विकसित करनी चाहिए जिसके तहत वैश्विक पूंजी के प्रवाह के बदलावों से अर्थव्यवस्थाओं के लिए खतरों का आकलन हो और कमजोर अर्थव्यवस्थाओं की रक्षा के लिए मजबूत निगरानी तंत्र तथा और अधिक तेज नीतिगत औजार विकसित किए जाएं। मुद्राकोष में मताधिकार कोटा की सामान्य समीक्षा के 15 वें दौर की वार्ता भारत जैसे देशों के कोटे में वृद्धि के बिना ही खत्म होने के संबंध में उन्होंने कहा कि 16 वें दौर की समीक्षा वार्ता पूरी गंभीरता से शुरू किया जाना चाहिए और इसे पूरा करने को एक समय सीमा तय की जानी चाहिए।

## सिर्फ एक मामले से आईबीसी पर सवाल उठाना उचित नहीं

एजेंसी। वाशिंगटन

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने कहा है कि किसी एक मामले में अनिश्चितता से दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की दक्षता और क्षमता पर सवाल नहीं उठाया जाना चाहिए। सीतारमण से एक हालिया मामले के बारे में पूछा गया था जिसमें आईबीसी को लेकर कुछ खामियां उभरकर सामने आई थीं। उनकी यह टिप्पणी पंजाब एंड महाराष्ट्र कोआपरेटिव (पीएमसी) बैंक में 4,355 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आने के बाद आई है। यह ऋण घोटाला तब सामने आया जबकि रिजर्व बैंक ने पिछले महीने कुछ अनियमितताएं पकड़ी और बैंक पर अंकुश लगाए। सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें एक मामले को बढ़ाचढ़ाकर दिखाते हुए पूरे आईबीसी पर सवाल उठाना चाहिए। हालिया मामले पर टिप्पणी करते हुए सीतारमण ने कहा कि यदि प्रवर्तन निदेशालय किसी की संपत्ति कुर्क करता है और इससे आईबीसी प्रक्रिया में कुछ अनिश्चितता बनती है तो यह समूची आईबीसी पर निष्कर्ष नहीं हो सकता। सीतारमण ने कहा कि जब कोई कंपनी समाधान के लिए आती है तो जरूरी नहीं कि सभी में ऐसा ही हो। मुझे नहीं लगता कि हमें इस मामले को इस तरीके से देखना चाहिए। दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) 2016 भारत का दिवाला कानून है। इसमें दिवाला एवं ऋणशोधन के लिए मौजूदा ढांचे को एकीकृत किया गया है। इस संहिता का मकसद छोटे निवेशकों के हितों का संरक्षण और कारोबार की जटिलता को कम करना है। वित्त मंत्री यहां अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की बैठक में भाग लेने आई हैं।




## क्रिप्टो करेंसी को लेकर सतर्कता बरत रहे हैं देश

**वाशिंगटन**। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि कई देशों ने क्रिप्टोकरेंसी अपनाने को लेकर चेतावनी दी है। सीतारमण ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्वबैंक की वार्षिक बैठक में फेसबुक की प्रस्तावित क्रिप्टोकरेंसी लिब्रा को लेकर चली चर्चा के बीच यह टिप्पणी की। उनसे पहले रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी क्रिप्टोकरेंसी पर अपनी राय रखी। सीतारमण ने भारतीय संवाददाताओं के एक समूह से कहा, हमारी ओर से रिजर्व बैंक के गवर्नर इस बारे में बोल चुके हैं। मुझे ऐसा महसूस हुआ कि कई सारे देश क्रिप्टोकरेंसी अपनाने को लेकर सतर्क हैं। सीतारमण ने कहा कि उनमें से कुछ देशों ने कहा कि हममें से किसी को क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। कुछ देशों ने तो यहां तक कहा कि इसे स्थिर मुद्रा भी नहीं कहा जाना चाहिए।

## 'चीन से निकलने वाली कंपनियों को भारत में आमंत्रित करेंगे'

एजेंसी। वाशिंगटन

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वह ऐसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए खाका तैयार करेंगी जो चीन से आगे भारत को निवेश गंतव्य के रूप में देख रही हैं।

उन्होंने कहा कि उद्योग जगत के ऐसे दिग्गज जो अपने कारोबार को चीन से बाहर ले जाना चाहते हैं, वे निश्चित रूप से भारत की ओर देख रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा, भारत के लिए जरूरी हो जाता है कि वह इन कंपनियों से मिले और उन्हें अपने यहां आमंत्रित करे। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में अपनी परिचर्चा के समापन पर भारतीय संवाददाताओं के समूह के साथ बातचीत में सीतारमण ने कहा, निश्चित रूप में मैं ऐसा करूंगी। मैं ऐसी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों की पहचान करूंगी, सभी अमेरिकी कंपनियों या किसी अन्य यूरोपीय देश की कंपनी या ब्रिटिश कंपनी जो चीन से निकलना चाहती है, मैं उनसे संपर्क करूंगी और भारत को निवेश के तरजीही गंतव्य के रूप में पेश करूंगी। उन्होंने कहा कि सरकार का यह निर्णय सिर्फ अमेरिका और चीन के बीच जो चल रहा है सिर्फ उसी पर आधारित नहीं हैं। उन्होंने कहा, इससे या तो स्थिति और खराब या किसी स्तर पर यह प्रभावित करेगा। लेकिन तथ्य यह है कि कंपनियों इसके अलावा भी कई और वजहों से अन्य स्थानों पर स्थानांतरित होना चाहती हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत कंपनियों को देश के बाजार का लाभ लेने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र बनाना चाहता है। उन्होंने कहा, यह बात साफ है कि कंपनियों के लिए भारत ऐसा विकल्प है जिसपर वे विचार करेंगी। सीतारमण ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि वियतनाम उतना आकर्षक नहीं है। मेरी आज कुछ बैंकों और सरकार के प्रतिनिधियों के साथ भी बात हुई। उनका मानना है कि अब वियतनाम का संकुचन हो रहा है। उसके पास विस्तार के निवेश कार्यक्रमों के लिए श्रमबल की कमी है।

## आईएमएफ में कोटा बढ़ाने को लेकर पर्याप्त समर्थन नहीं मिल पाना निराशाजनक

**वाशिंगटन**। भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की कोटा संरचना को बढ़ाने में समर्थन की कमी को लेकर शनिवार को निराशा जाहिर की। आईएमएफ कोटा उसके कोष का मुख्य स्रोत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आईएमएफ की सालाना बैठक को संबोधित करते हुए कहा, भारत कोटा की 15वीं आम समीक्षा के तहत कोटा बढ़ाने के मसले पर पर्याप्त समर्थन नहीं मिल पाने को निराशाजनक मानता है। उन्होंने कहा, हालांकि हम इसे तात्कालिक झटका मानते हैं। हमें उम्मीद है कि समीक्षा के अगले दौर की चर्चा में कोटा बढ़ाने के संबंध में सफलता मिल जाएगी। कोटा का वितरण एक चार सूत्रीय विधि से किया जाता है। इसमें सदस्य देश की जीडीपी, आर्थिक खुलापन, आर्थिक विविधता और अंतरराष्ट्रीय भंडार पर गौर किया जाता है। उल्लेखनीय है कि आईएमएफ में भारत का कोटा 2.76 प्रतिशत और चीन का कोटा 6.41 प्रतिशत है। अमेरिका का कोटा सर्वाधिक 17.46 प्रतिशत है जिसे कारण उसके पास मताधिकार की 16.52 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## अमेरिका के साथ पूरी गति में चल रही व्यापार वार्ताः वित्त मंत्री

एजेंसी। वाशिंगटन

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता को लेकर पूरी गति से बातचीत चल रही है। उन्होंने जल्दी ही समझौता हो जाने की उम्मीद जाहिर की। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के मुख्यालय में सीतारमण की अमेरिका के वित्त मंत्री स्टीवन म्यूचिन के साथ हुई मुलाकात में व्यापार सौदे को लेकर संक्षिप्त चर्चा हुई। म्यूचिन अगले महीने की शुरुआत में भारत की यात्रा करने वाले हैं। सीतारमण ने शनिवार को कहा, वास्तव में मैंने वित्त मंत्री म्यूचिन के समक्ष इसका जिक्र किया, लेकिन इस मुद्दे पर भारत के वाणिज्य मंत्री और अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि रॉबर्ट लाइटहाइजर चर्चा कर रहे हैं। मुझे जो जानकारी मिली है, वह यह कि वार्ता पूरी गति से चल रही है और उम्मीद है कि जल्दी ही समझौता हो जाएगा। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अमेरिका के साथ सर्वाधिकार अनुबंध हमेशा वरीयता में रहा है।

## रिलायंस ने कहा, 2020 के मध्य तक नए क्षेत्रों से गैस उत्पादन के लिए तैयार

**नई दिल्ली**। रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) ने कहा है कि वह बंगाल की खाड़ी में केजी-डी6 ब्लॉक के नए क्षेत्रों से गैस उत्पादन के लिए पूरी तरह तैयार है। हालांकि, कंपनी के मौजूदा क्षेत्रों से उत्पादन लगातार नीचे आ रहा है। रिलायंस और उसकी भागीदार ब्रिटेन की बीपी पीएलसी ने जून, 2017 में तीन नई खोजों में 40,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की घोषणा की थी, ताकि केजी-डी 6 ब्लॉक से उत्पादन में गिरावट के रुख को पलटा जा सके। इन क्षेत्रों से 2020-22 के दौरान चरणबद्ध तरीके से 3 से 3.5 करोड़ घनमीटर (या एक अरब घनफुट) का उत्पादन प्रतिदिन होने की उम्मीद है। ए नई खोजें हैं, आर क्लस्टर, सैटेलाइट क्लस्टर और एमजे क्षेत्र। आर-क्लस्टर से उत्पादन पहले शुरू होने की उम्मीद है। दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के समय निवेशकों के समक्ष प्रस्तुतीकरण में रिलायंस ने कहा कि आर-क्लस्टर से 2020 के मध्य तक उत्पादन की तैयारी सही दिशा में चल रही है। कंपनी ने इस क्षेत्र में पहले ही सभी छह कुओं की खुदाई कर ली है।


## दोपहिया निर्यात चार प्रतिशत बढ़कर 17.93 लाख इकाई पर

एजेंसी। नई दिल्ली

**देश का** दोपहिया वाहनों का निर्यात चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर की छमाही में चार प्रतिशत बढ़ गया। इस दौरान सबसे अधिक निर्यात बजाज आटो का रहा। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के अनुसार पहली छमाही में बजाज आटो ने अफ्रीका और लातिनी अमेरिका सहित विभिन्न बाजारों को नौ लाख इकाइयों का निर्यात किया।

आंकड़ों के अनुसार पहली छमाही में दोपहिया (मोटरसाइकिल, स्कूटर और मोपेड) का निर्यात 17,93,957 इकाई रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 17,23,280 इकाई था। समीक्षाधीन अवधि में स्कूटरों का निर्यात 10.87 प्रतिशत घटकर 2,01,277 इकाई रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2,25,821 इकाई था। मोटरसाइकिलों का निर्यात इस दौरान 6.81 प्रतिशत बढ़कर 15,85,338 इकाई पर पहुंच गया, जो इससे पिछले साल की समान अवधि में 14,84,252 इकाई रहा था। वहीं दूसरी ओर मोपेड का निर्यात 44.41 प्रतिशत घटकर 7,342 इकाई रह गया जो एक साल पहले समान अवधि में 13,207 इकाई रहा था।

पुणे की कंपनी बजाज आटो का निर्यात 7.5 प्रतिशत बढ़कर 9,34,581 इकाई पर पहुंच गया। टीवीएस मोटर कंपनी का निर्यात 6.24 प्रतिशत बढ़कर 3,43,337 इकाई और होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया का निर्यात 23.09 प्रतिशत घटकर 1,74,469 इकाई रहा। इंडिया यामाहा मोटर का निर्यात 21.38 प्रतिशत बढ़कर 1,56,058 इकाई रहा। घरेलू बाजार की अग्रणी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प का निर्यात 12 प्रतिशत घटकर 92,823 इकाई रहा। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया का निर्यात 35.61 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 54,372 इकाई पर पहुंच गया। समीक्षाधीन अवधि में रॉयल एनफील्ड ने 22,956, पियोजियो वेहिकल्स ने 14,050 और महिंद्रा टू व्हीलर्स ने 297 इकाइयों का निर्यात किया।




## एफपीआई ने पूंजी बाजार में किया 5,072 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली**। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर महीने में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 5,072 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। इससे पहले सितंबर में भी एफपीआई ने 6,557.8 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया था। हालांकि जुलाई और अगस्त में एफपीआई शुद्ध बिकवाल रहे थे। डिपॉजिटरी के हालिया आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने एक से 18 अक्टूबर के दौरान शेयरों में 4,970 करोड़ रुपए और बांड बाजार में 102 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया। इस तरह घरेलू पूंजी बाजार में एफपीआई का शुद्ध निवेश 5,072 करोड़ रुपए रहा। सैमको सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख उमेश मेहता ने कहा, महंगाई भत्ता बढ़ाकर, कॉरपोरेट कर घटाकर, सरकारी बैंकों में पूंजी डालकर तथा रणनीतिक विनिवेश के जरिए घरेलू मांग को सुधारने के सरकार के प्रयासों ने एफपीआई की धारणा बदली है।

## एमएसएमई, स्टार्टअप को व्यापार की गोपनीय सूचनाओं में मदद करने के लिए दिग्दर्शिका का प्रकाशन

एजेंसी। नई दिल्ली

**व्यावसायिक** सूचनाओं की गोपनीयता की रक्षा के संबंध में भारतीय कंपनियों के मार्गदर्शन के उद्देश्य से सरकार ने अमेरिका के शीर्ष उद्योगमंडल के साथ संयुक्त परियोजना के तहत भारतीय कंपनियों के लिए एक दिग्दर्शिका प्रकाशित की है।

बौद्धिक संपदा पर अमेरिका-भारत के बीच राजधानी में हाल में सम्पन्न दूसरी वार्ता के अवसर पर अ गाइड टू प्रोटेक्टिंग ट्रेड सीक्रेट्स शीर्षक से यह दिग्दर्शिका जारी की गई। इस वार्ता का आयोजन यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स के वैश्विक नवाचार नीति केंद्र (जीआईपीसी) तथा भारतीय वाणिज्य उद्योग महासंघ (फिक्की) ने अमेरिका-भारत व्यवसाय परिषद (यूएसआईबी) के साथ मिल कर किया था। इन संगठनों की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह दिग्दर्शिका जीआईपीसी तथा भारत सरकार के बीच पांच वर्ष की एक संयुक्त परियोजना के तहत प्रकाशित की गई है। इसे खास कर एमएसएमई (सूक्ष्म,लघु और मझोले उद्यमों) तथा स्टार्टअप को व्यापार की गोपनीय सूचनाओं की रक्षा के विषय में मदद करने के लिए प्रकाशित किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहने के लिए व्यापारिक गोपनीयता महत्वपूर्ण होती है। यह एक ऐसी बौद्धिक सम्पत्ति है जिस पर दुनियाभर में कंपनियां बहुत भरोसा करती हैं। विज्ञप्ति के अनुसार बौद्धिक सम्पदा संरक्षण वार्ता में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग के संयुक्त सचिव राजीव अग्रवाल ने कहा, देश की आर्थिक वृद्धि में बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व को समझते हुए देश में राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति 2016 को अपनाने के बाद से बौद्धिक संपदा की पारिस्थितिकी को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसे आगे बढ़ाते हुए भारतीय कंपनियों विशेषकर एमएसएमई को व्यापार की गोपनीय सूचनाओं की सुरक्षा करने में मदद के लिए सरल दस्तावेज का प्रकाशन किया गया है। उम्मीद है कि इससे उन्हें प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी। जीआईपीसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पैट्रिक किलब्राइड ने कहा कि प्रतिस्पर्धा में प्रगति के लिए नवप्रवर्तन जरूरी है। भारत उभार पर है। यहां की बौद्धिक सम्पदा अधिकार संरक्षण व्यवस्था में हल्के सुधार की जरूरत है। इससे यह देश नवप्रवर्तन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत यदि बौद्धिक अर्थव्यवस्था में आगे बढ़ता है तो इसका फायदा अमेरिकी कंपनियों को भी होगा क्योंकि दोनों देश नव-प्रवर्तन के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## इरडा ने बीमा कंपनियों से कहा विज्ञापन गुमराह करने वाले न हों

**नई दिल्ली**। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बीमा कंपनियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि बीमा उत्पादों से संबंधित विज्ञापन स्पष्ट होने चाहिए और इनसे संभावित ग्राहकों के मन में काल्पनिक सुरक्षा की भावना पैदा नहीं होनी चाहिए। नियामक ने बीमा विज्ञापनों पर सर्कुलर जारी किया है। इसमें बताया गया है कि बीमा कंपनियों को क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए। सर्कुलर में कहा गया है कि सभी बीमा विज्ञापन स्पष्ट, निष्पक्ष होने चाहिए। साथ ही ए विज्ञापन गुमराह करने वाले नहीं होने चाहिए। इरडा ने कहा कि बीमा कंपनियों को सामग्री और डिजाइन का इस्तेमाल कर सूचना को कानूनी और पहुंच वाले तरीके से उपलब्ध कराना चाहिए। इसमें कागज का आकार, रंग, फोंट का प्रकार और आकार शामिल है। इरडा ने कहा कि आवश्यक खुलासा भी उसी भाषा में किया जाना चाहए जिसमें पूरा विज्ञापन है।

## मक्का खल की मांग बढ़ने से देश में उत्पादन दोगुना बढ़ा

**नई दिल्ली**। देश में पशु आहार में इस्तेमाल होने वाले मक्का खल की मांग निरंतर बढ़ने के कारण इसका उत्पादन बढ़कर लगभग दोगुना हो गया है और कई कंपनियां अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने की तैयारी में जुटी हैं। खाद्य तेल कंपनी सरिस्का के प्रबंध निदेशक पवन कुमार गुप्ता ने पीटीआई भाषा को बताया, कंपनी के पास महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश से मक्का खल की मांग बढ़ रही है। यह बिनौना खल की कमी को पूरा करता है। इसमें तेल की मात्रा 14 प्रतिशत होती है जिससे दुधारू पशु से दूध का उत्पादन काफी बढ़ता है। मक्का खल में विटामिन ई प्रचूर मात्रा में पाई जाती है। बढ़ती मांग को देखते हुए जल्द ही हम अपनी उत्पादन क्षमता मौजूदा 1,000 टन प्रति माह से बढ़ाकर 2,000 टन करने जा रहे हैं। जयपुर के अरोड़ा सेल कार्पोरेशन से संबद्ध राकेश अरोड़ा ने कहा, 100 किग्रा मक्का में पांच किलोग्राम मक्का आयलसीड निकलता है जिससे तेल के साथ साथ मक्का खल की प्राप्ति होती है। मक्का खल उत्पादन के क्षेत्र में कभी गुजरात का वर्चस्व था लेकिन अब देश के विभिन्न भागों में राजस्थान के मक्का खल की मांग निरंतर बढ रही है। गुजरात में उन्नत किस्म के मक्का खल की कीमत 3,700 रुपए प्रति क्विन्टल है। उन्होंने बताया कि मक्का खल के सेवन से मवेशियों के दूध में फैट (वसा) की मात्रा में इजाफा होता है, जिससे किसानों को उनके दूध के अच्छे दाम मिलते हैं। उन्होंने कहा कि इस कारण से मक्का खल की लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है।

## एयर इंडिया के लिए अगले माह बोलियां मंगा सकती है सरकार

एजेंसी। नई दिल्ली


**सरकार** एयर इंडिया की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए अगले महीने प्रारंभिक बोलियां मंगाने की योजना बना रही है। कुछ निकाय पहले ही एयर इंडिया में दिलचस्पी दिखा चुके हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

कंपनी के ऊपर करीब 58 हजार करोड़ रुपए का कर्ज बकाया है। सूत्रों ने कहा कि कुछ निकाय पहले ही एयर इंडिया को खरीदने में दिलचस्पी दिखा चुके हैं। उन्होंने कहा कि बोली मंगाने के दस्तावेज को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस महीने के अंत में या अगले महीने बोलियां मंगाई जा सकती हैं। इसकी निविदा हाल ही में विकसित ई-निविदा प्रणाली से की जाएगी। नागर विमानन सचिव प्रदीप सिंह खरोला ने कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक से पहले एक समीक्षा बैठक की थी। निदेशक मंडल की बैठक 22 अक्टूबर का होने वाली है।

इस एयरलाइन के कर्मचारियों की यूनियनें विनिवेश के प्रस्ताव का विरोध कर रही है। उन्हें नौकरी जाने का डर है। एयरलाइन की बैलेंसशीट स्वच्छ करने के लिए करीब 30,000 करोड़ रुपए का कर्ज बांड जारी करके किया जाना है। ए बांड एयरलाइन की विशेष उद्येशीय कंपनी एयर इंडिया एसेट होल्डिंग कंपनी (एआईएएचएल) की ओर से जारी किए जा सकते हैं। एआईएएचएल का गठन इस उद्श्एश्य से किया गया है कि एयरलाइन के क्रियाशल पूंजीगत रिण, तैल-चित्र और कलात्मक वस्तुओं तथा एयर इंडिया की अनुषंगी कंपनियों एयर इंडिया एयर ट्रांसपोर्ट सर्विसेज, एयरलाइन एलाइड सर्विसेज, एयर इंडिया सहित इंजीनियरिंग सर्विसेज और होटल कार्पोरेशन आफ इंडिया के पास पड़ी किसी भी प्रकार की सम्पत्ति को एक जगह किया जा सके। कंपनी अब तक 21,985 करोड़ रुपए बांड से जुटा चुकी है।

## बुनियादी परियोजनाओं की लागत में 3.88 लाख करोड़ की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली**। देरी और कई अन्य वजहों से देशभर की 360 बुनियादी परियोजनाओं की लागत में कुल 3.88 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। ए सभी परियोजनाएं मूल रूप में 150 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। इन 1,608 परियोजनाओं में से 360 की लागत में इजाफा हुआ है, जबकि 550 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। मंत्रालय की जून 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, 1,608 परियोजनाओं की कुल मूल लागत 19,17,796.07 करोड़ रुपए थी। अब परियोजना खत्म होने तक इनकी अनुमानित लागत 23,05,860.33 करोड़ रुपए होगी। यह दिखाता है कि इन परियोजनाओं की लागत में 3,88,064.26 करोड़ रुपए का इजाफा हो चुका है। यह मूल लागत से 20.23 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, जून 2019 तक इन परियोजनाओं पर 9,35,021.39 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। यह इन परियोजनाओं की अनुमानित लागत का 40.55 प्रतिशत है।



# जॉनसन को करना पड़ सकता है संसद की अवमानना का सामना : लेबर पार्टी

● ब्रिटेन की संसद में शनिवार को सांसदों ने जॉनसन के ब्रेक्जिट समझौते में देर कराने वाले एक प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए मतदान किया

**एजेंसी।** लंदन

**यूरोपीय** संघ (ईयू) से बाहर होने की 31 अक्टूबर की समयसीमा को तीन महीने बढ़ाने की मांग करने वाला हस्ताक्षर रहित पत्र भेजे जाने के बाद ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को विपक्ष ने रविवार को जिद्दी बच्चा करार दिया।

विपक्षी लेबर पार्टी ने जॉनसन को चेतावनी दी है कि अपनी इस गतिविधि को लेकर उन्हें संसद और संभवत: अदालत की अवमानना का सामना करना पड़ सकता है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री शनिवार को संसद के एक ऐतिहासिक सत्र में इस मुद्दे पर सांसदों के मतदान करने के बाद ब्रेक्जिट में विलंब की मांग करने वाला पत्र जारी करने के लिए कानूनन आबद्ध थे। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन की संसद में शनिवार को सांसदों ने जॉनसन के ब्रेक्जिट समझौते में देर कराने वाले एक प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए मतदान किया। 306 के मुकाबले 322 सांसदों ने ब्रेक्जिट में देर कराने वाले एक महत्वपूर्ण संशोधन पर मतदान किया। इसका यह मतलब है कि जॉनसन को सांसदों द्वारा पूर्व में पारित बेन अधिनियम के तहत शनिवार आधी रात तक यूरोपीय संघ को पत्र लिखकर 31 अक्टूबर को खत्म हो रही ब्रेक्जिट की समयसीमा बढ़ाने की मांग करनी होगी।


ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन लंदन में हाउस ऑफ कॉमन्स के अंदर ब्रेक्जिट पर बहस के दौरान शनिवार को बोलते हुए

लेबर के शैडो चांसलर ने कहा, उन्हें संसद की या अदालत की अवमानना का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि वह स्पष्ट रूप से प्रथम पत्र को महत्वहीन कर रहे हैं और उस पर हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वह एक जिद्दी बच्चे की तरह व्यवहार कर रहे हैं। संसद ने एक फैसला लिया है, उन्हें इसका पालन करना चाहिए और प्रथम पत्र के विरोधाभास में दूसरा पत्र भेजे जाने के बारे में मेरा मानना है कि यह संसद और अदालत के फैसलों के खिलाफ है। शनिवार रात यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष डोनाल्ड टस्क को भेजे अस्ताक्षरित पत्र में कहा गया है, ब्रिटेन यह प्रस्ताव करता है कि यह (विस्तार) अवधि 31 जनवरी 2020 को रात 11 बजे समाप्त हो जाएगी। यदि पार्टियां इस तारीख से पहले संशोधन करने में सक्षम रहीं तो सरकार यह प्रस्ताव करती है कि उस अवधि को उससे पहले समाप्त कर दिया जाए। प्रधानमंत्री आवास का यह रुख है कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने संसद का पत्र भेजकर बेन एक्ट का पालन किया है। मूल पत्र के साथ टस्क को भेजे गए एक हस्ताक्षरित पत्र में जॉनसन ने 31 अक्टूबर की समयसीमा के अंदर ईयू से बाहर निकलने का संकल्प दोहराया है।

इस बीच, टस्क ने ट्विटर पर कहा कि ब्रिटेन का (समय) विस्तार करने का अनुरोध मिला है और इस पर किस तरह से प्रतिक्रिया की जाए, इस बारे में वह ईयू नेताओं से बात करेंगे। वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री माइकल गोव और डोमिनिक राब ने रविवार को इस बात पर जोर दिया कि सरकार ईयू से बाहर होने के लिए 31 अक्टूबर की समयसीमा पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस बीच, ब्रसेल्स से प्राप्त समाचार एजेंसी एएफपी की एक खबर के मुताबिक ईयू के अधिकारियों ने रविवार को बैठक की। ईयू के एक राजनयिक ने कहा, ईयू ने सारे विकल्प खुले रखे हैं और इसलिए अनुसमर्थन प्रक्रिया शुरू की है, ताकि इसे सोमवार को यूरोपीय संसद को सौंपा जा सके। उन्होंने कहा, ब्रिटेन में इस पर स्पष्टता आने तक ईयू इसी रणनीति को संभवत: जारी रखेगा। ईयू वार्ताकार मिशेल बर्नियर ने रविवार की वार्ता के बाद एक सवाल के जवाब में कहा, टस्क अगले कुछ दिनों में मशविरा करेंगे। दरअसल, उनसे पूछा गया था कि क्या उन्हें लगता है कि ईयू नेता विलंब की अनुमति देंगे।

## अमेरिकी सैनिक सीरिया छोड़कर पश्चिमी इराक जा रहे हैं : रक्षा प्रमुख



**अमेरिकी सेना के विमान से।** अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने कहा है कि वर्तमान योजना के मुताबिक सीरिया छोड़ने वाले सभी अमेरिकी सैनिक पश्चिमी इराक जाएंगे और सेना इस्लामिक स्टेट समूह के खिलाफ अभियान चलाना जारी रखेगी। पश्चिम एशिया की यात्रा पर अपने साथ जा रहे संवाददाताओं से एस्पर ने इन संभावनाओं से इंकार नहीं किया कि अमेरिकी सेना इराक से सीरिया के अंदर आतंकवाद निरोधक अभियान चलाएगी। लेकिन उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इन पर विस्तार से काम किया जाएगा। पहली बार उन्होंने बयान देकर स्पष्ट किया कि अमेरिकी सैनिक सीरिया छोड़ने के बाद कहां जा रहे हैं और आईएस से किस तरह लड़ा जाएगा। एस्पर ने कहा कि सीरिया छोड़ रहे 700 सैनिकों के पश्चिमी इराक जाने की योजना के बारे में उन्होंने इराक के अपने समकक्ष से बात की है। एस्पर शनिवार को वॉशिंगटन से रवाना हुए। इस बीच तुर्की के सीरिया के सीमावर्ती इलाकों में हमले के बाद अमेरिकी सैनिक उत्तर सीरिया से हटते जा रहे हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने ट्रम्प को फोन कर स्पष्ट किया था कि उनकी सेना कुर्दिश बलों को पीछे हटाने के लिए हमले करने जा रही है जिसके बाद ट्रम्प ने सीरिया में तैनात करीब एक हजार अमेरिकी सैनिकों में से अधिकतर को वहां से हटने के आदेश दिए थे। कुर्दिश बलों को तुर्की आतंकवादी मानता है।

# भारतीय सभ्यता के मूल्य हिंसा के दौर में शांति और मित्रता कायम कर सकते हैं: कोविंद


**एजेंसी।** मनीला

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने रविवार को फिलीपींस में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि संघर्ष और हिंसा के इस दौर में भारतीय सभ्यता के मूल्य लोगों और देशों के बीच में शांति तथा मैत्री सुनिश्चित कर सकते हैं।

मनीला में भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कोविंद ने फिलीपींस की अर्थव्यवस्था और समाज में भारतीय प्रवासियों के योगदान की सराहना की और कहा कि इनकी वजह से भारत और भारतीयों की छवि बेहतर हुई है। राष्ट्रपति इस दक्षिण पूर्वी एशियाई देश की पांच दिन की यात्रा पर हैं। उन्होंने इस अवसर पर कहा, फिलीपींस में हमारा समुदाय दशकों से दोनों देशों के बीच मित्रता की मजबूत कड़ी है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान प्रवासियों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा, इतने दूर देश में अपने लोगों से मिलना मेरे लिए एक भावनात्मक और विशेष अनुभव है, ए अपने प्रिय और प्रियजनों से मिलने जैसा है। कोविंद ने फिलिपींस में अपनी संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने के लिए भारतीय समुदाय की तारीफ की और कहा, सभी की भलाई और खुशहाली के मकसद से अपनी विरासत और ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए आपको हरसंभव प्रयास करना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह हमारे लिए बेहद खुशी की बात है कि हमारे लोग जहां भी जाते हैं, वह वसुधैव कुटुम्बकम के मूल्य को भी लेकर जाते हैं। उन्होंने कहा, हिंसा और अशांति के इस दौर में हमारी सभ्यता के ए मूल्य लोगों और देशों के बीच शांति और मैत्री सुनिश्चित कर सकते हैं। कोविंद ने कहा कि भारत में नवाचार, निवेश, शोध और शिक्षा के क्षेत्र में जो संभावनाएं हैं, उसका लाभ प्रवासी समुदाय को उठाना चाहिए। कोविंद ने कहा कि मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, गंगा कायाकल्प परियोजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी और जल जीवन मिशन जैसी प्रमुख पहलों में आपकी भागीदारी की जरूरत है। उन्होंने कहा कि फिलीपींस में भारतीय दूतावास जल्द ही मनीला में पासपोर्ट की प्रिंटिंग शुरू करेगा और इससे नया पासपोर्ट हासिल करने में लगने वाले समय में बहुत कमी आएगी। उन्होंने गुरु नानक देव की 550वीं जयंती के लिए सिख समुदाय को अपनी शुभकामनाएं भी दीं।

## फिलीपीन में किया राष्ट्रपिता की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण




**मनीला।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जन्मशती के मौके पर यहां उनकी आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया और उम्मीद जताई कि आने वाली पीढ़ी करुणा, सच्चाई और सिद्धांतों की उनकी विरासत से प्रेरणा लेगी। कोविंद ने मनीला के मिरियम कॉलेज में सेंटर फॉर पीस एजुकेशन में एक कार्यक्रम में शिरकत की। वह दक्षिणपूर्वी एशियाई देशों की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। इस अवसर पर कोविंद ने कहा, साहसी जोस रिजाल की भूमि फिलीपीन पर गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण करके मैं आज सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं मिरियम कॉलेज को अपने परिसर में महात्मा गांधी को सम्मानित स्थान देने के लिए शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा भारत के लोगों की ओर से आपके लिए उपहार है। लेकिन महात्मा सब के हैं, सभी संस्कृतियों और समाजों के हैं। शांति, सौहाद्र, तथा सभी के सतत विकास की हमारी साझा यात्रा में वह हमारा मार्गदर्शन करें। राष्ट्रपति ने गांधी और रिजाल के बीच समानताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि दोनों नेता शांति और अहिंसा की शक्ति पर विश्वास करते थे। उन्होंने कहा, नई दिल्ली में आपके राष्ट्रीय प्रणेता के नाम पर एक एवेन्यू हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों को विशेष बताया और कहा, आपके देश और आपके लोगों के बीच हमारे संबंध न सिर्फ विशेष हैं बल्कि हमारे दिल के नजदीक हैं। यह ऐसी मित्रता है जिसका हम जश्न मनाते हैं। उन्होंने गांधी की विरासत का जश्न सेन्टर फॉर पीस एजुकेशन में मनाने की भी सराहना की। यह केन्द्र शिक्षा के जरिए शांति की संस्कृति को बढ़ावा देता है।

# कश्मीर मुद्दे पर दिवाली के दिन लंदन में भारत विरोधी मार्च की योजना, मेयर ने की निंदा

**एजेंसी।** लंदन

**लंदन** के महापौर (मेयर) सादिक खान ने अगले रविवार दिवाली के दिन कश्मीर मुद्दे पर यहां भारत विरोधी मार्च निकाले जाने की योजना की निंदा की है। साथ ही, पाकिस्तानी मूल के खान ने कहा कि इससे ब्रिटेन की राजधानी में विभाजन और गहरा होगा। उन्होंने आयोजकों एवं इसमें शामिल होने वाले संभावित प्रदर्शनकारियों से विरोध मार्च रद्द करने की अपील की है।

लंदन महानगर पुलिस के मुताबिक इस प्रस्तावित मार्च के लिए अनुमति मांगी गई है और इसमें 5,000 से 10,000 प्रदर्शनकारियों के शामिल होने का अनुमान है। ब्रिटिश प्रधाानमंत्री के आवास डाउनिंग स्ट्रीट के पास रिचमंड टेरेस से लेकर भारतीय उच्चायोग तक मार्च निकाले जाने की योजना है। लंदन एसेंबली के सदस्य एवं भारतीय मूल के नवीन शाह के पत्र के जवाब में खान ने अपने पत्र में कहा, मैं दिवाली के पावन अवसर पर भारतीय उच्चायोग के नजदीक तक विरोध मार्च निकालने की योजना की सख्त निंदा करता हूं।



खान ने 18 अक्टूबर को लिखे पत्र में कहा, यह मार्च ऐसे वक्त में लोगों के बीच विभाजन को सिर्फ बढ़ाएगा, जब सभी लंदनवासियों को एकजुट होने की जरूरत है। इसलिए मैं मार्च के आयोजकों और इसमें शामिल होने पर विचार करने वालों से इसे रद्द करने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय मार्च के दौरान निगरानी सुनिश्चित करने के लिए स्कॉटलैंड यार्ड (लंदन महानगर पुलिस) के साथ मिलकर काम कर रहा है। खान ने लिखा, आप जानते हैं कि ऐसे मार्च पर रोक लगाने का अधिकार गृहमंत्री के पास है न कि एक लंदन के महापौर के तौर पर मेरे पास। इसलिए मैं आपके पत्र की एक प्रति गृहमंत्री प्रीति पटेल, महानगर पुलिस आयुक्त क्रेसिडा डिक को भेज रहा हूं ताकि वे मेरी चिंताओं के अनुरूप इसपर विचार कर सकें।

शाह ने अपने पत्र में 15 अगस्त को भारतीय उच्चायोग के सामने भारतीय मूल के लोगों और पाकिस्तानी मूल के लोगों के बीच हुई झड़पों का जिक्र किया था। इस बारे में खान ने कहा, मैं समझ सकता हूं कि क्यों कई ब्रिटिश भारतीय इतने चिंतित हैं। भारतीय उच्चायोग के सामने पिछली बार हुए प्रदर्शनों से कई लोग डरे हुए हैं। मैं सभी लंदनवासियों को भरोसा दिलाता हूं कि किसी भी गैरकानूनी गतिविधि के लिए पुलिस जिम्मेदार होगी। उल्लेखनीय है कि इस मार्च में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के कथित राष्ट्रपति सरदार मसूद खान और प्रधानमंत्री राजा मुहम्मद फारूक हैदर खान के भी शामिल होने की संभावना है।

# हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता पर हमले के बाद पुलिस आदेश की अवहेलना की


हांगकांग में रविवार को प्रदर्शनकारियों का पीछा करती पुलिस

**एजेंसी।** हांगकांग

**हांगकांग** में दो लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं की पिटाई और चाकू से हमले से नाराज प्रदर्शनकारियों ने रविवार को पुलिस के आदेश की अवहेलना कर मार्च निकाला।

प्रशासन ने सघन बाजार, लक्जरी बुटिक और होटल वाले त्सिम शा त्सुई जिले में प्रदर्शन करने पर रोक लगाई थी। यह कदम जनसुरक्षा और पहले कट्टर कार्यकर्ताओं द्वारा की गई हिंसक घटनाओं के मद्देनजर उठाया गया था, लेकिन इसके बावजूद हजारों लोग प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच तनाव उस समय और बढ़ गया था जब सप्ताहांत में प्रदर्शन का आयोजन करने वाले समूह के नेता जिमी शाम पर बुधवार को कुछ लोगों ने हथौड़ों और चाकू से हमला किया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। शनिवार रात को भी लोकतंत्र समर्थकों को पर्चे बांट रहे एक व्यक्ति के गले और पेट पर चाकू से हमला किया गया। प्रदर्शनकारी रविवार को तेज धूप से बचने के लिए छातों के साथ सड़कों पर उतरे। प्रदर्शन में शामिल कई लोगों ने कहा कि वे यह दिखाने आए हैं कि हमलों और प्रशासन के प्रतिबंधों के आगे वे झुकने वाले नहीं है। गौरतलब है कि हांगकांग में पूर्ण लोकतंत्र की मांग को लेकर करीब पांच महीने से प्रदर्शन कर रहे हैं। वे पुलिस उत्पीड़न की स्वतंत्र जांच और प्रदर्शन के दौरान नकाब पहनने पर लगी रोक हटाने की मांग भी कर रहे हैं।

## व्यापार, भू-राजनयिक स्थिति पर चर्चा के लिए दिल्ली में जुटेंगे भारत-अमेरिका के नेता, कारोबारी

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के राजनीतिक और उद्योग क्षेत्र की शीर्ष हस्तियां सोमवार को व्यापार और भू-राजनीति से संबंधित विषयों पर चर्चा के लिए नई दिल्ली में एकत्र होंगे। इंडिया लीडरशिप समिट नाम से इस दूसरे वार्षिक सम्मेलन की अगुवाई अमेरिका-भारत सामरिक एवं साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) कर रहा है। शिखर सम्मेलन में अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंजर, कोंडोलिजा राइस और भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत अन्य लोग शिरकत करेंगे। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष मुकेश अघी ने बताया, भारत और अमेरिका का संबंध सिर्फ व्यापार तक नहीं है। यह सिर्फ भू-राजनीतिक विषय तक ही सीमित नहीं है। यह संबंध अब उससे भी कहीं आगे है। यह इस बारे में है कि आप शोध को प्रमुखता देने वाले विश्वविद्यालय की स्थापना कैसे करते हैं, कचरा प्रबंधन का अच्छा तरीका क्या हो सकता है और हवा की गुणवत्ता के बारे में कैसे सीखा जाए। इस संबंध में वैज्ञानिकों का आदान प्रदान भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि एक मंच होना चाहिए जो इन विचार-विमर्शों को प्रोत्साहित, समर्थन और प्रचारित करे। इस शिखर सम्मेलन में भारत और अमेरिका के 300 से अधिक प्रभावशाली और शक्तिशाली लोग शामिल हो रहे हैं।

# पाकिस्तान नौ नवंबर को करतापुर गलियारा खोलेगा: इमरान खान

**एजेंसी।** लाहौर

**पाकिस्तान** बहुप्रतीक्षित करतारपुर गलियारे को नौ नवंबर को खोलेगा। प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को यह घोषणा की। इस तरह, सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के 550 वें प्रकाश पर्व के अवसर पर इस गलियारे को खोले जाने पर संशय खान की इस घोषणा से खत्म हो गया है।





यह प्रस्तावित गलियारा करतारपुर के दरबार साहिब को पंजाब के गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक धर्मस्थल से जोड़ेगा। भारतीय श्रद्धालु इससे होकर वीजा मुक्त आवाजाही करेंगे। श्रद्धालुओं को करतारपुर साहिब जाने के लिए सिर्फ एक परमिट लेना होगा। गुरू नानक देव ने 1522 में करतारपुर साहिब की स्थापना की थी। पाकिस्तान भारतीय सीमा से करतारपुर स्थित गुरूद्वारा दरबार साहिब तक गलियारे का निर्माण कर रहा है, जबकि पंजाब में गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक से सीमा तक गलियारे का दूसरा हिस्सा भारत बनाएगा।

खान ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा, पाकिस्तान दुनियाभर के सिखों के लिए अपने दरवाजे खोलने के लिए पूरी तरह तैयार है और करतारपुर परियोजना पर निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उसे नौ नवंबर, 2019 को लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 12 नवंबर को सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक देव जी की 550 वीं जयंती है। उन्होंने कहा, दुनिया के सबसे बड़े गुरूद्वारा में भारत और विश्व के अन्य हिस्सों से सिख आएंगे। यह सिखों के लिए एक बड़ा धार्मिक केंद्र बन जाएगा और इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, देश के लिए विदेशी मुद्रा अर्जित होगी तथा यात्रा एवं आतिथ्य समेत विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा, पाकिस्तान में धार्मिक पर्यटन बढ़ रहा है। पहले बौद्ध भिक्षुओं ने विभिन्न स्थानों की यात्रा की और अब करतारपुर गलियारा खोला जा रहा है।

इससे पहले 10 अक्टूबर को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने यह कहकर उद्घाटन की तारीख पर संशय पैदा कर दिया था कि अबतक कोई तारीख तय नहीं की गई है। वहीं, परियोजना की अगुवाई कर रहे एक अन्य पाकिस्तानी वरिष्ठ अधिकारी ने घोषणा की थी कि पाकिस्तान भारतीय सिख श्रद्धालुओं को नौ नवंबर से करतारपुर साहिब जाने की अनुमति देगा। रविवार को ही पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने करतारपुर गलियारा उद्घाटन कार्यक्रम में एक आम आदमी के तौर पर शामिल होने का उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। हालांकि, नई दिल्ली में सिंह के करीबी सूत्रों ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम में नहीं जाएंगे लेकिन वह एक आम आदमी के रूप में इस ऐतिहासिक स्थल पर जाएंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने तीन अक्टूबर को कहा था कि सिंह करतारपुर गलियारे के खुलने के बाद विशाल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए करतारपुर साहिब जाने वाले पहले सर्वदलीय जत्थे का हिस्सा बनने पर राजी हो गए हैं।

## चीन में एक फैक्ट्री में आग से चार लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के फुजियान प्रांत में रविवार को एक फैक्ट्री में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। नानान शहर प्रशासन के सूचना कार्यालय के अनुसार स्थानीय अग्निशमन विभाग को रात 2.30 बजे फैक्ट्री में आग की सूचना देना वाला एक फोन कॉल आया। कार्यालय के अनुसार सूचना मिलने के तत्काल बाद संबंधित विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने लोगों को बचाया तथा आग को बुझाने का काम किया।


कनाडा के टोरंटो में कन्जरवेटिव पार्टी के नेता एंड्रयू शेहर श्रीस्वामीनारायण मंदिर गए। वहां पर पूज्य नित्यविवेकदास स्वामी द्वारा माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया

## स्वास्थ्य

### रोजाना कुछ अखरोट खाइए और कई बीमारियों को दूर भगाइए

**तिबुरॉन (अमेरिका)।** अगर आप रोजाना चार अखरोट खाते हैं तो कई बीमारियों से बचे रह सकते हैं। दुनिया के 11 देशों के 55 विश्वविद्यालयों की ओर से किए गए अध्ययनों एवं इनसानों पर किए गए परीक्षण में साबित हुआ है कि अखरोट खाने से शरीर के लिए जरूरी रेशे, प्रोटीन, विटामिन और मैग्निशियम, असंतृप्त वसा, फॉसफोरस और ओमेगा-3 अल्फा लिनोलेनिक एसिड (एएलए) सहित खनिज पदार्थों की पर्याप्त आपूर्ति होती है। अध्ययन के मुताबिक रोजाना चार अखरोट खाने से कैंसर, मोटापे, मधुमेह की बीमारी को दूर रखने के साथ वजन को भी नियंत्रित करने में मदद मिलती है। अखरोट खाने से संज्ञात्मक क्षमता, प्रजनन स्वास्थ्य एवं जीवनशैली संबंधी अन्य बीमारियों को भी दूर रखने में मदद मिलती है। कैलिफोर्निया अखरोट आयोग के स्वास्थ्य अनुसंधान निदेशक कैरोल बर्ग स्लोआन ने बताया, अखरोट पोषक तत्वों के ऊर्जा केंद्र हैं और स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त हैं। उन्होंने कहा, पेड़ों से प्राप्त 93 तरह के मेवों में से केवल एक अखरोट ही पर्याप्त मात्रा में पौधे से प्राप्त एएलए की आपूर्ति करता है जो शरीर के लिए जरूरी फैटी एसिड है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, भारत में बड़ी आबादी शाकाहारी है और ओमेगा-3 और प्रोटीन की कमी से जूझ रही है। ऐसे में अगर वे रोजाना कुछ अखरोट खाएं या अपनी खुराक में शामिल करें तो यह बहुत स्वस्थ विचार होगा। स्लोआन ने कहा, सभी तरह के मेवों को खाने में शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि वे मोनोसैच्युरेटेड फैटी एसिड परिपूर्ण है। इसके साथ ही अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है जो दिल को स्वास्थ रखता है। करीब 30 ग्राम अखरोट में 2.5 ग्राम एएलए होता है जो सेहत के लिए जरूरी है पर शरीर में इसका उत्पादन नहीं होता। उन्होंने कहा कि अखरोट वजन को नियंत्रण में रखने, मधुमेह, स्तन, मलाशय एवं प्रॉस्टेट कैंसर एवं दिल की बीमारी के खतरे को कम करने में मददगार है। स्लोआन ने कहा कि खाने का संबंध मानव प्रजनन क्षमता से है लेकिन अधिकतर समय महिलाओं के खानपान पर ही ध्यान दिया जाता है और पुरुषों के खानपान को नजरअंदाज किया जाता है। उन्होंने कहा, यह पाया गया है नियमित अखरोट खाने से पुरुषों की प्रजनन क्षमता में सुधार होता है।

# रोहित ने टेस्ट में जमाया दोहरा शतक

- रहाणे ने भी शतक लगाया
- दक्षिण अफ्रीका का शीर्ष क्रम लड़खड़ाया
- भारत ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 497 रन पर समाप्त घोषित की
- दो विकेट पर नौ रन बनाकर संघर्ष कर रही अफ्रीकी टीम



**एजेंसी।** रांची

रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट में पहले दोहरे शतक और अजिंक्य रहाणे की सधी हुई शतकीय पारी के बाद तेज गेंदबाजों ने खराब मौसम के कारण खेल जल्दी समाप्त किए जाने से पहले दक्षिण अफ्रीका का शीर्षक्रम लड़खड़ाकर तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन भारत का पलड़ा भारी रखा। भारत ने अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 497 रन पर समाप्त घोषित की लेकिन लगातार दूसरे दिन तीसरे सत्र का खेल खराब मौसम से प्रभावित रहा। दक्षिण अफ्रीका की पारी में केवल पांच ओवर फेंके गए लेकिन इस बीच भारत ने उसके दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। अंपायरों ने जब दिन का खेल समाप्त घोषित करने का फैसला किया तब दक्षिण अफ्रीका दो विकेट पर नौ रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। इससे पहले रोहित टेस्ट और वनडे दोनों प्रारूपों में दोहरे शतक जड़ने वाले विशिष्ट क्लब में शामिल हुए। इस श्रृंखला में पहली बार सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे रोहित ने सुबह 117 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और 255 गेंदों का सामना करके 212 रन बनाए जिसमें 28 चौके और छह छक्के शामिल हैं। रोहित की शानदार पारी अजिंक्य रहाणे (115) के बेहतरीन प्रयास पर हावी हो गई। उन्होंने घरेलू सरजमीं पर पिछले तीन साल में अपना पहला और कुल 11वां टेस्ट शतक लगाया। उन्होंने अपनी पारी में 192 गेंदें खेली तथा 17 चौके और एक छक्का लगाया।

रविंद्र जडेजा (51) ने छठे नंबर के साथ पूरा न्याय करके अर्धशतक पूरा किया जबकि अंतिम क्षणों में उमेश यादव ने छक्कों की झड़ी लगाई और दस गेंदों पर पांच छक्कों की मदद से 31 रन बनाए। भारतीय पारी समाप्त होने के बाद चाय के विश्राम लिया गया लेकिन उसके बाद केवल पांच ओवर किए गए। मोहम्मद शमी ने अपनी दूसरी गेंद पर ही डीन एल्गर (शून्य) को विकेट के पीछे कैच करा दिया। उनकी अतिरिक्त उछाल लेती गेंद एल्गर के दस्तानों को चूमकर ऋद्धिमान साहा के सुरक्षित हाथों में पहुंची। उमेश यादव ने अगले ओवर में दूसरे सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकाक (चार) को साहा के हाथों कैच कराया। इसके बाद खराब रोशनी के कारण विराट कोहली को तेज गेंदबाज हटाने पड़े। स्टंप उखड़ने के समय कप्तान फाफ डुप्लेसिस एक रन पर खेल रहे थे जबकि जुबैर हमजा को अभी खाता खोलना है। भारत पहले दोनों टेस्ट मैच जीतकर श्रृंखला में पहले ही 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर चुका है लेकिन विश्व चैंपियनशिप के महत्वपूर्ण अंकों को ध्यान में रखते हुए यह मैच भी उसके लिए अहम है। इस श्रृंखला में 500 रन पूरे करने वाले रोहित ने फिर से अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 264 रन के विश्व रिकार्ड के साथ तीन दोहरे शतक लगाने वाला यह बल्लेबाज लंच के समय 199 रन पर खेल रहे था। इसके बाद उन्होंने लुंगी एनगिडी पर छक्के से दोहरा शतक पूरा किया। वह छक्के से दोहरा शतक पूरा करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। मुंबई की जोड़ी रोहित और रहाणे ने चार घंटे से अधिक समय क्रीज पर बिताया और इस बीच चौथे विकेट के लिए रिकार्ड 267 रन की भागीदारी की। इन दोनों ने अच्छे रन रेट से रन बनाए जिससे पहले दिन की बारिश के व्यवधान का भारतीय प्रगति पर खास प्रभाव नहीं पड़ा। पहले दिन केवल 58 ओवर का खेल हो पाया था। रहाणे को 105 रन के निजी योग पर हेनरिक क्लासेन ने जीवनदान दिया। क्लासेन ने हालांकि इसके बाद अच्छा कैच लेकर इसमें सुधार किया और अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे जार्ज लिंडे को पहला टेस्ट विकेट भी दिलाया। इसके बाद जडेजा ने अच्छी भूमिका निभाई। भारतीय बल्लेबाजों के लिए तेजी से रन बनाने के साफ निर्देश पहुंच गए थे और रोहित दूसरे सत्र में 15 मिनट से भी कम समय क्रीज पर रहे। उन्होंने कैगिसो रबाडा की गेंद पर फाइन लेग बाउंड्री पर कैच दिया। रबाडा का यह प्रथम श्रेणी मैचों में 250वां विकेट था। जडेजा और साहा (24) के आउट होने के बाद उमेश ने जलवा दिखाया। रविचंद्रन अश्विन ने 14 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे जार्ज लिंडे सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 133 रन देकर चार विकेट लिए। रबाडा ने 85 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पहली पारी :** मयंक अग्रवाल का एल्गर बो रबाडा 10, रोहित शर्मा का लुंगी एनगिडी बो रबाडा 212 , चेतेश्वर पुजारा पगबाधा बो रबाडा 00, विराट कोहली पगबाधा बो नॉर्टजे 12, अजिंक्य रहाणे का क्लासेन बो जार्ज लिंडे 115, रविंद्र जडेजा का क्लासेन बो जार्ज लिंडे 51, ऋद्धिमान साहा बो जार्ज लिंडे 24, रविचंद्रन अश्विन स्ट क्लासेन बो डेन पीट 14, उमेश यादव का क्लासेन बो जार्ज लिंडे 31, शाहबाज नदीम नाबाद 01,मोहम्मद शमी नाबाद 10, **अतिरिक्त** : (बाई-10, लेग बाई-6, नो बॉल-1) 17, **कुल योग** : 116.3 ओवर में नौ विकेट पर पारी घोषित : 497 रन, **विकेट पतन** : ।-12, 2-16, 3-39, 4-306, 5-370, 6-417,7-450, 8-464, 9-482 , **गेंदबाजी :** कागिसो रबाडा 23-7-85-3, लुंगी एनगिडी 20-5-83-0 , एनरिच नॉर्टजे 24.3-5-79-।, जार्ज लिंडे 31-2-133-4, डेन पीट 18-3-101-।

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी :** डीन एल्गर का साहा बो मोहम्मद शमी 00, क्विंटन डि कॉक का साहा बो उमेश यादव 04,जुबेर हम्जा खेल रहे हैं 00, फाफ डु प्लेसिस खेल रहे हैं 01, **अतिरिक्त :** (बाई-4) 4, **कुल योग :** पांच ओवर में दो विकेट पर : नौ रन, **विकेट पतन :** ।-4, 2-8,**गेंदबाजी :** , मोहम्मद शमी ।- ।-0- ।, उमेश यादव ।-0-4- ।, शाहबाज नदीम 2-2-0-0 , रविंद्र जडेजा ।-0- ।-0



## घरेलू सरजमी पर सर्वाधिक औसत के मामले में रोहित ने ब्रैडमैन को पीछे छोड़ा

**रांची।** भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने रविवार को कम से कम 10 पारी खेलने वाले बल्लेबाजों के बीच घरेलू सरजमी पर टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक बल्लेबाजी औसत के मामले में महान बल्लेबाज सर डान ब्रैडमैन को पीछे छोड़ दिया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में यहां 212 रन बनाने वाले रोहित का 18 पारियों में औसत 99.84 है जो स्वदेश में टेस्ट क्रिकेट में घरेलू सरजमी पर किसी भी खिलाड़ी का सर्वोच्च औसत (न्यूनतम 10 पारी) है। रोहित ने अब तक 18 पारियों में 1298 रन बनाए है। इससे पहले रिकार्ड ब्रैडमैन के नाम दर्ज था जिन्होंने घरेलू सरजमी पर 50 पारियों में 98.22 की औसत से 4322 रन जोड़े थे। रोहित साथ ही सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग के बाद टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों में दोहरे शतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बने। रोहित ने 50 ओवर के प्रारूप में तीन दोहरे शतक जड़े हैं।

## अगर मौकों का फायदा नहीं उठाता तो काफी कुछ हो सकता था : रोहित

- अब तीसरे टेस्ट में दोहरा शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग की बराबरी करते हुए दो प्रारूप में 200 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने



**एजेंसी।** रांची

रोहित शर्मा को हमेशा से पता था कि टेस्ट सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी नई भूमिका में मिले मौकों का उन्हें सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल करना होगा और अगर वह ऐसा नहीं करते तो लंबे प्रारूप में उनकी संभावनाओं पर काफी असर पड़ सकता था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में अपने पहले ही टेस्ट में रोहित ने 176 और 127 रन की पारियां खेली और अब तीसरे टेस्ट में दोहरा शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग की बराबरी करते हुए दो प्रारूप में 200 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। रोहित ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, अगर मैं रन नहीं बनाता तो काफी कुछ होने वाला था और नहीं तो आप मेरे बारे में काफी कुछ लिख देते। उन्होंने कहा, इसलिए यह मुझे मिले मौकों का फायदा उठाने से जुड़ा था। मुझे पता था कि मुझे इसका पूरा फायदा उठाना होगा, अन्यथा मीडिया मेरे खिलाफ लिखता। अब मुझे पता है कि सभी मेरे बारे में अच्छी चीजें लिखेंगे। रोहित ने चार पारियों में 529 रन बनाए हैं और किसी टेस्ट श्रृंखला में 500 से अधिक रन बनाने वाले सिर्फ पांचवें भारतीय सलामी बल्लेबाज बने। उन्होंने कहा, पारी का आगाज करना मेरे लिए अच्छा मौका था। जैसा कि मैंने विशाखापत्तनम टेस्ट के दौरान कहा, पारी की शुरुआत करने को लेकर मेरे और टीम प्रबंधन के बीच लंबे समय से संवाद हो रहा था। इसलिए मानसिक रूप से मैं इसके लिए तैयार था। मुझे पता था कि ऐसा कभी भी हो सकता है। रोहित ने उस समय अजिंक्य रहाणे (115) के साथ चौथे विकेट के लिए 267 रन की रिकार्ड साझेदारी की जब भारत पहले दिन 39 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में था। मुंबई के इस बल्लेबाज ने कहा, अगर इस पारी की बात करूं तो मैं कहूंगा कि यह सबसे चुनौतीपूर्ण पारी थी। मैं ज्यादा नहीं खेला। मैं सिर्फ 30 टेस्ट खेला हूं। मैंने अब तक जिसका सामना किया है उसे देखते हुए यह संभवतः सबसे चुनौतीपूर्ण था। पारी का आगाज करने की चुनौती के संदर्भ में रोहित ने कहा, पारी का आगाज करना छठे-सातवें नंबर पर बल्लेबाजी से अलग चुनौती है। यह इस पर निर्भर रकता है कि आपने कैसी तैयारी की है, आप मैदान पर उतरकर क्या करना चाहते हो, क्या हासिल करना चाहते हो। उन्होंने कहा, मैच की पहली गेंद का सामना करना , 30-40 ओवर के बाद खेलने की तुलना में बिलकुल अलग है। रोहित ने कहा कि वह अगले साल न्यूजीलैंड दौरे के दौरान विदेशों में भी अपनी सफलता को दोहराना चाहते हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने रहाणे की भी तारीफ की जिन्होंने पहले दिन लंच के बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए भारत के ऊपर से दबाव कम किया।

## हसी श्रीलंका, पाक श्रृंखला के लिए आस्ट्रेलियाई सहयोगी स्टाफ में शामिल



**एजेंसी।** सिडनी

आस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लैंगर ने मध्यक्रम के पूर्व बल्लेबाज माइकल हसी को श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली आगामी टी20 श्रृंखलाओं के लिए मेंटर के रूप में टीम के सहयोगी स्टाफ से जोड़ा है। हसी टीम से जुड़ने वाले तीसरे दिग्गज हैं। इससे पहले वनडे विश्व कप के दौरान रिकी पोंटिंग टीम से जुड़े थे जबकि इंग्लैंड में एशेज श्रृंखला के दौरान स्टीव वॉ ने टीम की मदद की थी। मिस्टर क्रिकेट का उपनाम पाने वाले हसी ने सिडनी डेली टेलीग्राफ से कहा, मैं वास्तव में बहुत उत्साहित हूं। मैं आस्ट्रेलियाई टीम के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हूं। आस्ट्रेलिया गर्मियों के अपने सत्र के शुरू में श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ तीन . तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलेगा। लैंगर ने इससे पहले टेस्ट तेज गेंदबाज रेयान हैरिस को श्रृंखला के लिए गेंदबाजी कोच बनाया था।

## केंद्रीय अनुबंध के शीर्ष स्तर पर बरकरार रहेंगे सरफराज

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने स्पष्ट किया है कि कप्तानी से बर्खास्त किए गए सरफराज अहमद केंद्रीय अनुबंध के ए वर्ग में बरकरार रहेंगे क्योंकि वह खेल के तीनों प्रारूपों में चयन के लिए उपलब्ध हैं। सरफराज को निचले स्तर का अनुबंध देने के पीसीबी के फैसले से जुड़ी अटकलों को खारिज करते हुए पीसीबी के प्रवक्ता ने कहा कि सरफराज अगले साल जुलाई तक केंद्रीय अनुबंध के शीर्ष स्तर पर रहेंगे।



प्रवक्ता ने कहा, उसके केंद्रीय अनुबंध में कोई बदलाव नहीं होगा क्योंकि वह तीनों प्रारूपों में चयन के लिए उपलब्ध है। पाकिस्तान के नए टी20 कप्तान बाबर आजम और लेग स्पिनर यासिर शाह भी ए वर्ग में शामिल हैं। बोर्ड ने साथ ही सरफराज को खेल के तीनों प्रारूपों की कप्तानी से हटाने की घोषणा के दौरान जारी वीडियो के लिए भी माफी मांगी है। बोर्ड की डिजिटल मीडिया टीम ने अपने आधिकारिक पेज पर संक्षिप्त वीडियो डाला था जिसमें सरफराज को एक टीम अधिकारी बाहर जाने का इशारा कर रहा है और कुछ खिलाड़ी जश्न मना रहे हैं। बोर्ड ने कहा कि उसने यह वीडियो विश्व टी20 की तैयारियों को लेकर जारी करने का फैसला किया था लेकिन दुर्भाग्य से इसी समय कप्तान बदलने की खबर भी आई।

## पहले दिन रोहित का कैच छूटना दुर्भाग्यशाली रहा: लिंडे

**रांची।** अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर जार्ज लिंडे ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम दुर्भाग्यशाली रही कि भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को आउट करने के मौके को चूक गई।

रोहित जब 28 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे तब लिंडे की गेंद पर शुक्रवार को जुबैर हमजा ने शार्ट लेग पर उनका कैच छोड़ दिया था। लिंडे ने कहा, ऐसे कैच कई बार हाथ में चिपक जाते है और कई बार नही। हमारे लिए यह दुर्भाग्य की बात थी कियह हमारे पक्ष मे नही गया और यह रोहित का कैच था। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की। लिंडे ने कहा, रोहित ने अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होने हमे एक मौका दिया था, जो आसान नही था और इसके बाद उन्होंने हमे कोई मौका नही दिया। लिंडे पदार्पण टेस्ट मे टीम के सबसे सफल गेदबाज रहे। उन्होने 133 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होने पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका ए टीम के साथ भारत का दौरा किया था। केशव महाराज के चोटिल होने के बाद उन्हे टीम मे जगह मिली जिसके लिए वह तैयार थे। घरेलू क्रिकेट मे 24.05 की औसत से 160 विकेट लेने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए यह सीखने का मौका है। मुझे हालांकि टेस्ट टीम मे मौका मिलने की उम्मीद नही थी। इस साल मुझे टीम मे जगह मिलने की उम्मीद नही थी ऐसे मे जब मुझे चयन के बारे मे पता चला तो मै नर्वस था। उन्होने कहा, मेरी किस्मत अच्छी थी कि खुद को ढालने के लिए मेरे पास समय था। आज मुझे काफी कुछ सीखने को मिला।



## राज्य इकाइयों को मिलेगा अनुदान : बीसीसीआई

**एजेंसी।** नई दिल्ली

लोढ़ा समिति की सिफारिशों का अनुपालन करने वाली बीसीसीआई की राज्य इकाइयों को 23 अक्टूबर को होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के बाद सालाना अनुदान मिलना शुरू हो जाएगा। इसी दिन से सौरव गांगुली की अगुवाई वाली समिति बीसीसीआई का संचालन शुरू कर देगी। बीसीसीआई के पूर्ण सदस्यों को 35 करोड़ रुपए का सालाना अनुदान मिलता है जो लोढ़ा समिति की सिफारिशों के मुताबिक कानून संशोधित नहीं करने के कारण पिछले तीन वर्षों से नहीं मिला है। ऐसे में अनुपालन करने वाले राज्य इकाइयों को 100 करोड़ रुपए से ज्यादा मिलने की संभावना है। इस मामले से जुड़े बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, एजीएम में कई वित्तीय वर्षों के लिए वार्षिक लेखा-जोखा पारित होगा और एक बार जब ऐसा हो जाएगा तब अनुपालन करने वाले राज्यों को अनुदान मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक हालांकि केवल उन्हीं राज्यों को अनुदान मिलेगा जिन्होंने इसका अनुपालन किया है। इस अधिकारी ने कहा कि यह अनुदान कई चरणों में जारी किया जा सकता है और अभी यह भी देखा जाना है कि मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, चंडीगढ़ और पुडुचेरी जैसे नौ नए पूर्ण सदस्य बनने के बाद क्या दूसरे राज्यों के अनुदान में कटौती की जाएगी। अधिकारी ने कहा, कई सदस्यों को तीन वर्ष से अनुदान नहीं मिला है और अब उनके पास कोई रकम बची भी नहीं है जबकि कई सदस्यों ने सावधि जमा से रकम निकालकर आधारभूत संरचना का काम किया है। ऐसे में वे कम से कम 105 करोड़ रुपए और उसके ब्याज के हकदार हैं। मुझे हालांकि ऐसा नहीं लगता उन्हें एक ही बार में यह राशि मिलेगी। उन्हें कई चरणों में अनुदान जारी किए जाएंगे। अनुदान की रकम की समीक्षा भी की जा सकती है क्योंकि नई इकाइयों को पिछले एक साल का अनुदान मिलेगा। इस मामले को कानूनी और वित्तीय विशेषज्ञ के साथ अध्यक्ष और सचिव को देखना होगा। मुंबई में होने वाली एजीएम में लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित निकाय को सत्ता सौपने से पहले प्रशासकों की समिति 22 अक्टूबर को आखिरी बार मुलाकात करेगी। यह पता चला है कि गांगुली बोर्ड के पेशेवरों से एक अनौपचारिक मुलाकात करेंगे। यह संभावना है कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल जौहरी, महाप्रबंधक (क्रिकेट संचालन) सबा करीम, आईपीएल के मुख्य संचालन अधिकारी हेमंग अमीन नए अध्यक्ष से मुलाकात करेंगे। यह मुलाकात एक-दूसरे को समझने के लिए होगी क्योंकि नए अध्यक्ष चीजों को जानना चाहेंगे और भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने के लिए साथ मिलकर काम करेंगे।



- अनुपालन करने वालों को लाभ

## दिल्ली को हराकर गुजरात सेमीफाइनल में

**एजेंसी।** बेंगलुरु



पांचाल 80 रन

गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन के बाद कप्तान पार्थिव पटेल (76) और प्रियांक पांचाल (80) के बीच पहले विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी से गुजरात ने विजय हजारे एकदिवसीय टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रविवार को यहां दिल्ली को वीजेडी पद्धति से छह विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद दिल्ली की पारी 223 रन पर सिमट गई। मैच के दौरान खराब मौसम के कारण खेल रोकना पड़ा और मैच को 49 ओवर का कर दिया गया। गुजरात को वीजेडी प्रणाली से 49 ओवर में जीत के लिए 225 रन का लक्ष्य मिला लेकिन टीम ने 37.5 ओवर में चार विकेट के नुकसान 225 रन बनाकर जीत दर्ज की। दिल्ली के कप्तान ध्रुव शोरे (91) शतक बनाने से चूक गए। उन्होंने 109 गेंद की पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए। उन्हें हालांकि दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। नितीश राणा (33), हिम्मत सिंह (26) और ललित यादव (28) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी नहीं बदल सके। भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज शिखर धवन एक बार फिर नाकाम रहे और खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गए। धवन पूरे टूर्नामेंट में लय पाने के लिए जूझते दिखे और उन्होंने सात मैचों में एक अर्धशतक की मदद से महज 130 रन बनाए। गुजरात के लिए चिंतन गाजा और अरजान नगवास्वल्ला ने तीन-तीन विकेट लिए जबकि पीयूष चावला ने दो बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। छोटे लक्ष्य का गुजरात ने आक्रामक अंदाज में पीछा किया। पार्थिव और पांचाल ने 23.1 ओवर में 150 रन की साझेदारी की। पार्थिव इस दौरान ज्यादा आक्रामक रहे जिन्होंने 60 गेंद की पारी में 10 चौके और एक छक्का जड़ा। पांचाल ने 91 गेंद में आठ चौके और एक छक्का लगाया। इस साझेदारी को मनन शर्मा ने तोड़ा। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए ध्रुव रावल (नाबाद 34) ने एक छोर संभाले रखा। दिल्ली के लिए सिमरनजीत सिंह ने दो विकेट लिए जबकि मनन और पवन नेगी को एक-एक विकट मिला।

## कर्नाटक अंतिम चार में

- पुडुचेरी के खिलाफ एकतरफा जीत
- विजय हजारे वनडे टूर्नामेंट

**एजेंसी।** बेंगलुरु

गेंदबाजों के कमाल के बाद बल्लेबाजों के धमाल से कर्नाटक ने विजय हजारे ट्राफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में रविवार को यहां पुडुचेरी के खिलाफ आठ विकेट की आसान जीत दर्ज की। कर्नाटक ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद पुडुचेरी की टीम प्रवीण दुबे (44 रन पर तीन विकेट), अभिमन्यु मिथुन (35 रन पर दो विकेट) और वी कौशिक (33 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 207 रन ही बना सकी। कर्नाटक ने इसके जवाब में भारतीय टीम से बाहर चल रहे लोकेश राहुल (90) की देवदत्त पडिक्कल (50) के साथ पहले विकेट की 98 और रोहन कदम (नाबाद 50) के साथ दूसरे विकेट की 88 रन की साझेदारी की बदौलत 41 ओवर में दो विकेट पर 213 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान मनीष पांडे 20 रन बनाकर नाबाद रहे। राहुल ने 112 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का मारा जबकि पडिक्कल ने 54 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्का जड़ा। कदम की 68 गेंद की पारी में तीन चौके शामिल रहे। कर्नाटक के पूर्व स्टार खिलाड़ी और पुडुचेरी के कप्तान विनय कुमार ने आठ गेंदबाजों को आजमाया लेकिन सिर्फ सागर उदेशी ही 47 रन देकर दो विकेट हासिल कर पाए। इससे पहले पुडुचेरी की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 41 रन पर ही छह विकेट गंवा दिए थे। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे सिद्धार्थ त्रिवेदी (54) और आठवें नंबर पर उतरे वी मरिमुथु (58) ने अर्धशतक जड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। नौवें नंबर पर उतरे फाबिद अहमद ने भी 37 रन की पारी खेली।



प्रवीण ने 44 रन पर तीन विकेट लिए

# बेलिहु, गेमेचु फिर बने दिल्ली हाफ मैराथन चैंपियन











एजेंसी। नई दिल्ली

मौजूदा चैंपियन एंडामलाक बेलिहू और सेहे गेमेचू ने 15वीं एयरटेल दिल्ली हाफ मैराथन में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते।

इथोपिया के बेलिहू ने 59.10 मिनट का समय लेकर अपने खिताब का बचाव किया जबकि गेमेचू ने 66.00 मिनट के समय के साथ प्रतियोगिता के अपने ही पिछले रिकार्ड में सुधार किया। यह गेमेचू का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन भी है। बेलिहू ने पिछले साल आईएएएफ गोल्ड लेबल रेस 59 मिनट 18 सेकेंड में जीती थी। वह इथोपिया के अपने साथी सोलोमोन बेरिहू (59.17 मिनट) से आगे रहे। कीनिया के किबिवोट कैंडी 59.33 मिनट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बेलिहू केवल चार सेकेंड के अंतर से कोर्स रिकार्ड से चूक गए जो इथोपिया के गुए एडोला (59.06 मिनट) ने 2014 में बनाया था। उन्होंने बाद में कहा, मैं जानता हूं कि मैं कोर्स रिकार्ड से चूक गया। इसलिए मैं थोड़ा निराश हूं लेकिन कुल मिलाकर यह अच्छी दौड़ रही और इसलिए मैं खुश हूं। बेलिहू ने कहा, मैं अभी कुछ मैराथन और हाफ मैराथन में भाग लूंगा लेकिन यह सब मेरे अभ्यास पर निर्भर करता है और मैं इस बारे में अपने कोच से बात करूंगा। महिलाओं के वर्ग में इथोपिया के एलमजर्फ एहुआलाउ ने एक घंटा 6.01 मिनट के साथ दूसरा जबकि जेनिबा यिमर ने एक घंटा 6.57 मिनट के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। गेमेचू का व्यक्तिगत रिकार्ड 66.50 मिनट था और उन्होंने पिछले साल कोर्स रिकार्ड बनाया था। उन्होंने कहा, मैंने कोर्स रिकार्ड तोड़ा और मैं इसे हासिल करके खुश हूं। दोहा के बाद मैं काफी थकी हुई थी लेकिन मैं दिल्ली में जीत दर्ज करना चाहती थी। मैं बहुत खुश हूं। यह मेरा सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन भी है। भारतीय पुरुषों में श्रीनु बुगाता ने एक घंटा 4.33 मिनट के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि सुरेश पटेल (1:04:57) दूसरे और हर्षद महात्रे (1:05:12) तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं में एल सूरिया ने एक घंटा 12.49 मिनट के साथ पहले स्थान पर रही। पारूल चौधरी (1:13:55) ने दूसरा और चिंता यादव (1:15:28) ने तीसरा स्थान हासिल किया। खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने अंतरराष्ट्रीय इवेंट एंबेसडर कार्मेलिटा जेटर की उपस्थिति में दौड़ को हरी झंडी दिखाई थी। रीजीजू ने पत्रकारों को कहा, दिल्ली मैराथन इतने बड़े स्तर तक पहुंच गई है, हम सभी के लिए इसे देखना काफी रोमांचक भरा क्षण है। पिछले कई वर्षों में दिल्ली हाफ मैराथन तेजी से लोकप्रिय हो रही है और तड़के 40,000 लोग दिल्ली की सड़कों पर दौड़े। उन्होंने कहा, हम भारतीय भी अब इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और आज की मैराथन देखी, इसमें हमारे भारतीय मैराथन धावक अंतरराष्ट्रीय धावकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दौड़ रहे थे। निश्चित रूप से मैं वृद्ध, दिव्यांगों और बच्चों


## ई–निविदा प्रेस सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यकारी अभियंता, सिविल मंडल–4, सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, एल एम बंध, कार्यालय परिसर, शास्त्री नगर, दिल्ली 31 कार्य के लिए सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण विभाग से पंजीकृत अनुमोदित एवं पात्र ठेकेदारों से आनलाईन प्रतिशत दर दिनांक 24.10.2019 तक अपराह्न 3:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं।

एच.ओ.ए.: ट्रॉस यमूना एरिया डिवलमेन्ट बोर्ड
1 एन आई टी न0 145/ईई/सी डी–4/ईई/आई एफ सी/2019–20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_182160_1)
कार्य का नामः सीलमपुर विधान सभा क्षेत्र (एसी–65) शास्त्री पार्क कलोनी में ई और एफ ब्लाक की क्षतिपुर्ति गलियों सुधार का कार्य। अनुमानित लागत 84,74,046/– धरोहर राशि रू 1,69,481,120/– समापन की अवधि 100 दिन।

एच.ओ.ए.: ट्रॉस यमूना एरिया डिवलमेन्ट बोर्ड
2 एन आई टी न0 146/ईई/ सी डी–4/ईई/आई एफ सी/2019–20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_182157_1)
कार्य का नामः सीलमपुर विधान सभा क्षेत्र एसी–65 चौहान बुंकर वार्ड नं0 41 ई (शेष) क्षतिपुर्ति गलियों का सुधार का कार्य। अनुमानित लागत 88,58,040/– धरोहर राशि रू 1,77,161/– समापन की अवधि 100 दिन।

एच.ओ.ए.: ट्रॉस यमूना एरिया डिवलमेन्ट बोर्ड
3 एन आई टी न0 147/ईई/सी डी–4/ईई/आई एफ सी/2019–20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_182152_1)
कार्य का नामः गांधी नगर विधान सभा क्षेत्र (एसी–61) में राज गढ़ कलोनी में मिनी स्टेडियम की मरम्मत का कार्य। अनुमानित लागत 56,04,457/– धरोहर राशि रू 1,12,089/– समापन की अवधि 120 दिन।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेन्ट
4 एन आई टी न0 148/ईई/सी डी–4/ईई/आई एफ सी/2019–20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_182164_1)
कार्य का नामः मुस्तफाबाद विधान सभा क्षेत्र (एसी–69) गली नं. 4, सी ब्लाक बिजपरी पर साइड ड्रैन की गलियों का सुधार का कार्य। अनुमानित लागत 10,07,854/– धरोहर राशि रू 21,157/–समापन की अवधि 45 दिन।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेन्ट
5 एन आई टी न0 149/ईई/सी डी–4/ईई/आई एफ सी/2019–20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_182161_1)
कार्य का नामः मुस्ताफाबाद विधान सभा क्षेत्र एसी–69 में प्रतिचिन्हित साइनज बोर्ड प्रदान और लगाने का कार्य। अनुमानित लागत 71,12,254/– धरोहर राशि रू 1,422,45/– समापन की अवधि 120 दिन।

एच.ओ.ए.: एमएलएएलएडी फंडस् अंडर डिपार्टमेंन्ट ओफ डिवलमेन्ट
6 एन आई टी न0 150/ईई/सी डी–4/ईई/आई एफ सी/2019–20 (आई डी न0 2018_आई एफ सी_182172_1)
कार्य का नामः विधान सभा क्षेत्र एसी–67 वैस्ट ज्योति नगर में ब्लाक से पहुँच रोड पर सी सी रोड साइड ड्रैन की गलियों का सुधार का कार्य। अनुमानित लागत 14,38,610/– धरोहर राशि रू 28,771/– समापन की अवधि 60 दिन।

नोटः–
1) ठेकेदारों की सूचीबद्धता निविदा खुलने की अन्तिम तिथि को वैध होनी चाहिए अगर निविदा खोलने की तिथि आगे बढाई जाती है तो उसी वैधता तारीख निविदा खुलने वाले दिन तक समझी जायेगी।
2) निम्नलिखित की प्रतियाँ भी ई निविदा पर डालना अनिवार्य है।
1 जीएसटी पंजीकरण की छाया प्रति अप टू डैटुफाईल रिटैन प्रुफ।
2 पंजीकरण की छाया प्रति उपयुक्त वर्ग में।
3 धरोहर राशि की छाया प्रति।
4 ईएसआईसी/ईपीएफओ पंजीकरण की छाया प्रति।
5 पेन न0/स्थायी खाता संख्या की छाया प्रति।
6 वैध फोन न0 वटसप न0/मेल/की छाया प्रति।
3) धरोहर राशि डीडी/एफडीआर के रूप में जो कि देय होगी ई ई. सी डी–4 के संदर्भ में निविदा खोलने के 3.00 बजे तक भौतिक रूप में कार्यालय ई ई. सी डी–4 जमा की जायेगी। यदि धरोहर राशि भौतिक रूप में कार्यालय ई ई. सी डी –4 जमा की जायेगी। यदि धरोहर राशि भौतिक रूप से जमा नही की गयी तो निविदा रद्द समझी जायेगी। उपरोक्त उल्लेखित कार्य का विवरण वेबसाईट http://govtprocurement.delhi.gov.in से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।
4) निविदा दस्ती जमा नहीं की जाएगी। केवल निविदा वेबसाईट ई प्रोक्योरमेन्ट पर अपलोड की हुई मान्य है।

हस्ता/–
कार्यकारी अभियंता, सी डी–4
DIP/Shabdarth/0875/19-20


## यूएई ने आयरलैंड को हराकर वापसी की

### ● आईसीसी टी20 विश्व कप 2020 के क्वालीफाईंग टूर्नामेंट

अबुधाबी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अपने तीन खिलाड़ियों के भ्रष्टाचार के आरोप के कारण बाहर होने के बावजूद रोहन मुस्तफा के आलराउंड खेल के दम पर आईसीसी टी20 विश्व कप 2020 के क्वालीफाईंग टूर्नामेंट में शनिवार को यहां आयरलैंड को पांच विकेट से हराकर उलटफेर किया। यूएई अपने पहले मैच में ओमान से हार गया था। वह दूसरे मैच में कप्तान मोहम्मद नावीद, बल्लेबाज शैमान अनवर और तेज गेंदबाज कादीर अहमद के बिना उतरा था जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। टूर्नामेंट में भाग ले रही टीमों में आयरलैंड ही एकमात्र टीम है जिसे टेस्ट दर्जा हासिल है। आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने 58 गेंदों पर 72 रन बनाए लेकिन कोई भी अन्य बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे पाया और उसकी टीम 20 ओवरों में 125 रन पर आउट हो गई। आफ स्पिन आलराउंडर मुस्तफा ने 18 रन देकर चार विकेट लिए। इसके बाद मुस्तफा ने 16 गेंदों पर 39 रन बनाकर यूएई को शानदार शुरुआत दिलाई। डेरिस डिसिल्वा (29) और मोहम्मद उस्मान (29) ने भी अच्छी पारियां खेली जिससे यूएई ने 17 ओवर में 129 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस टूर्नामेंट में 14 देश भाग ले रहे हैं। अगले साल आस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व टी20 के लिए इनमें से छह देश क्वालीफाई करेंगे। इससे पहले नाईजीरिया को जर्सी के हाथों 69 रन से हार का सामना करना पड़ा। स्काटलैंड ने पहले मैच में सिंगापुर से हार से उबरकर दुबई में खेले गए मैच में कीनिया को 31 रन से हराया।

## दीप कुमार ओपन वर्ग में चैंपियन बने

**लखनऊ।** दीप कुमार सिंह ने शिवानी कप संडे ओपन प्राइजमनी चेस टूर्नामेंट में ओपन वर्ग के चैंपियन बने। वहीं आयु वर्गो में प्रणव रस्तोगी, अक्षत अभिनव व अक्षत भटनागर चैंपियन बने। ओपन वर्ग के पांचवें व अंतिम राउंड के बाद दीपक कुमार सिंह व अनुज यादव के समान पांच-पांच अंक रहे लेकिन टाईब्रेक स्कोर के चलते दीप पहले व अनुज दूसरे स्थान पर रहे। अंडर-7 में प्रणव रस्तोगी पहले व जयदीप राय दूसरे स्थान पर रहे। अंडर-10 में अक्षत अभिनव पहले, आरिज हुसैन दूसरे व ओजस्व तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-16 में अक्षत भटनागर शीर्ष स्थान पर रहे।

## कुहू–ध्रुव की जोड़ी को मिश्रित युगल खिताब

### ● मिस्र टूर्नामेंट

एजेंसी। नई दिल्ली

कुहू गर्ग और ध्रुव रावत की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने रविवार को काहिरा में मिस्र इंटरनेशनल 2019 का खिताब जीत लिया। कुहू और रावत की गैरवरीय जोड़ी ने आल इंडिया फाइनल में उत्कर्ष आरोड़ा और करिश्मा वाडकर की तीसरी वरीय जोड़ी को 21–16, 22–20 से हराया। कुहू को हालांकि महिला युगल फाइनल में संयोगिता घोरपड़े के साथ हार का सामना पड़ा। इस जोड़ी को फाइनल में सिमरन सिंघी और रितिका ठाकेर की एक अन्य तीसरी वरीय जोड़ी ने 21–16, 19–21, 21–19 से हराया। इस बीच दुबई इंटरनेशल चैलेंज में रितुपर्णा दास को जापान की दुनिया की 208वें नंबर की खिलाड़ी माको उरुशिजाकी के खिलाफ 36 मिनट में 21–23, 17–21 से हार झेलनी पड़ी।

## अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब फाइनल में

**लखनऊ।** अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने हरी सिंह क्रिकेट क्लब, गाजियाबाद को चार विकेट से हराकर आल इंडिया स्पोर्ट्स गैलेक्सी ट्राफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जयपुरिया ग्राउंड में खेले गए सेमीफाइनल में हरी सिंह क्रिकेट क्लब ने पहले बैटिंग करके 23.3 ओवर में केवल 46 रन बनाए। आर्यन कपूर ने 13 और अमन गुरनानी ने 11 रन का योगदान दिया। अक्षदीप नाथ ने चार, संदीप यादव ने तीन और विपिन चन्द्रा ने दो विकेट प्राप्त किए। जवाब में अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने 17.1 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 47 रन बनाकर चार विकेट से मैच जीत लिया। उपेन्द्र यादव ने नाबाद 17 रन बनाए। अभिषेक ने चार औ मुकेश यादव ने दो विकेट लिया।

# शौर्य व ओम यादव और यती व शगुन युगल चैंपियन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एल्डिको कप आइटा चैंपियनशिप में लड़कों का डबल फाइनल शौर्य व ओम यादव व लड़कियों का फाइनल यती व शगुन ने जीत लिया। लामर्टीनियर के एसडीएस एकेडमी में बालकों अंडर–16 के खिताबी मुकाबले में शौर्या सिंह व ओम यादव ने सिद्धार्थ यादव व अंशुमान सिंह को हराया। बालिका फाइनल में यती सिंह व शगुन कुमारी ने सासा कटियार व सान्वी मौर्या को 6–2, 6–3 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

## ''बाबू'' स्मारक आमंत्रण पुरूष हाकी 20 से

**लखनऊ।** खेल विभाग के तत्वाधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ द्वारा 39वीं अखिल भारतीय केडीसिंह ''बाबू'' स्मारक आमंत्रण पुरूष हाकी प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 25 अक्टूबर, तक पद्मश्री मो.शाहिद हाकी सिन्थेटिक स्टेडियम, विजयन्तखण्ड गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। जिसमें देश की जानी मानी 12 टीमें प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन आरपी सिंह, निदेशक खेल, करेंगे।

## एसएसएस लीगल की जीत

**लखनऊ।** मैन ऑफ़द मैच अब्दुल्लाह नाबाद 80 रन के अर्धशतक से एसएसएस लीगल ने डे ग्लोब पार्क ट्विन ट्राफी टी20 कारपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में सुपर क्रिकेट क्लब को रोमांचक मैच में 4 रन से हराया।

चौक स्टेडियम में एसएसएस लीगल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट गंवाकर 177 रन बनाए। सुपर क्लब से समी व सुरेंद्र सिंह ने दो–दो विकेट चटकाए। जवाब में सुपर क्रिकेट क्लब मो.जीशान सफ ीक–47, समी 39, व अभिलाष पाण्डेय 26 की पारियों के बावजूद निर्धारित ओवर में 9 विकेट गंवाकर 173 रन ही बना सका। एसएसएस लीगल से गगन मेहता ने तीन जबकि सत्यभान सिंह व अनिल गौतम ने दो.दो विकेट चटकाए।

## लाइफकेयर की जीत में चमके अविश व विवेक

चौक स्टेडियम पर ही दूसरे मैच में मैन ऑफ़द मैच अविश शुक्ला 4 विकेट व व विवेक पठानिया दो विकेट की गेंदबाजी से लाइफकेयर इलेवन ने ट्रिपल नाइन को 73 रन से हराया। लाइफ केयर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक मिश्रा 41, श्याम नारायण 34, व आदिल पाशा 24 की पारियों से आठ विकेट गंवाकर 167 रन बनाए। ट्रिपल नाइन क्लब से नितिन यादवए अनिल सिंह व ओम प्रकाश ने दो–दो विकेट चटकाए। जवाब में ट्रिपल नाइन क्लब लक्ष्य का पीछा करते हुए 12.5 ओवर में 94 रन ही बना सका। टीम से सुनील चैहान 33 व दीपक सिंह 23 ही टिक कर खेल सके।

## शिया व क्रिश्चियन कालेज क्वॉटर फाइनल में



**लखनऊ।** सीबी गुप्ता अमित सिंह चौहान ट्राफ क्रिकेट के प्रीक्वार्टर में शिया कालेज ने जेएनपीजीसी को 21 रनों व क्रिश्चियन कालेज ने बीएसएनवी को 4 विकेट से हराकर क्वॉटर फाइनल में जगह बनाइ।

पहले मैच पहले खेलते हुए शिया ने 199 रन बनाए। हसन ने 110, निखिल–41 व शाद ने 22 रन बनाए। विकास व हर्षित ने 3–3 विकेट लिए।

जवाब में उतरी जेएनपीजी की टीम 178 रन पर ढेर हो गई। विकास दीप–53 व जितेंद्र ने 31 रन बनाए। मुर्तजा व शाद ने 2–2 विकेट लिया। दूसरे मैच में पहले खेलते हुए बीएसएनवी ने 78 रन जोड़े। प्रियांशु–20 व अविरल ने 18 रन बनाए। रवि ने 3 व रोहित ने 2 विकेट लिए। जवाब में उतरी क्रिश्चियन कालेज ने रोहित–29 व वैभव के 18 रन की मदद से जीत प्राप्त की। हर्षित ने 3 व अभिषेक ने 2 विकेट लिए।

## गाजियाबाद सेमीफाइनल में

**लखनऊ।** स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट के क्वार्टरफाइनल में हरिसिंह क्रिकेट क्लब गाजियाबाद ने इलाहाबाद को 28 रनों से हरा दिया। पहले खेलते हुए गाजियाबाद ने 198 रन बनाए। प्रगम–31, पुरु–72 व अभिषेक ने 44 रन बनाए। ध्रुव ने 5 व अम्बेकेश्वर ने 2 विकेट लिया। जवाब में उतरी इलाहाबाद की टीम 170 रन बना सकी। मुकेश ने 3 जबकि हर्षित, सिद्धांत व प्रगम ने 2–2 विकेट लिया। यादवेंद्र–42, अमर–38 व यश ने 24 रन जोड़े।

## लखनऊ रेंजस चमका

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे स्टेडियम चारबाग लखनऊ में आयोजित द्वितीय सरदार पटेल टी–20 कारपोरेट क्रिकेट टूर्नामेन्ट का शुभारम्भ चैम्पियन इलेक्ट्रीकल एण्ड इंडस्ट्री के प्रोपाइटर एसके अग्रवाल ने किया।

बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ हंटर्स की टीम ने 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 151 रन बनाये। सुफ्यिान ने 83 रन व यासीन ने 16 तथा फखरू ज़मा ने 14 रनों का योगदान किया । रामप्रकाश ने ग तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ रेंजर्स की टीम ने 6 विकेट खोकर 153 रन बनाकर 04 विकेट से जीत दर्ज़ की। हिमांशु ने 30 , रामप्रकाश ने 48 रन एवं राशिद ने 17 रनों का योगदान दिया ।

## हौसला स्पेशल गेम्स 22 से

**लखनऊ।** सरस्वती एजुकेशनल फांउण्डेशन पांचवीं बार राज्य स्तरीय हौसला् स्पेशल गेम्स का आयोजन 22 व 23 अक्टूबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में करेगा।।

इसमें एथलेटिक्स, बोची और पावर लिफ्टिंग खेल की प्रतियोगिताएं होंगी। पहली बार प्रयोग के तौर पर रोलर स्केटिंग खेल को भी शामिल किया जा रहा है।

मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह होंगे।

## शर्मिला नियोगी टी-20 कॉरपोरेट क्रिकेट

**लखनऊ।** मैन ऑफ़ द मैच जमाल–40 रन, तीन विकेट के हरफ नमौला प्रदर्शन से अपना वर्ल्ड ने सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमीए बख्शी का तालाब के तत्वावधान में खेली जा रही शर्मिला नियोगी टी.20 कॉरपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता में तूलिका आर्ट को 94 रन से हराया। सीएसडी सहारा मैदान में खेले गए मैच में अपना वर्ल्ड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जमाल 40,योगेश जोशी नाबाद 33, व नवीन 32 की पारियों से निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 163 रन बनाए। तूलिका आर्ट से गुरमीत व इरशाद ने दो.दो विकेट चटकाए। जवाब में तूलिका आर्ट लक्ष्य का पीछा करते हुए 12ण्5 ओवर में 69 रन ही बना सका। टीम से आयुष ;30द्ध ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। अपना वर्ल्ड से जमाल ने तीन व सन्नी ने दो विकेट चटकाए।

## स्पोर्ट्स हास्टल एकादश को मिली करारी हार

### ● बाबू आमंत्रण प्राइजमनी हाकी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मो. शाहिद हाकी स्टेडियम में रविवार से शुरू अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू आमंत्रण प्राइजमनी हाकी प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स हास्टल एकादश को सेंट्रल सेक्रेट्रीएट दिल्ली के हाथों 3–0 गोल से हार का सामना करना पड़ा। खेल के पांचवें मिनट में सेंट्रल सेक्रेट्रीएट के गुणाशेखर ने पेनाल्टी कार्नर के जरिए गोल करके अपनी टीम को 1–0 की बढ़त दिला दी।



# मनमोहन भार्गव ने जीता दूसरा स्वर्ण पदक

### ● मेजबान खिलाड़ियों ने दूसरे दिन जीते 7 स्वर्ण, 4 रजत, छह कांस्य

### ● 16वीं मास्टर्स नेशनल पुरुष व महिला एक्वेटिक चैंपियनशिप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



16वीं मास्टर्स नेशनल पुरुष व महिला, एक्वेटिक चैंपियनशिप के दूसरे दिन गोताखोरी की विभिन्न स्पर्धाओं में दिग्गज खिलाड़ियों ने अपना जलवा दिखाया। वहीं मनमोहन भार्गव ने तरणताल में कमाल दिखाते हुए अपना दूसरा स्वर्ण पदक पुरुष ग्रुप 80ए 100 मी.ब्रेस्ट स्ट्रोक के साथ कांस्य पदक पुरुष ग्रुप 80, 50 मी.फ्रीस्टाइल भी जीता।

भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्र सरोजनीनगर में तैराकी के मुकाबलों में भी खिलाड़ियों ने हाथ दिखाए। दूसरे दिन यूपी के खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण, 4 रजत, छह कांस्य पदक जीते। इसी के साथ यूपी के खातें में अब तक 11 स्वर्ण, 11 रजत व 16 कांस्य सहित कुल 38 पदक हो गए है। आज 100 मी.ब्रेस्ट स्ट्रोक पुरुष ग्रुप 80, में मनमोहन भार्गव व 100 मी.ब्रेस्ट स्ट्रोक महिला ग्रुप 50, अंजली जायसवाल ने स्वर्ण पदक जीते। 50 मी.फ्रीस्टाइल ;पुरुष ग्रुप 80 में लखन लाल अरोरा, 100 मी.बैक स्ट्रोक में पुरुष ग्रुप 75, में इंद्र दत्त शर्मा व 100 मी.बैक स्ट्रोक में महिला ग्रुप 25 में लक्ष्मी निषाद ने रजत पदक जीते। कांस्य पदक विजेताओ में 50 मी.फ्रीस्टाइल पुरुष ग्रुप 80, में मनमोहन भार्गव, 50 मी.फ्रीस्टाइल, पुरुष ग्रुप 65, में जगदीश सिंह दीक्षित, 50 मी.फ्र ीस्टाइल ,महिला ग्रुप 30 में ज्योति निषाद, 100 मी.बैक स्ट्रोक में पुरुष ग्रुप 65, में प्रकाश अवस्थी,100 मी.बैक स्ट्रोक में महिला ग्रुप 50 में अंजली जायसवालए 100 मी ब्रेस्ट स्ट्रोक पुरुष ग्रुप 30 में अनुभव मिश्रा ने कांस्य पदक जीते।

**डाइविंग में यूपी की गरिमा कपूर ने जीता दूसरा स्वर्ण पदक**

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में आज दूसरे दिन हुई हाईबोर्ड डाइविंग की स्पर्धा में यूपी के लिए गरिमा कपूर ने दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

**80 साल से ज्यादा उम्र के वेटरन दिग्गज वेटरन हुए सम्मानित**

भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्रए सरोजनीनगर में आयोजित एक सम्मान समारोह में चैंपियनशिप में भाग लेने वाले 80 साल से ज्यादा उम्र के वेटरन खिलाड़ियों को आज दूसरे दिन प्रोग्राम में यूपी स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से सम्मानित किया गया। इन दिग्गजों को मुख्य अतिथि प्रोफेसर आलोक धवन निदेशक, आईआईटीआर व कर्नल प्रभात रंजन ने सम्मानित किया। प्रोफेसर आलोक धवन ने कहा कि उम्र के इस पड़ाव पर इन लोगों ने जो कमाल दिखाया हैए उससे आज की युवा पीढ़ी को सीखने की दरकार है। आज सम्मानित होने वाले 80 साल से ज्यादा उम्र के दिग्गज इस प्रकार हैंः मनमोहन भार्गव 81 साल,लखन लाल अरोरा ,80 सालए यूपी,भगवती मनवंतरम 83 साल, गुजरात,विश्वनाथ बेहरे ,84 सालए गुजरात,दुलाल कुमार गुकंडू ,82 साल पश्चिम बंगाल, रामकृष्ण अरांके 88 साल, महाराष्ट, अनंत जोग 89 साल, महाराष्ट्र, राम कंवर सांगवान, 81 सालए हरियाणा, मुथु कुमारस्वामी 83 साल, तमिलनाडु, मनबीर सिंह मलिक ,80 साल दिल्ली, दयानंद शर्मा 80 सालए दिल्ली, ओम सेठ 84 साल तेलंगाना।

# नंबर महत्व नहीं रखते



### जास्मिन गांधी का कहना है कि नंबरों के प्रतिशत पर एकमात्र जोर देने के बजाय संस्थानों को छात्रों के चरित्र निर्माण पर जोर देना चाहिए



कोई बता सकता है कि फलां छात्र अ इंटेलीजेंट है क्योंकि वह एक अद्भुत लेखक है, और फलां छात्र ब आपके द्वारा दिए गए किसी भी गणित के प्रश्न को हल कर सकता है। हालांकि, छात्र स के बारे में यह शर्मनाक है। वह बहुत शानदार कलाकार है लेकिन वह बहुत बुद्धिमान नहीं है। और छात्र द हर किसी के साथ रहता है लेकिन बहुत स्मार्ट नहीं है। दुर्भाग्यवश, समझदार की यह संकीर्ण परिभाषा अक्सर स्कूलों में भी सुनाई देती है। क्योंकि हम तयशुदा परीक्षा अंकों पर जोर देते हैं, हम उन क्षेत्रों में सफलता सिखाते व लागू करते हैं जो विषय आधारित परीक्षाएं होती है। हालांकि, हम जिस प्रकार समझदारी को परिभाषित करते हैं वो उस बात का दार्शनिक वक्तव्य बन जाती है जिसे हम शिक्षा में महत्व देते हैं।

सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक, आध्यात्मिक एवं परिप्रेक्ष्यों से ज्ञान अवधारणा की जटिलताओं के जरिए शैक्षणिक प्रक्रिया हमारा मार्गदर्शन करती है और आलोचनात्मक, विश्लेष्णात्मक, रचनात्मक मूर्त व अमूर्त चिंतन प्रक्रिया के विभिन्न तरीकों के माध्यम से समझदारी बनाती है।

हालिया वर्षों में, प्राइमरी स्कूल से लेकर शिक्षा के प्रत्येक दायरे में व उससे परे चरित्र निर्माण पर जोर दिया गया है। अच्छे मूल्योंव जीवन की उदार योग्यताओं व क्षमताओं वाले छात्र उत्पन्न करना शिक्षण के एक महत्वपूर्ण लक्ष्य के रूप में परिभाषित है। व्यवहार में, पाठ्यक्रम की पाबंदियों के अनुपालन के साथ ही साथ चरित्र निर्माण अभ्यासों दोनों में सहायता प्रदान करना न केवल चुनौतीपूर्ण है बल्कि स्कूलों के लिए तनी हुई रस्सी पर चलने जैसा है। एक पक्ष अक्सर हाशिए पर रह जाता है और असंतुलन से निपटने का कोई स्पष्ट तरीका नहीं है।

जोसेफसन इंस्टीट्यूट आफ इथिक्स द्वारा विकसित चरित्र के छह स्तंभों जैसे, चरित्र निर्माण करने वाले प्रारूप, हमारी समझ बढ़ाने में सहायता करते हैं कि छात्रों में चरित्र निर्माण पर विचार करते समय कहां से शुरुआत करें। ये छह स्तंभ हैं विश्वसनीयता, सम्मान, जिम्मेदारी, ईमानदारी, परवाह एवं नागरिकता जो उन कुछ मुख्य चरित्र मानकों को कवर करती है जो सैद्धांतिक रूप से छात्र को सुशिक्षित बनाती है।

बीसवीं सदी में, इंसानी अंतरों की व्याख्यायित करने तथा उनके इर्दगिर्द शैक्षणिक मॉडल डिजाइन करने की कोशिश में दो महान सिद्धांतों को सामने लाया गया है। शिक्षण शैली सिद्धांत की मनोविश्लेषणात्मक समुदाय में अपनी जड़ें होती हैं और वह उस संज्ञेय विज्ञान का फल है जो न केवल विषय व्यापकता पर जोर देता है बल्कि व्यक्तित्व विकास पर भी जोर देता है। शिक्षण शैली के सिद्धांतकार मानते हैं कि शिक्षण एक वैयक्तिक, विचार एवं भावना के व्यक्तिगत कार्य का परिणाम है जिसमें सीखने वाला शिक्षण में दर्शायी छवियों की तलाश करता है- नए विचारों को गढ़ने के भावों व भावनाओं का उपयोग करता है और इसकी मौलिकता, सौंदर्यबोध, चकित या आनंद की क्षमता के अनुसार शिक्षण प्रक्रिया का पूर्वानुमान करता है तथा चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों के साथ निपटने की योग्यता प्राप्त करता है। इंसान में अच्छे चरित्र के गुण डाले बगैर, शिक्षा एक बंधन बन जाती है, भक्त लोगों का शोषण करने का औजार बन जाती है। शिक्षा के लाभ, जो इंसानों को उनके कष्टों से मुक्त करने के लिए होते हैं, बेमानी हो जाएंगे और असलियत में, दुनिया एक बदतर स्थान बन सकती है। अपनी शिक्षा प्रणाली में वर्तमान जोर सिर्फ शैक्षणिक उपलब्धि सुधारना है। हालांकि शिक्षा उन मशीनी प्रक्रिया से कहीं ज्यादा बढ़कर है जो अकादमिक प्रदर्शन को अधिक से अधिक करने के साथ अपनी सर्वोच्च अवस्था प्राप्त करती है। एक शिक्षित व्यक्ति बनने के लिए परीक्षा सफलता एक अनिवार्य मगर पर्याप्त शर्त नहीं है। इंसानों के रूप में, हम मशीनें नहीं, बल्कि हाड़ मांस के साथ, विशाल मन, तन, भावनाओं व आत्मा युक्त हैं।

> “अच्छे नंबरों का पीछा करने की प्रक्रिया में हम भावनात्मक समझदारी, सामाजिक योग्यताओं व शिक्षा के अन्य पहलुओं को भूल जाते हैं। हमारा उद्देश्य तो यह है कि छात्र का सर्वांगीण विकास हो, न कि उन्हें बस डिग्रियां हासिल करने के काबिल बनाना है।

अंत में, यह कहना सच होगा कि अवधारणाएं सीखना व समझना नंबर पाने की चूहा दौड़ की तुलना में कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। असलियत में, अच्छे नंबरों का पीछा करने की प्रक्रिया में हम भावनात्मक समझदारी, सामाजिक योग्यताओं व शिक्षा के अन्य पहलुओं को भूल जाते हैं। हमारा उद्देश्य तो यह है कि छात्र का सर्वांगीण विकास हो, न कि उन्हें बस डिग्रियां हासिल करने के काबिल बनाना है।

युवाओं के लिए स्कूल परीक्षा पास की डिग्रियों के साथ बाहर आना और स्कूलों के इस कार्य के लिए अपनी पीठ थपथपाना काफी नहीं है, यह सोचते हुए कि बाक्स पर टिक किया गया है और काम खत्म। यह समूची शिक्षा यात्रा का केवल एक भाग है। तैयार उत्पाद के रूप में विकसित करने के लिए परिवारों की भूमिका प्रमुख होती है। अकादमिक उपलब्धि और परीक्षा सफलता कभी भी बच्चों, अभिभावकों, समाज व राष्ट्र के प्रति स्कूलों की ठोस नैतिक जिम्मेदारी संबंधी कथा के एक हिस्से से बढ़कर नहीं हो सकते हैं।

लेखक बिलाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल, नोएगा के निर्देशक हैं।

## स्कॉलरशिप




### युनिवर्सिटी आफ स्ट्रेथक्लाइड, ग्लासगो




के फैकल्टी आफ इंजीनियरिंग के पास जनवरी 2020 में शुरू हो रहे इंडस्ट्री प्रोग्राम के साथ सिविल इंजीनियरिंग में एमएससी करने के लिए उत्कृष्ट अकादमिक योग्यता वाले नए स्व वित्तपोषित, अंतर्राष्ट्रीय (गैर यूरोपीय) फीस का भुगतान करने वाले छात्रों के लिए अनेक स्कालरशिप उपलब्ध हैं।

**स्कालरशिप धनराशि:** 3000 पाऊंड तक।

**अवधि:** एक वर्ष।

**योग्यता:** स्कालरशिप इंडस्ट्री के साथ सिविल इंजीनियरिंग में एमएसी की पढ़ाई का प्रस्ताव पाने वाले सभी स्व वित्तपोषित, नयी अंतर्राष्ट्रीय फीस का भुगतान करने वाले छात्रों के आवेदन के लिए उपलब्ध है। आपको जनवरी 2020 में अपनी पूर्णकालिक एमएससी की पढ़ाई आरंभ करनी होगी। आवेदक के पास विचार हेतु न्यूनतम 2:1 या समकक्ष योग्यता अपनी अंडरग्रेजुएट डिग्री होनी चाहिए।

अधिक जानकारी के लिए: https://www.strath.ac.uk/studywith-us/scholarships/engineeringscholarships/facultyofengineeringexcellence पर जाएं।

या eng-scholarships@strath.ac.uk पते पर संपर्क कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि:** 17 जनवरी, 2020।

### सेंट्रल यूरोपियन युनिवर्सिटी



पूर्णतया वित्तपोषित डाक्टोरल स्कालरशिप, हंगरी में सेंट्रल यूरोपियन युनिवर्सिटी द्वारा संचालित की जाती है। यह शैक्षणिक कार्यक्रम उत्कृष्ट विदेशी छात्रों के लिए खुला है जो अकादमिक वर्ष 2020–21 के लिए डाक्टोरल डिग्री कोर्सवर्क की पढ़ाई करना चाहते हैं।

**स्कालरशिप धनराशि:** 1,350 पाऊंड तक।

**योग्यता:** यह ग्रांट पर विचार किए जाने हेतु, आवेदकों के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या उच्च शिक्षा संस्थान से संबंधित विषय में मास्टर या समकक्ष डिग्री होना आवश्यक है या उन्हें ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे जो इंगित करते हों कि वे सीईयू डाक्टोरल कोर्स में पढ़ाई में पंजीकरण कराने से पहले ऐसी डिग्री अर्जित कर लेंगे।

**सहायक दस्तावेज:** अकादमिक लेखन प्रस्तुति, अनुशंसा प्रत्र, अकादमिक रिकार्डस, बायोडाटा जमा करना आवश्यक है।

**प्रवेश शर्तें :** प्रवेश के लिए, आवेदकों के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या उच्च शिक्षा संस्थान से संबंधित विषय में मास्टर या समकक्ष डिग्री होना आवश्यक है।

**भाषा शर्तें:** आपको समस्त अंग्रेजी भाषा आवश्यकताओं को जांच लेना चाहिए जब आप सेंट्रल यूरोपियन युनिवर्सिटी में पढ़ने के लिए आते हैं।

**आवेदन कैसे करें:** ग्रांट के लिए आनलाईन आवेदन प्रणाली का उपयोग करें।

**आवेदन की अंतिम तिथि:** आवेदन की अंतिम तिथि 30 जनवरी, 2020 है।

# सच्चे नेता की वेशभूषा है विनम्रता

### एक नेता बनने के लिए, उन लोगों पर प्रभाव डालना महत्वपूर्ण है जिनसे आप मिलते हैं। डॉ. विक्रम ए मुंशी कहते हैं कि विनम्र होना पेशेवर जीवन में बहुत आगे जाने की कुंजी है-



**डॉ. विक्रम ए मुंशी**
फाउंडर, व्हाइटस्पेस कंसलटिंग एंड केपेबिलिटी बिल्डिंग

क्या नेतृत्व के लिए कोई ड्रेस कोड होता है? यदि हां, तो आपके मन में क्या आता है? क्या यह एक तीखा यूनीसेक्स बिजनेस सूट या खुली शर्ट, साड़ी या यहां तक कि जींस और एक बंद गले वाला काला वस्त्र है? ये इंसानी काया का बाह्य आवरण हैं, जो तन को प्रस्तुतियोग्य एवं अपने वातावरण में स्वीकार्य बनाते हैं।

हम जिस विषय पर चर्चा कर रहे हैं वो है लीडरशिप की पैकेजिंग जो इसे प्रस्तुतियोग्य व स्वीकार्य बनाती है। एक कंसलटेंट व कोच के रूप में, मैं विभिन्न भूमिकाओं व दायित्वों वाले लोगों से मिलता हूं। सीएक्सओ, वाइसप्रेसीडेंट, जूनियर मैनेजरों, बिजनेस प्रमुखों, चपरासियों, एक्जीक्यूटिव सहयोगियों से मिलकर, मैं उन लोगों में जो लीडर बनना चाह रहे हैं, लीडरों में दिखने वाले आचरणगत लक्षणों से जुड़ने का प्रयास करता हूं। पिछले पच्चीस सालों के इन आंकलनों व संवादों के आधार पर लीडरशिप का ड्रेस कोड है- विनम्रता।

विनम्रता को चापलूसी मत समझें। यहां विनम्रता का संदर्भ घमंड न होने से है। घमंड रहित विनम्रता ही क्यों नेतृत्व की वेशभूषा संहिता होनी चाहिए और अखंडता व प्रतिस्पर्धा जैसे अन्य विशेषण नहीं?

घमंड सामाजिक अनुक्रम, ऊंच नीच, शिक्षा यहां तक सांगठनिक रूप से अज्ञेयवादी है। मेरे विचार से, घमंड तब आता है जब हम कोई चीज इतनी ज्यादा पा जाते हैं जितनी कि हमने कभी कल्पना तक की होती है। चाहे यह नया पदोन्नति प्राप्त बैंक क्लर्क होना हो या किसी निजी कंपनी का युवा तुर्क उपाध्यक्ष बन जाना हो, दोनों लीडरशिप के लिए शायद पहले से तैयार नहीं रहते। नम्रता न केवल इस स्व अवधारणा से उत्पन्न होती है कि व्यक्ति ने क्या हासिल किया है बल्कि इस अहसास से भी कि व्यक्ति की क्षमता, उस समय हासिल उपलब्धि से, कहीं अधिक है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण बात है और शुरुआत में, यह नम्रता की अवधारणा के विपरीत भी दिख सकता है लेकिन यही वो बिन्दू है जो नेताओं में नम्रता को एक प्रेरक शक्ति बनाता है।

एक नेता जो नम्रता प्रदर्शित करता है, यह इंगित करता है उसने अपने लिए उच्च लक्ष्य निर्धारित किए है और वह रुकने वाला नहीं है जब तक कि वे उसे हासिल नहीं कर लेते। यह उन्नत सोच नेता को ऐसा बनाएगी कि वह अपनी टीम को प्रगति की कहानी में साझीदार या सहयोगी के रूप में देखे। परिणामस्वरूप, दोनों, टीम और लीडर, प्रगति करेंगे।

लीडर या व्यक्ति, अगर घमंडी है जो यह टीम या संगठन के लिए अच्छी खबर नहीं है। लीडरशिप पर घमंड के दो प्रभाव पड़ते हैं। घमंड सीखने में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। घमंड आत्मसंतुष्टि का प्रकटन है और आत्मसंतुष्टि गतिरोध और पतन की पूर्वपीठिका है और न केवल स्वयं के लिए बल्कि पूरी टीम के लिए। दूसरा, हम सभी जानते हैं कि लीडर को अच्छा श्रोता होना चाहिए। लेकिन हमेशा तो नहीं मगर अक्सर आप देख सकते हैं कि एक असभ्य किस्म का नेता एक खराब श्रोता होता है।

दुर्भाग्यवश, बढ़ती महत्वाकांक्षाओं के दौर में, अधिकांश जगहों में, नम्रता घमंड व अहंकार की पिछली सीट पर चली जाती है। असभ्य किस्म के नेताओं को पहचानना आसान है। बस उन पर नजर रखें कि वे अपने से कमजोर या शक्तिशाली लोगों के साथ कैसा आचरण करते हैं, मसलन अपने कार्यालय में सुरक्षा गार्ड, पार्किंग के देखरेखकर्ता तथा रेस्टोरेंट में वेटर के साथ। सामाजिक कार्यक्रम में भी, आप इन असभ्य नेताओं को सर्वज्ञानी वाला नजरिया दिखाते देख लेंगे।


इस मौके पर, यह उल्लेख करना भी उचित है, कि घमंड और नम्रता व्यक्ति की औपचारिक पदवी या नेतृत्व के किसी भी आम सामान्य पैमानों से, जिनका कि हम उपयोग करते हैं, परे होते हैं। सीखने की इच्छा तथा कमजोर या शक्तिशाली लोगों के साथ आचरण नम्रता या घमंड के दो शक्तिशाली संकेतक बनते हैं।

नम्रता जो व्यक्ति के लिए निर्धारित उच्च मानदंडों व लक्ष्यों से खुराक पाती है तथा तारीख व यात्रा के लिए हुई प्रगति की आत्म-जागरुकता से पोषित होती है, शेष व्यक्तियों, टीमों, व संगठनों में बदलाव की एक शक्तिशाली संचालक शक्ति है।

आज की प्रतिस्पर्धी एवं बहुआयामी दुनिया में जहां आज की पीढ़ी तत्काल फायदा उठाने में विश्वास करती है, यह सुनिश्चित करना लाजिमी है कि आपके भीतर नम्रता बनी रहे जो दूरगामी स्तर पर सफलता के लिए नेतृत्व का ड्रेसकोर्ड है।

# ई-लर्निंग बाजार का बढ़ता आकार

## माइंड इट



पिछले दस सालों में, हमारे वैश्विक समाज के समस्त दायरों में अघोषित प्रगति हुई है। वे लोग जो वायस फोन पर एक दूसरे के साथ जुड़े रहते हैं, अब वीडियो काल्स, पर जुड़ सकते हैं, जो लोग किसी जानकारी को हासिल करने के लिए इनसायक्लोपीडिया पलटा करते थे, आज विकीपीडिया का उपयोग करते हैं। इंटरनेट सामग्री, कृत्रिम मेधा, रोबोटिक्स, नेनो तकनीक जैसे उन्नत तकनीकें न केवल तर्क आधारित रोजगार ले रही है, बल्कि उन्होंने रचनात्मक रोजगार बाजार को प्रभावित करना भी शुरू कर दिया है।

तकनीक उसी प्रकार बदल रही है जैसे हम सोचते हैं, काम करते हैं व समाज में रहते हैं। ये बदलाव हमारे चारों ओर इस गति से घटित हो रहे हैं कि हम कभी कल्पना नहीं कर सकते। एक तरफ, जहां तकनीक हमारी दुनिया को छोटा करती जा रही है, वहीं दूसरी ओर यह मानव मन का स्थान ले रही है, जो पहले कभी नहीं हुआ था। वे दिन दूर नहीं हैं जब मशीनें दुनिया पर राज करेंगी।

वैश्विक शिक्षा व्यवस्था का अस्तित्व और प्रासंगिकता- स्कूलों व कालेजों की- भयंकर संकट में है। पहले से सारी जानकारी अगली पीढ़ी को उनके तकनीकी मंचों पर उपलब्ध है, इसने मौजूदा शिक्षा प्रणाली और आज के समय में इसकी प्रासंगिकता पर बहस खड़ी कर दी है।

स्कूलों व कालेजों में अपनी कक्षाओं में भाग लेने के बावजूद, युवा पीढ़ी आज के समय में इंटरनेट से अपनी अकादमियों के लिए अधिकांश जानकारी एकत्रित कर रही है, और उनके शिक्षक भी ऐसा कर रहे हैं। ऐसे बच्चे हैं जिन्होंने अपने फेसबुक स्टेटस पर..... भाड़ में जाए स्कूल..... लिखा है, वे कई दिनों व सालों से स्कूल नहीं गए हैं, लेकिन बड़ी गेम कंपनियों के लिए गेम्स लिख रहे हैं। ऐसे बच्चे हैं जो छठी ग्रेड में पढ़ रहे हैं और पायथोन में एडवांस कोडिंग कर रहे हैं। वे यह सब कैसे कर रहे हैं? वे यह सब कहां से सीख रहे हैं?

यूट्यूब ने हाल में शिक्षा कथावस्तु के लिए 20 मिलियन डॉलर का फंड घोषित किया है, क्यों? यह इसलिए कि यूट्यूब प्रशिक्षण, शिक्षण व वैयक्तिक विकास के लिए सर्वाधिक उपयोग होने वाला तकनीकी मंच है। ऑनलाइन कोर्स धीरे धीरे पारंपरिक शैक्षणिक संस्थानों से बाजार हिस्सेदारी छीन रहे हैं।

भारत में ई-लर्निंग बाजार का आकार 2016 में 247 मिलियन डॉलर का था जिसके लगभग 1.6 मिलियन यूजर्स थे, इसके साल 2021 तक 9.6 मिलियन यूजर्स के साथ 1.96 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की संभावना है(स्रोत: वीसी सर्किल)। क्या आप अभी भी सोचते हैं कि हमें पूछना चाहिए कि यह नयी पीढ़ी कहां से सीख रही है?

हमारी मान्यता पद्धति अभी भी युवा मनों को पुराने रास्ते पर चलने के लिए बाध्य करती है। सरकारी शिक्षा नीतियां आगे की सोचने के बजाय, पीछे की ओर देख रही हैं और संस्कृति संरक्षण के नाम पर पुराने जमाने की शिक्षा पद्धति लागू करने के लिए अड़ी है। हमारे सर्वोत्तम तकनीकी कालेज नयी व समकालीन तकनीकी योग्यताओं वाले विद्वान पाने के लिए जूझ रहे हैं। कोर्स की संरचनाएं हमारे समाज में बदलावों के साथ मेल नहीं खा पा रही हैं। वे लोहे की रॉड में बंधी गांठ जैसी दिखती हैं। आप सर्वोत्तम भाग जानते हैं। युवा पीढ़ी बदलाव की प्रतीक्षा की परवाह नहीं करती है, क्योंकि वो स्वयं एक बदलाव है। वो जीवन में जो चाहती है उसे हासिल करने के लिए योग्यताएं व क्षमताएं हासिल करने में तेज है।

उनकी सर्वोत्तम दोस्त है तकनीक जो उन्हें सभी जानकारियों, योग्यताओं, प्रमाणपत्रों, विद्वानों व संबंधित करियर अवसरों तक पहुंच प्रदान करती है। इसने उन्हें सशक्त बनाया है और इसीलिए, स्कूल व कालेज जाने की आवश्यकता भी नीचे गिर रही है। स्कूल और कालेज जिनके आज के समय में सख्त दाखिला पैमान हैं, उन्हें भविष्य में अपने परिसर में छात्रों को पाने के लिए प्रयास करने होंगे।

यह आवश्यक समय है कि सरकार और संबंधित शिक्षा संस्थाओं को अपने ड्राइंग बोर्डों में वापस जाना चाहिए और भविष्योन्मुखी दृष्टि से समाज में होते बदलावों पर शोध करना चाहिए। उन बदलावों पर, जो तकनीक समाज में ला रही है, पर विचार होना चाहिए और नए कार्यक्षेत्रों की खोज करने में अगली पीढ़ी का समर्थन किया जाना चाहिए, और यह न केवल अपनी पसंद की योग्यताएं व क्षमताएं हासिल करने के लिए बल्कि कुछ इस ढंग से राहत प्रदान करने के लिए जो उसे पसंद हो या जो वह करना चाहती हो।

हम सभी को अपने समाज में हो रहे बदलावों के साथ कदम मिलाकर चलना सीखना होगा वर्ना हम पीछे छूट जाएंगे। इस लोहे की रॉड में पड़ी गांठ को खोलना लाजिमी आवश्यकता है वर्ना, यह जंग खा जाएगी और किसी भी भावी उपयोग के लिए अप्रासंगिक हो जाएगी।

– लेखक अचला शर्मा, कोर पीलर्स: ए जर्नी टू ये कोर की लेखक तथा प्रशिक्षक व वक्ता हैं।